डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2021-2023
लाइसेंस क्र. WPP/Tech/23-04/08/2021-2023
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

Join Telegram Channel Search @rojgaraurnirman

मुंह पर मास्क और दो गज की दूरी कोरोना को खत्म करने के लिए है जरूरी

मुख्यमंत्री ने की प्रधानमंत्री से मुलाकात

कोरोना से निपटने के लिए किये गये प्रयासों पर विस्तार से चर्चा हुई

नई दिल्ली, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से उनके निवास पर मुलाकात की। लगभग एक घंटे चली मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रधानमंत्री श्री मोदी को मध्यप्रदेश में कोरोना की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया। साथ ही प्रदेश में कोरोना नियंत्रण को लेकर राज्य सरकार द्वारा अब तक किये गये प्रयासों के बारे में विस्तार से बताया। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को संभावित कोरोना की तीसरी लहर से निपटने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा की जा रही तैयारियों का ब्यौरा भी दिया।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश में किये जा रहे कोरोना टीकाकरण की प्रगति के बारे में प्रधानमंत्री को विस्तार से जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य में अब कोरोना के पॉजिटिव मामले केवल 160 रह गये हैं और पॉजिटिविटी रेट 0.2 प्रतिशत रह गयी है। श्री चौहान ने प्रधानमंत्री का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि कोविड टीकाकरण का काम केंद्र सरकार ने अपने हाथों में लेकर एक बहुत ही महत्वपूर्ण निर्णय लिया है, जिसके दूरगामी परिणाम होंगे। इसके पहले हर राज्य सरकार वैक्सीन क्रय करने के लिए अलग-अलग तरीके अपना रही थी, जिससे उनको अनुकूल परिणाम नहीं प्राप्त हुए और वैक्सीन क्रय करने का काम ढीला पड़ गया। अब प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार सभी राज्यों के लिए बिना किसी भेदभाव के वैक्सीन बाजार से क्रय कर सभी राज्यों को वितरित करेगी और लोगों को वैक्सीनेट किया जायेगा।

मुख्यमंत्री ने बताया कि 21 जून से वैक्सीनेशन के लिए पूरे प्रदेश में जन-जागरण अभियान चलाया जायेगा। इसमें राज्य मंत्रिमण्डल के सदस्य, विधायक एवं सांसद मिलकर जनता को टीकाकरण के लिए प्रेरित करेंगे। साथ ही यह भी बताया जायेगा कि वैक्सीनेशन ही कोविड से बचने का एकमात्र सुरक्षा कवच है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार की प्रतिदिन 5 लाख लोगों का टीकाकरण करने की क्षमता है और दिसम्बर माह के अन्त तक पूरे प्रदेश की लगभग 70 प्रतिशत आबादी का वैक्सीनेशन कर लिया जायेगा।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा उठाये गये विषयों को ध्यानपूर्वक सुना और राज्य सरकार द्वारा कोविड से निपटने और मुख्यमंत्री द्वारा उठाये गये अन्य मुद्दों पर केंद्र सरकार से हरसंभव सहायता देने का आश्वासन दिया।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से नई दिल्ली में मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान चर्चा करते हुये।

मूंग उपार्जन का लक्ष्य बढ़ाने की मांग

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने केंद्रीय कृषि एवं किसान-कल्याण मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर से मुलाकात कर किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए निर्धारित प्रावधान के अनुसार खरीदी करने के लिए प्रदेश के प्रस्ताव के अनुसार संशोधित लक्ष्य जारी करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने बताया कि वर्ष 2021-22 विपणन के लिए प्रदेश के लिए मूंग का 34 हजार 20 मीट्रिक टन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है और मूल्य स्थिरीकरण कोष से मूंग फसल का एक लाख मीट्रिक टन लक्ष्य प्राप्त हुआ है।

राज्य को शीघ्र जारी किया जाये डीएपी

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री श्री डी.वी. सदानन्द गौड़ा से मुलाकात कर राज्य में डीएपी की समस्या से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में बुआई प्रारम्भ होने से डीएपी की मांग अत्याधिक बढ़ गई है और डीएपी की कम उपलब्धता के कारण प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति पर असर पड़ने की संभावना है। श्री चौहान ने आग्रह किया कि 3.46 लाख मीट्रिक टन डीएपी तथा 3.84 लाख मीट्रिक टन यूरिया का संशोधित आवंटन शीघ्र जारी किया जाये।

मध्यप्रदेश में

मेडिकल, पैरामेडिकल और नर्सिंग सत्र जुलाई से होगा शुरू

भोपाल, चिकित्सा शिक्षा, भोपाल गैस त्रासदी, राहत एवं पुनर्वास मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने मेडिकल, पैरामेडिकल और नर्सिंग कक्षाएं जुलाई से शुरू करने के निर्देश दिये हैं। श्री सारंग ने कहा कि विद्यार्थियों का प्रवेश के समय अनिवार्य रूप से टीकाकरण सुनिश्चित करें। श्री सारंग ने कोरोना की संभावित तीसरी लहर के मद्देनजर तीनों ही विधाओं में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को पहले हफ्ते कोरोना प्रोटोकॉल का प्रशिक्षण देने के निर्देश भी दिये।

श्री सारंग ने मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय को सभी परीक्षाएं और परीक्षा परिणाम समय-सीमा में घोषित करने के लिये कहा। उन्होंने कहा कि कोरोना काल के कारण लंबित बैकलॉग का जल्द से जल्द निपटारा करें। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक गतिविधियों में अकारण विलंब को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। प्रदेश के 36 मेडिकल और डेंटल निजी एवं शासकीय कॉलेजों में विद्यार्थियों की संख्या 16 हजार 500, नर्सिंग के 1,420 कॉलेज में 59 हजार 900 और पैरामेडिकल के 172 कॉलेज में 12 हजार 600 है। अभी ऑनलाइन संचालित की जा रही कक्षाएं जुलाई से ऑफलाइन हो जायेंगी। कोरोना महामारी के कारण मानसिक रूप से प्रभावित छात्र-छात्राओं को मनो-चिकित्सक की सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जायेंगी। बैठक में यूनियन कार्बाइड के रासायनिक कचरे के विनष्टिकरण, गैस पीड़ित विधवा पेंशन योजना, भोपाल गैस मेमोरियल निर्माण, आयुष्मान योजना, नई डिस्पेंसरी खोलने और चिकित्सा सुविधाओं पर चर्चा की गई।

खास खबर

प्रदेश में खुलेंगे 9200 सी.एम. राइज स्कूल

भोपाल, मध्यप्रदेश के हर क्षेत्र में गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से कुल 9200 सी.एम. राइज स्कूल खोले जाएँगे। इन स्कूलों का मुख्य उद्देश्य बच्चों को ज्ञान, कौशल और नागरिकता के संस्कार देना है। साथ ही, भारतीय संस्कृति और संस्कारों की शिक्षा देना है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में सी.एम. राइज स्कूल की विस्तृत कार्य-योजना के प्रस्तुतीकरण के दौरान कहीं। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में चार स्तरों जिला, विकासखंड, संकुल और ग्रामों के समूह स्तरों पर सी.एम. राइज स्कूल प्रस्तावित हैं। जिला स्तर पर प्रत्येक जिले में एक सी.एम. राइज स्कूल होगा, जिसमें प्रति स्कूल 2000 से 3000 विद्यार्थी होंगे

अंदर के पृष्ठों पर

- **खेल चर्चा-** प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण।
- **सामयिकी-** देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं।
- **चर्चा में-** प्रमुख चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा।
- **पिछला सप्ताह-** देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण।

मंत्रिपरिषद के निर्णय

धान मिलिंग के लिए दी जाने वाली राशि में वृद्धि

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में भोपाल स्थित मंत्रालय में मंत्रिपरिषद की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 में प्रदेश में किसानों से उपार्जित 37 लाख 26 हजार मीट्रिक टन धान की मिलिंग के लिए राज्य में मिलिंग की गति में तेजी लाने के लिए तथा इस वर्ष की विशेष परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए प्रदेश में मिलिंग की मान्य दर 50 रुपये प्रति क्विंटल के साथ अपग्रेडेशन राशि मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाइज कार्पोरेशन एवं भारतीय खाद्य निगम को चावल परिदान के विभिन्न विकल्पों अनुसार केवल खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 मिलिंग के लिए 50 रुपये से 200 रुपये प्रति क्विंटल तक देने का निर्णय लिया गया। सीमावर्ती राज्य के जिलों से भी इच्छुक मिलर्स से उक्त शर्तों पर मिलिंग कराने का निर्णय लिया गया। मंत्रिपरिषद द्वारा लिये गये अन्य निर्णय इस प्रकार हैं -

- मंत्रिपरिषद ने राज्य शासन समन्वय में मंत्रिपरिषद निर्णय की प्रत्याशा में 26 अप्रैल 2021 को 6 लाख 9 हजार अनुमोदित शहरी पथ विक्रेताओं में से प्रत्येक पथ विक्रेता को कोविड-19 के दौरान आजीविका प्रभावित होने पर 1000 रुपये का अनुदान उपलब्ध कराने के मुख्यमंत्री द्वारा लिये गये निर्णय का अनुसमर्थन किया।
- प्रदेश के 6 लाख 9 हजार पथ विक्रेताओं का यह अनुदान वित्तीय वर्ष 2021-22 के बजट से कार्यालय राहत आयुक्त द्वारा आवंटन आदेश 23 अप्रैल 2021 द्वारा संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास को 60 करोड़ रुपये बीसीओ कोड में अंतरित की गई राशि से आहरित किया गया।
- मंत्रिपरिषद ने मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग के आदेश 17 दिसम्बर 2020 द्वारा वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिये निर्धारित दरों में प्रदेश के घरेलू उपभोक्ताओं के लिये गृह ज्योति योजना में स्वीकृत सब्सिडी के अतिरिक्त विभिन्न उपभोक्ता श्रेणियों को दी गयी सब्सिडी के एवज में विद्युत वितरण कंपनियों को सब्सिडी देने के निर्णय का अनुमोदन किया गया।
- मंत्रिपरिषद द्वारा राज्य शासन के शासकीय सेवकों के लिए 'विशेष त्योहार अग्रिम योजना' एवं 'विशेष नगद पैकेज योजना' के संबंध में मुख्यमंत्री के आदेश 28 नवम्बर 2020 एवं 14 दिसम्बर 2020 के अनुसमर्थन का निर्णय लिया गया।

महिलाओं के विरुद्ध अपराध करने वालों को मिले कड़ी सजा

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान महिलाओं एवं बच्चों के विरुद्ध अपराध के प्रकरणों में की गई कार्रवाई की समीक्षा करते हुये।

भोपाल, मध्यप्रदेश में महिलाओं एवं बच्चों के विरुद्ध अपराध करने वालों को कड़ी सजा मिले, इसके लिए ऐसे प्रकरणों में न्यायालयों में शासन का पक्ष मजबूती से रखा जाए। प्रदेश में गत 6 महीनों में अपहृत 5205 बालिकाओं को उनके घर वापस पहुंचाया गया है, जो कि कुल अपहृत 8566 बालिकाओं का 60.8 प्रतिशत है। प्रत्येक बालिका को ढूंढ़कर सही सलामत उसके घर पहुंचाया जाए। ये निर्देश मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में प्रदेश में महिला एवं बच्चों के विरुद्ध अपराध तथा घरेलू हिंसा के प्रकरणों में की गई कार्रवाई की समीक्षा के दौरान दिये।

बताया गया कि प्रदेश में महिलाओं के विरुद्ध अपराधों के 18 प्रकरणों में न्यायालय द्वारा दी गई मृत्यु दंड की सजा को उच्च न्यायालय द्वारा यथावत रखा गया है। अब प्रकरण सर्वोच्च न्यायालय में हैं। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने निर्देश दिए कि सर्वोच्च न्यायालय में प्रकरणों में शासन का पक्ष मजबूती से रखा जाए।

केंद्र सरकार द्वारा महिला पुलिस वॉलेंटियर योजना के संचालन के लिए प्रदेश के 2 जिले मुरैना एवं विदिशा का चयन किया गया है। योजना के अंतर्गत प्रत्येक गांव, वार्ड में एक महिला पुलिस वॉलेंटियर बनाई जाएगी, जो महिलाओं के विरुद्ध अपराध के संबंध में कार्रवाई में सहायता करेगी। उन्हें एक हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय दिया जाएगा।

पुलिस की महिला अपराध शाखा का नाम बदलकर महिला सुरक्षा शाखा किए जाने का निर्णय बैठक में लिया गया।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

12 जून

कोवैक्सीन को अमेरिका में इमरजेंसी इस्तेमाल की नहीं मिली मंजूरी

● अमेरिका के खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) ने भारत बायोटेक के कोरोना टीके कोवैक्सीन को आपात इस्तेमाल की मंजूरी नहीं दी है। एफडीए ने अमेरिका में भारत बायोटेक की साझेदार कंपनी ओक्यूजेन को अतिरिक्त परीक्षण शुरू करने को कहा है। इस परीक्षण के पूर्ण होने पर कंपनी एक बायोलॉजिक्स लाइसेंस के लिये आवेदन कर सकती है, जिससे टीके को पूर्ण मंजूरी मिल जायेगी। उल्लेखनीय है कि भारत बायोटेक ने हाल ही में कोवैक्सीन का चौथा ट्रायल करने की बात कही है। भारत बायोटेक ने अभी तक वैक्सीन के तीसरे चरण के क्लिनिकल ट्रायल का डाटा साझा नहीं किया है।

● केंद्रीय विद्यालय संगठन ने पहली कक्षा के लिये संशोधित शेड्यूल जारी किया है। संशोधित शेड्यूल के अनुसार शिक्षण सत्र 2021-22 के लिये पहली कक्षा में प्रवेश के लिये प्रोविजनल लिस्ट 23 जून को जारी की जायेगी। इसके अलावा 30 जून को दूसरी तथा 5 जुलाई को तीसरी लिस्ट जारी की जायेगी। केंद्रीय विद्यालय संगठन ने प्रवेश प्रक्रिया मार्च में शुरू की थी, लेकिन देश में कोरोना की दूसरी लहर को देखते हुये प्रवेश प्रक्रिया को स्थगित किया गया था। केंद्रीय विद्यालयों में कक्षा पहली में प्रवेश की अंतिम तिथि 31 अगस्त 2021 है।

● इराक की राजधानी बगदाद में अमेरिकी नेतृत्व वाली गठबंधन सेना के दो सैन्य ठिकानों को निशाना बनाकर ड्रोन के जरिये मिसाइल हमले किये गये। ये हमले बगदाद एयरपोर्ट के पास तथा बलाद में स्थित गठबंधन सेना के सैन्य ठिकानों पर किये गये। इराकी सेना ने बताया कि पहला हमला बलाद एयरबेस पर किया गया। इस हमले में तीन रॉकेट दागे गये थे इसके कुछ घंटे बाद दूसरा हमला बगदाद एयरपोर्ट के पास स्थित एक सैन्य अड्डे पर किया गया था। इस हमले में जान-माल का कोई नुकसान नहीं हुआ है।

13 जून

युद्ध और सैन्य अभियानों का रिकॉर्ड होगा सार्वजनिक

● भारत में अब युद्ध और सैन्य अभियानों का रिकॉर्ड सार्वजनिक होगा। रक्षा मंत्रालय

ने युद्ध और सैन्य अभियानों के इतिहास के संग्रह, संकलन, प्रकाशन और उन्हें सार्वजनिक करने की नीति तैयार की है। देश के रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने इस नीति को मंजूरी प्रदान की है। इस नीति के तहत रक्षा मंत्रालय का प्रत्येक संगठन जैसे सेनायें, एकीकृत रक्षा स्टाफ, असम राइफल्स और भारतीय तटरक्षक युद्ध डायरियों और कार्यवाही से संबंधित पत्रों, संचालन संबंधी रिकॉर्ड बुक और अन्य रिकॉर्ड रक्षा मंत्रालय के इतिहास विभाग को भेजेंगे, जिससे कि उन्हें संकलित और संग्रहित कर इतिहास लेखन में इस्तेमाल किया जाये। इस नीति के अनुसार युद्ध और सैन्य अभियान के रिकॉर्ड 25 वर्ष बाद सार्वजनिक किये जाने चाहिये।

● केंद्र सरकार ने कोरोना महामारी के उपचार से जुड़े कई उत्पादों पर जीएसटी दरों में

कमी की है। केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में सम्पन्न जीएसटी काउंसिल की बैठक में यह निर्णय लिया गया है। बैठक के बाद वित्त मंत्री ने बताया कि ब्लैक फंगस के इलाज में काम आने वाले इंजेक्शन टोसीलिजुमैब और एम्फोटेरिसिन बी. को टैक्स फ्री कर दिया गया है। पहले इन इंजेक्शन पर 5 प्रतिशत जीएसटी लगता था। इसके अलावा काउंसिल ने रेमडेसिविर और कई कोरोना जांच उपकरणों पर जीएसटी की दर 18 और 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी है। हालांकि वैक्सीन पर जीएसटी दर में कोई बदलाव नहीं किया गया है। वैक्सीन पर 5 प्रतिशत जीएसटी लागू रहेगी।

● कोरोना महामारी के चलते सऊदी अरब ने सीमित संख्या में हज यात्रा को मंजूरी दी है। इस वर्ष कोरोना के चलते सिर्फ 60 हजार लोगों को हज यात्रा की अनुमति दी जायेगी। ये यात्री सऊदी अरब के ही होंगे। सऊदी अरब के हज मंत्रालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार हज यात्रा के लिये सीमित संख्या में ही यात्रियों को अनुमति दी जायेगी। मंत्रालय के अनुसार 18 से 65 साल के जो लोग हज यात्रा पर जाना चाहते हैं उन्हें वैक्सीन लगवानी जरूरी होगी, साथ ही इन यात्रियों को लंबे समय तक कोई गंभीर बीमारी नहीं होनी चाहिये।

14 जून

दुर्गम इलाकों में ड्रोन के जरिये वैक्सीन पहुंचायेगी सरकार

● केंद्र सरकार ने देश के दुर्गम क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के टीकाकरण की तैयारी

शुरू कर दी है। दुर्गम इलाकों के साथ-साथ देश के आखिरी छोर पर रहने वाले लोगों के लिये ड्रोन के जरिये वैक्सीन पहुंचाने का काम किया जायेगा। इसके लिये भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) की तरफ से सरकारी कंपनी एचएलएल की सब्सिडरी कंपनी एचएलएल इंफ्राटेक सर्विस लिमिटेड ने ड्रोन के जरिये वैक्सीन पहुंचाने के लिये ड्रोन संचालित करने वाली कंपनियों से करार करने के लिये टेंडर जारी किये हैं। टेंडर की शर्तों के अनुसार ड्रोन की रेंज कम से कम 35 किलोमीटर तक होनी चाहिये। ड्रोन कम से कम चार किलोग्राम वजन वाले सामान को ढोने में सक्षम होना चाहिये। इसके अलावा ड्रोन का वजन नागरिक उड्डयन महानिदेशालय के तय मानक के हिसाब से होना चाहिये।

● रक्षा मंत्रालय ने रक्षा क्षेत्र में अगले पांच वर्षों में रिसर्च और इनोवेशन के लिये लगभग 499 करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी प्रदान की है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार इस बजट का इस्तेमाल लगभग 300 स्टार्टअप, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों तथा इंडीविजुअल इनोवेटर्स को वित्तीय समर्थन देने के लिये किया जायेगा। सरकार के इस निर्णय का उद्देश्य रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने के बड़े लक्ष्य को सुनिश्चित करना है। यह योजना सैन्य उपकरणों और हथियारों के आयात में कमी लाने और भारत को रक्षा विनिर्माण का केंद्र बनाने की सरकार की कोशिश का हिस्सा है।

● भारत ने संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में कहा कि हम सभी देशों के साथ सामान्य दोस्ताना संबंध चाहते हैं। वर्ष 2020 के लिये सुरक्षा परिषद की रिपोर्ट पर आयोजित यूएन महासभा की बैठक में यूएन में भारत के स्थायी मिशन के काउंसलर आर. मधुसूदन ने कहा कि हमारा लगातार यह रुख रहा है कि अगर भारत और पाकिस्तान के बीच कोई मसला है, तो उसका हल शांतिपूर्ण रूप से निकाला जाना चाहिये। यह जिम्मेदारी पाकिस्तान की है कि वह अपने क्षेत्र को किसी भी तरीके से भारत के खिलाफ सीमा पार आतंकवाद के लिये इस्तेमाल न करने दे।

15 जून

देशभर में बनेंगे 50 मॉड्यूलर अस्पताल

● कोरोना की संभावित तीसरी लहर से निपटने के लिये केंद्र सरकार ने तैयारी शुरू कर दी है। सरकार ने देशभर में अगले 3 महीने में 50 मॉड्यूलर अस्पताल बनाने का निर्णय लिया है। ये मॉड्यूलर अस्पताल पहले से मौजूद अस्पतालों के नजदीक ही बनाये जायेंगे। इन अस्पतालों में आईसीयू वेड्स के साथ ऑक्सीजन सप्लाई की व्यवस्था होगी। इस तरह के अस्पताल 3 सप्ताह से कम समय में तैयार किये जा सकेंगे। इन मॉड्यूलर अस्पतालों की उम्र कम से कम 25 साल तक होती है। आपदा के समय इन अस्पतालों को एक सप्ताह में शिफ्ट किया जा सकता है। एक मॉड्यूलर अस्पताल के निर्माण में लगभग 3 करोड़ रुपये का खर्च आयेगा।

● केंद्र सरकार ने बॉम्बे हाईकोर्ट में कहा कि लोगों का घर-घर टीकाकरण नहीं कराया जा सकता है। सरकार ने कहा कि वर्तमान राष्ट्रीय गाइडलाइन में घर-घर जाकर टीकाकरण करना शामिल नहीं है। एडिशनल सॉलिसिटर जनरल अनिल सिंह ने हाईकोर्ट में बताया कि कुछ राज्य सरकारों और नगर निकायों में उसके दिशा-निर्देशों को नजरअंदाज कर घर-घर टीकाकरण कर रहे हैं।

● अमेरिकी जैव प्रौद्योगिकी कंपनी नोवावैक्स ने दावा किया है कि तीसरे चरण के परीक्षण में उसकी कोरोना रोधी वैक्सीन समग्र रूप से 90.4 प्रतिशत कारगर पाई गई है। यह वैक्सीन संक्रमण के मध्यम और गंभीर लक्षणों के खिलाफ सौ प्रतिशत सुरक्षा प्रदान करती है। कंपनी ने कहा कि वैक्सीन के तीसरे चरण का परीक्षण अमेरिका और मैक्सिको में 119 केंद्रों पर 29960 लोगों पर किया गया है। इस परीक्षण में वैक्सीन के प्रभाव, सुरक्षा और प्रतिरक्षा का आकलन किया गया है। कंपनी के अनुसार वैक्सीन का रखरखाव आसान है, इसे दो से आठ डिग्री सेल्सियस तापमान पर रखा जा सकता है।

16 जून

ईपीएफओ खाते को आधार से लिंक करने की समय सीमा बढ़ी

● कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने ईपीएफ खाताधारकों को

बड़ी राहत देते हुये आधार नंबर को ईपीएफ खाते और यूएएन नंबर से जोड़ने की समय सीमा में वृद्धि की है। अब यह समय सीमा एक सितंबर 2021 होगी, पहले इसकी अंतिम तिथि एक जून 2021 थी। ईपीएफओ ने कहा कि कोरोना संक्रमण में लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था, जिसकी वजह से श्रम मंत्रालय ने यह समय सीमा बढ़ाने का फैसला किया गया है। ईपीएफओ द्वारा जारी एक आदेश के अनुसार आधार सत्यापित यूएएन के साथ इलेक्ट्रॉनिक चालान अर्थात् पीएफ रिटर्न की रिसीप्ट दाखिल करने पर अमल करने की अंतिम तिथि भी बढ़ाकर एक सितम्बर की गई है।

● भारतीय हज कमेटी ने हज यात्रा पर जाने वाले भारतीय मुस्लिमों के सभी आवेदन निरस्त कर दिये हैं। यह लगातार दूसरा साल है, जब कोरोना महामारी के कारण भारतीय मुस्लिम हज यात्रा पर नहीं जा सकेंगे। हज कमेटी द्वारा जारी एक परिपत्र में कहा गया है कि सऊदी अरब ने कोरोना महामारी के कारण विदेशी नागरिकों की हज यात्रा पर प्रतिबंध लगाया है। इस वर्ष सऊदी अरब के केवल 60 हजार नागरिक ही हज यात्रा कर सकेंगे। इसके बाद ही भारतीय हज कमेटी ने आवेदन निरस्त किये हैं। इस वर्ष हज यात्रा के लिये 58 हजार भारतीय नागरिकों ने आवेदन किया था। उल्लेखनीय है कि सामान्य दिनों में हर साल विश्व के लगभग 20 लाख लोग हज यात्रा करते हैं।

● विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने गर्भवती महिलाओं को कोरोना महामारी से सुरक्षित रखने के लिये कोरोना वैक्सीन लगाने की सिफारिश की है। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि जो गर्भवती महिलाएं कोरोना संक्रमित हो चुकी हैं, या संक्रमण के बाद जिनकी हालत गंभीर होने का खतरा है, उन्हें प्राथमिकता से टीका लगा सकते हैं।

17 जून

केंद्र सरकार ने डीएपी खाद पर सब्सिडी 700 रुपये बढ़ाई

● केंद्र सरकार ने किसानों को बड़ी राहत देते हुये डीएपी खाद पर दी जाने वाली सब्सिडी को 700 रुपये बढ़ा दिया है। अभी तक किसानों को डीएपी खाद पर प्रति बैग 500 रुपये सब्सिडी मिलती थी, लेकिन अब यह सब्सिडी 1200 रुपये प्रति बैग हो गई है। यह जानकारी केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक राज्यमंत्री श्री मनसुख मांडविया ने दी। श्री मांडविया ने बताया कि केंद्रीय कैबिनेट ने उर्वरक विभाग के उस प्रस्ताव को मंजूरी दी है, जिसमें फॉस्फोरस और पोटाश आधारित उर्वरकों की न्यूट्रिएंट बेस्ट सब्सिडी रेट बढ़ाने की सिफारिश की गई थी। श्री मांडविया ने कहा कि सरकार इस निर्णय के जरिये यह सुनिश्चित करना चाहती है कि वैश्विक कीमतों में वृद्धि के बावजूद किसानों को डीएपी खाद पुरानी दरों पर ही उपलब्ध हो।

● नेशनल पेंशन सिस्टम (एनपीएस) के जिन उपभोक्ताओं के खाते में पांच लाख रुपये तक होंगे, वे पूरी राशि एक साथ निकाल सकेंगे। यह जानकारी पेंशन फंड रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी (पीएफआरडीए) ने दी है। पीएफआरडीए ने कहा कि जिन एनपीए उपभोक्ता का कुल पेंशन कॉर्पस 5 लाख रुपये या इससे कम है, वो बिना एन्युटी खरीदे अपना पूरा पैसा निकाल सकेंगे। इसके लिये उन्हें बीमा कंपनियों से रिटायरमेंट प्लान लेने की जरूरत नहीं होगी। पीएफआरडीए ने कहा कि पेंशन फंड से समय पूर्व एकमुश्त निकासी की सीमा भी एक लाख रुपये से बढ़ाकर ढाई लाख रुपये कर दी गई है। वहीं एनपीएस में शामिल होने की उच्च आयु सीमा अब 70 वर्ष और निकलने की आयु सीमा 75 वर्ष कर दी गई है।

18 जून

देशभर में एक समान होगा प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण-पत्र

● केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने देशभर में सभी वाहनों के प्रदूषण प्रमाण-पत्र (पीयूसी सर्टिफिकेट) के लिये एक समान प्रारूप बनाने के लिये एक अधिसूचना जारी की है। अधिसूचना के अनुसार पीयूसी डाटाबेस को नेशनल रजिस्टर के साथ जोड़ा जायेगा। इसके लिये केंद्रीय मोटर वाहन नियम 1989 में संशोधन कर पीयूसी फॉर्म पर क्यूआर कोड छापा जायेगा। पीयूसी सर्टिफिकेट के नये प्रारूप में पीयूसी केंद्र, वाहन मालिक और एमिशन की स्थिति का विवरण होगा। इसके अलावा केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने कोरोना महामारी के मद्देनजर ड्राइविंग लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट और परमिट जैसे मोटर वाहन दस्तावेजों की वैधता 30 सितम्बर बढ़ा दी है।

● अमेरिकी दवा कंपनी नोवावैक्स के कोरोनारोधी वैक्सीन 'कोवावैक्स' का अगले

महीने से बच्चों पर परीक्षण शुरू हो सकता है। यह जानकारी सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने दी है। भारत में सीरम इंस्टीट्यूट इस वैक्सीन का उत्पादन करेगा। सीरम ने कहा कि देश में सितम्बर तक कोवावैक्स को लॉन्च किया जा सकता है। कोवावैक्स के तीसरे चरण के ट्रायल के दौरान वैक्सीन की प्रभावशीलता 90.4 प्रतिशत पाई गई थी। ये वैक्सीन कोरोना वायरस के नये वैरिएंट पर भी प्रभावशाली है। कोरोना के मॉडरेट तथा गंभीर लक्षणों के विरुद्ध भी वैक्सीन कारगर पायी गई है।

● कोरोना संक्रमण की तीसरी लहर से बच्चे बच सकते हैं। यह जानकारी अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) नई दिल्ली और विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के एक अध्ययन में दी गई है। अध्ययन के निष्कर्षों के अनुसार बच्चों में उच्च सीरो-पॉजिटिविटी पाई गई है। इसका अर्थ है कि कोरोना महामारी की तीसरी लहर बच्चों को दूसरों की तुलना में अधिक प्रभावित नहीं कर सकेगी।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

वर्ष 38, अंक 25 21.06.2021 से 27.06.2021

रोज़गार और निर्माण

www rojgaraurnirman.in

● प्रबंध संचालक - डॉ. सुदाम खाड़े
● सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह
● कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी
● प्रभारी अधिकारी - नरेन्द्र कुमार वनवट (प्रसार एवं विज्ञापन)
● प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
● आकल्पन - हेमंत वायंगणकर, आशा रोमन, अरविन्द टोप्पो, सुशील लांडगे
● वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com**
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

मुख्यमंत्री का मंत्रिपरिषद के सदस्यों के साथ विचार मंथन

इस समय हमारे सामने दोहरी चुनौती है। कोविड काल में आम लोगों ने अपने प्रभार के जिलों में कोविड संक्रमण रोकने के लिये निरंतर कार्य किया है। उसी का परिणाम है कि जनता के सक्रिय सहयोग से मध्यप्रदेश ने कोरोना संक्रमण पर लगभग पूरा नियंत्रण पाया है। अब हमें अपनी पूरी ताकत इस बात के लिये लगा देनी है कि मध्यप्रदेश में कोरोना की तीसरी लहर आये ही नहीं और अगर आती भी है तो उसका प्रभाव नगण्य रहे। उपरोक्त बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मंत्रिपरिषद के सदस्यों से विचार मंथन के दौरान कहीं। मुख्यमंत्री इच्छावर, सीहोर में मंत्रिपरिषद के सदस्यों के साथ अनौपचारिक बैठक में कोरोना नियंत्रण सहित विभिन्न मुद्दों पर गहन विचार मंथन कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना के कारण जन-जीवन प्रतिकूल रूप से प्रभावित हुआ है और विकास की गति रुक सी गई है। हमें जन-जीवन को सामान्य करना है और विकास को गति देनी है। आने वाले समय में स्वास्थ्य के साथ ही रोज़गार, शिक्षा और सभी वर्गों का कल्याण हमारी प्राथमिकता रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना नियंत्रण के प्रदेश के जनभागीदारी मॉडल की सर्वत्र सराहना हुई है। आने वाले समय में हमें न केवल कोरोना संक्रमण को प्रदेश में आने नहीं देना है, बल्कि आत्मनिर्भर के रोडमैप को गति देकर नये आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के सपने को पूरा करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना संक्रमण की तीसरी लहर को रोकने, उसके प्रभाव को न्यूनतम करने के लिये पुख्ता रणनीति पर काम करना होगा। वैश्विक परिदृश्य को देखते हुये अनुमान है कि अगले तीन या चार माह में तीसरी लहर आने की आशंका है। अनलॉक के परिणामस्वरूप गतिविधियों के बढ़ने और सावधानी का पालन नहीं करने से तीसरी लहर की संभावना बढ़ेगी। श्री चौहान ने कहा कि हमें जागरुक तथा लगातार सतर्क रहना होगा। कोरोना अनुकूल व्यवहार का पालन करने, मास्क लगाने, दूरी बनाये रखने, भीड़ नहीं लगाने और बार-बार हाथ धोने के लिये लोगों को प्रेरित करना होगा। इसमें क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण बनाये रखने के लिये सभी जिलों में कोरोना टेस्ट जारी रहेंगे। प्रतिदिन 75 हजार से अधिक टेस्ट सुनिश्चित किये जायेंगे, ताकि किसी भी कोने में यदि कोई पॉजिटिव प्रकरण है, तो उसकी तत्काल पहचान की जा सके। टेस्ट रिपोर्ट एक दिन में आये, ऐसी व्यवस्था की गई है। जो भी व्यक्ति पॉजिटिव आयेगा, उसकी कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग की जायेगी और पॉजिटिव व्यक्ति को होम आइसोलेशन या कोविड केयर सेंटर में रखकर उपचार किया जायेगा। प्रदेश में किल-कोरोना अभियान जारी रहेगा। सर्दी, खांसी, जुकाम से प्रभावित प्रत्येक व्यक्ति की पहचान करवाकर उसका निःशुल्क इलाज सुनिश्चित किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में तीसरी लहर का सामना करने के लिये आवश्यक अधोसंरचना तैयार की जा रही है और व्यवस्थायें बनायी जा रही हैं। स्वास्थ्य अधोसंरचना को सुदृढ़ करने के लिये गतिविधियां जारी हैं। अस्पतालों में ऑक्सीजन की व्यवस्था, बेड बढ़ाने, आईसीयू वार्ड निर्माण और पैरामेडिकल स्टाफ के प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां एक या दो घरों में संक्रमण है वहां माइक्रो कंटेनमेंट एरिया बनाकर संक्रमण को वहीं समाप्त किया जायेगा। मध्यप्रदेश में कोरोना की दूसरी लहर का प्रकोप अब लगभग समाप्ति की ओर है। तीसरी लहर के आने की संभावनाओं को देखते हुये मध्यप्रदेश सरकार ने इससे प्रभावी ढंग से निपटने के लिये सभी संभव प्रयास शुरू कर दिये हैं। उम्मीद है आने वाले दिनों में इसके बेहतर परिणाम मिलेंगे।

आंखों की पुतलियों से जांची जा सकती है बुद्धिमत्ता

इंसानी आंखों की पुतलियां यह बतलाने के लिये काफी हैं कि आप कितने बुद्धिमान हैं। जॉर्जिया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में किये गये एक अध्ययन में इस बात का दावा किया गया है। शोधकर्ताओं ने पाया कि जितनी बड़ी इंसान की आंखों की पुतलियां होती हैं, वह उतना ही अधिक बुद्धिमान भी होता है। ऐसे लोगों की तर्क-वितर्क, ध्यान देने की क्षमता और याद्दाश्त भी ज्यादा बेहतर होती है। शोधकर्ताओं के अनुसार, आंखों की पुतलियां सिर्फ रोशनी से ही प्रक्रिया नहीं करती हैं, बल्कि ये उत्तेजना, रुचि और दिमागी थकान के बारे में भी संकेत देने का काम करती हैं। प्रमुख शोधकर्ता डेनियल कान्हेमैन ने कहा कि ऐसा अध्ययन पहली बार हुआ है। इसमें देखा गया कि जिन लोगों की पुतलियों का आकार बड़ा था, उनमें फ्लुड इंटेलिजेंस भी ज्यादा थी। डेनियल ने कहा कि हमने देखा, किसी बौद्धिक कार्य को करने में इंसानों ने कितनी मानसिक क्षमता का प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि लोगों की आंखों की पुतलियों का फैलाव उनकी दिमागी क्षमता को प्रदर्शित करता है। पुतलियों का आकार आंखों के बीच काले रंग के केंद्र का व्यास होता है। यह 2 से 8 मिलीमीटर होता है। अध्ययन के दौरान प्रयोगशाला में रोशनी को मध्यम स्तर पर रखा गया था, ताकि पुतलियां सिकुड़े नहीं, बल्कि पूरी तरह से खुली रहें। पुतलियों का संबंध दिमाग के न्यूक्लियस लोकस कोरुलियस से होता है। न्यूक्लियस की नसें दिमाग के अन्य हिस्सों से जुड़ती हैं। शोधकर्ताओं के अनुसार लोकस कोरुलियस नोइपाइनफ्राइन नाम का पदार्थ छोड़ता है, जो एक न्यूटोट्रांसमिटर और हार्मोन होता है। इसी पदार्थ से दिमाग और शरीर का संबंध स्थापित होता है।

- देवेश तिवारी
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

विश्व शरणार्थी दिवस 20 जून

शरणार्थियों को भी मिलें जिंदगी में आगे बढ़ने के अवसर

उन्होंने उसके मुंह पर जंजीरे कस दी
मौत की चट्टान से बांध दिया उसे
और कहा तुम हत्यारे हो
उन्होंने उससे भोजन, कपड़े और
अण्डे छीन लिए
फेंक दिया उसे मृत्युकक्ष में
और कहा चोर हो तुम
उसे हर जगह से भगाया उन्होंने
प्यारी छोटी लड़की को छीन लिया
और कहा शरणार्थी हो तुम
शरणार्थी
अपनी जलती आंखों
और रक्तिम हाथों को बताओ
रात जायेगी
कोई कैद, कोई जंजीर नहीं रहेगी
नीरो मर गया था रोम नहीं
वह लड़ा था अपनी आंखों से
एक सूखी हुई गेहूं की बाली के
बीज भर देंगे खेतों को
करोड़ों-करोड़ों हरी बालियों से

फिलिस्तीन के राष्ट्रीय कवि महमूद दरवेश ने अपने शब्दों में शरणार्थियों की वेदना और पीड़ा को बहुत गहराई के साथ व्यक्त किया है। शरणार्थियों का संघर्ष जीवन के प्रति एक आशा जगाता है कि कभी न कभी तो कुछ बेहतर होगा। पूरी दुनिया में आज भी सात करोड़ से ज्यादा लोग बिना किसी जुर्म के शरणार्थियों का जीवन जीने के लिए मजबूर हैं। हिंदी के मशहूर कहानीकार डॉ. महीप सिंह ने भी अपनी कहानी पानी और पुल में विस्थापन की पीड़ा का मार्मिक वर्णन किया है। 1959 में तिब्बत पर चीन के आक्रमण के बाद लाखों तिब्बतियों के संग 25 वर्ष की उम्र में भारत आए बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा और लाखों तिब्बती आज भी भारत में इस उम्मीद के संग जी रहे हैं कि कभी तो वे अपने देश वापस लौटेंगे। शरणार्थी कब अपने देश लौटेंगे यह तो नहीं पता, लेकिन जब तक वे जहां भी रहें उन्हें बेहतर जिंदगी और आगे बढ़ने के लिए सही अवसर मिले इसके लिए निश्चित ही सबको मिलकर प्रयास करने होंगे और इन्हीं प्रयासों को समर्पित है विश्व शरणार्थी दिवस, जो प्रतिवर्ष 20 जून को संपूर्ण विश्व में मनाया जाता है।

क्यों मनाया जाता है विश्व शरणार्थी दिवस

विश्व शरणार्थी दिवस प्रत्येक वर्ष 20 जून को उन लोगों के साहस, शक्ति और संकल्प के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए मनाया जाता है, जिन्हें प्रताड़ना, संघर्ष और हिंसा की चुनौतियों के कारण अपना देश, अपनी जमीन, अपना घर छोड़कर भागने को मजबूर होना पड़ता है। शरणार्थियों के जीवन के संघर्षपूर्ण जीवन और विपरीत परिस्थितियों की ओर ध्यान आकर्षित करने और शरणार्थी समस्याओं को हल करने के लिए ही यह दिवस मनाया जाता है। विश्व शरणार्थी दिवस पर हम संघर्ष और उत्पीड़न के कारण अपने घरों से पलायन को विवश लाखों शरणार्थियों की दयनीय स्थिति को महसूस करते हैं और इन सर्वाधिक कमजोर लोगों को जीवन-रक्षक सहायता प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हैं।

2001 में पहली बार मनाया गया था विश्व शरणार्थी दिवस

विभिन्न देश कई वर्षों से शरणार्थी दिवस मना रहे हैं। कुछ देशों में शरणार्थी सप्ताह मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 2000 में हर वर्ष 20 जून को विश्व शरणार्थी दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया। प्रस्ताव पारित होने के दिन महासभा ने वर्ष 2001 को शरणार्थियों की स्थिति से संबंधित 1951

कन्वेंशन की 50वीं वर्षगांठ के रूप में चिन्हित किया। वर्ष 2001 से प्रतिवर्ष संयुक्त राष्ट्र द्वारा 20 जून को विश्व शरणार्थी दिवस मनाया जा रहा है। इस दिन को मनाने का मुख्य कारण लोगों में जागरुकता फैलानी है कि कोई भी इंसान अमान्य नहीं होता फिर चाहे वह किसी भी देश का हो। एकता और समन्वय की भावना रखते हुए हमें सभी को मान्यता देनी चाहिए। ज्यादातर शरणार्थी उन देशों से हैं, जहां पर आतंकवाद या फिर गृहयुद्ध की वजह से हालात खराब हो चुके हैं। आपको जानकर हैरत हो सकती है कि दुनियाभर में फैले शरणार्थियों में आधे से ज्यादा सीरिया, अफगानिस्तान, दक्षिण सूडान, म्यांमार और सोमालिया से हैं। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के मुताबिक 2018 में पलायन करने वालों की संख्या 7 करोड़ से अधिक थी, जो 2017 की तुलना में काफी अधिक है। तुर्की दुनिया में सबसे ज्यादा शरणार्थियों को स्वीकारने वाला देश है। सीरियाई सीमा से लगा तुर्की यहां से भागने वालों का पहला पड़ाव होता है। इसके अलावा भूमध्य सागर से भी जो लोग गैरकानूनी तौर पर दूसरे देश की सीमा में घुसते हैं उनका भी सबसे नजदीकी पड़ाव तुर्की ही होता है। एक अनुमान के मुताबिक तुर्की में इस वक्त 37 लाख शरणार्थी मौजूद हैं। संयुक्त राष्ट्र की संस्था यू.एन.एच.सी.आर. शरणार्थी लोगों की सहायता करती है। अंतर्राष्ट्रीय संगठन जैसे इंटरनेशनल रेस्क्यू कमेटी (आईआरसी) और एमनेस्टी इंटरनेशनल इस अवसर पर अनेक गतिविधियां आयोजित करता है। इन गतिविधियों में शरणार्थी स्थलों का निरीक्षण, शरणार्थियों और उनकी समस्याओं से संबंधित फिल्मों का प्रदर्शन, गिरफ्तार शरणार्थियों की मुक्ति के लिए विरोध प्रदर्शन और जेल में बंद शरणार्थियों के लिए सही चिकित्सकीय सुविधा और नैतिक समर्थन उपलब्ध कराने के लिए रैलियां निकालना, सोशल मीडिया पर शरणार्थियों के पक्ष में वीडियो, मैसेज पोस्ट करना, कैंपेन चलाना आदि शामिल है।

गुगूम्बाथारॉ हैं यूएनएचसीआर की सद्भावना दूत

ब्रिटिश अभिनेत्री गुगूम्वाथारॉ को यूएन की शरणार्थी एजेंसी यूएनएचसीआर की सद्भावना दूत नियुक्त किया गया है। अपनी इस नियुक्ति के बाद उन्होंने कहा 'मैं, शरणार्थियों के समर्थन में काम करने और उनकी आवाज बुलन्द करने में मदद करने के अवसर के लिए बहुत शुक्रगुजार हूं। उनके सामने तमाम तरह की मुश्किलों और कठिनाइयों के बीच, उनका साहस और मजबूती देखकर, मैं चकित हूं।' उनकी आपबीती ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने में, कुछ भूमिका निभाने का मौका पाना, मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है। गुगूम्वाथारॉ ने कहा, 'कोविड-19 संकट ने, हमारी जिन्दगियों की भंगुरता के बारे में अवगत करा दिया है, साथ ही ये भी उजागर कर दिया है कि जिन लोगों को अपने घर छोड़ने पड़ते हैं, हम उनकी मदद करने के लिये भरसक प्रयत्न करें।' गुगूम्वाथारॉ वर्ष 2018 से ही, यूएन की शरणार्थी एजेंसी के समर्थन में काम कर रही हैं। उन्होंने शरणार्थियों की मौजूदगी वाले स्थानों की यात्राएं की हैं, जिनमें रवाण्डा और यूगाण्डा में बुरूण्डी और कांगोलियन शरणार्थियों से मुलाकातें करना शामिल था। उन्होंने इन यात्राओं में, उन महिलाओं से भी मुलाकात की, जिन्होंने इस संघर्ष में यौन हिंसा का सामना किया।

इस वर्ष की थीम : Together We Heal Learn And Shine

हर वर्ष विश्व शरणार्थी दिवस एक विशेष थीम के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष यह थीम है - Together We Heal Learn And Shine. यानी एक साथ हम घाव भरें, सीखना और चमकना। कोरोना ने दुनिया को एक ऐसे संकट से घेर दिया है, जो हमारे सामने पहले कभी नहीं था। ऐसे में हमें अपनी ओर से सामूहिक तौर पर वह प्रयास करने होंगे, जिससे शरणार्थी जीवन जी रहे लोगों की जिंदगी को बेहतर बनाया जा सके, उन्हें बेहतर जिंदगी जीने के लिए सहयोग किया जा सके। ऐसे शरणार्थी जो प्रतिभावान हैं उन्हें शिक्षित होने, पढ़ने-लिखने के बेहतर अवसर प्रदान किए जाएं, स्कॉलरशिप दी जाएं, ताकि वे शिक्षा के माध्यम से अपना जीवन संवार सके। खेलने से न सिर्फ व्यक्ति के अंदर आत्मविश्वास बढ़ता है, बल्कि वह आगे बढ़ने के लिए प्रेरित भी होता है। इसलिए शरणार्थी जीवन जी रहे युवाओं को खेलने या अन्य कलात्मक चीजों से कैसे जोड़ा जाए इसके प्रयास किए जाने चाहिए।

ओलिंपिक में भी अपनी प्रतिभा दिखा रही रिफ्यूजी टीम

शरणार्थी जीवन जीने वालों को अगर बेहतर अवसर दिए जाएं तो वे भी अपनी जिंदगी में बड़े शिखर हासिल कर सकते हैं। जुलाई 2021 में टोक्यो में होने वाले ओलिंपिक खेल में रिफ्यूजी टीम भी शिरकत करेगी। खिलाड़ियों के जीवन में हर दिन संघर्ष होता है, लेकिन जब वो खिलाड़ी रिफ्यूजी हों तो संघर्ष कई गुना ज्यादा बढ़ जाता है। पहली बार इस टीम की घोषणा साल 2015 में हुई थी और साल 2016 के रियो ओलिंपिक में इस टीम ने अपना डेब्यू किया था। लगभग 29 एथलीट इस ओलिंपिक में टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे, जिससे दुनिया को रिफ्यूजी एथलीट्स के उस संकट के बारे में पता चलेगा, जो उन्हें कोरोना महामारी के दौरान झेलना पड़ा और इसका संघर्ष आज तक जारी है। साल 2016 में, आईओसी के कार्यकारी बोर्ड ने टीम के निर्माण को मंजूरी देने के बाद, रियो में ओलिंपिक खेलों में भाग लेने के लिए 10 एथलीटों की अंतिम सूची से पहले 43 उम्मीदवारों को चुना गया था। जिन एथलीटों पर विचार किया गया था, उन्हें यूएन रिफ्यूजी का दर्जा प्राप्त था। जून 2016 में टीम की घोषणा के बाद आईओसी के अध्यक्ष थॉमस बाक ने कहा, 'यह हमारी दुनिया के सभी शरणार्थियों के लिए आशा का प्रतीक होगा और इस संकट की भयावहता के बारे में दुनिया को बेहतर तरीके से अवगत कराएगा। इसके अलावा उन्होंने कहा कि यह अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के लिए भी एक संकेत है कि रिफ्यूजी हमारे साथी इंसान हैं और समाज के लिए एक समृद्ध हैं। दस एथलीट (दो तैराक, दो जूडो खिलाड़ी, एक मैराथन और पांच ट्रैक एथलीट) ने रियो में रिफ्यूजी ओलिंपिक टीम का प्रतिनिधित्व किया था।

सर्जना चतुर्वेदी
(लेखिका, समसामयिक विषय पर लेखन कार्य करती हैं)

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग
रेसीडेंसी एरिया - इंदौर
लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग - मध्यप्रदेश शासन हेतु चिकित्सा अधिकारी के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन

विज्ञापन क्रमांक	ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि	आयोग कार्यालय में अभिलेखों सहित आवेदन-पत्र जमा करने की अंतिम तिथि
04/2021/14.06.2021	23.07.2021	05.08.2021

महत्वपूर्ण

1. **मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा मध्यप्रदेश शासन के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग हेतु चिकित्सा अधिकारी के पदों की पूर्ति हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। इन पदों के लिए शैक्षणिक अर्हता निम्नानुसार है:-**
   अनिवार्य शैक्षणिक अर्हता
   एम.वी.वी.एस. या भारतीय चिकित्सा परिषद् द्वारा मान्यता प्राप्त कोई समतुल्य अर्हता।
   समतुल्य अर्हता :-
   भारतीय चिकित्सा परिषद् द्वारा अर्हता प्राप्त विदेशी उपाधिधारी।
   वांछनीय अर्हता :-
   मध्यप्रदेश चिकित्सा परिषद् में स्थायी पंजीयन
   अभ्यर्थियों का मध्यप्रदेश राज्य के रोज़गार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है।
2. आवेदन पत्र केवल ऑनलाइन स्वीकार किए जाएंगे आवेदन पत्र दिनांक 24.06.2021 (दोपहर 12:00 बजे) से दिनांक 23.07.2021 (रात्रि 12:00 बजे) तक **www.mponline.gov.in, www.mppsc.nic.in** तथा **www.mppsc.com** पर भरे जा सकते हैं।
3. आवेदक ऑनलाइन आवेदन करने तथा आवेदन शुल्क का भुगतान करने के पश्चात ऑनलाइन आवेदन-पत्र का प्रिंट आउट प्राप्त करें तथा आवेदन पत्र में उल्लेखित भुगतान विवरण से यह सुनिश्चित कर लें कि शुल्क भुगतान हो चुका है। उक्त ऑनलाइन आवेदन-पत्र के साथ अपनी अर्हता से संबंधित सभी अभिलेखों तथा अनुप्रमाणन-पत्रक, व्यक्तिगत विवरण-पत्रक एवं उपस्थिति-पत्रक (आयोग की वेबसाइट **www.mppsc.nic.in** तथा **www.mppsc.com** पर उपलब्ध) की स्वप्रमाणित प्रति संलग्न कर आयोग कार्यालय में दिनांक 05.08.2021 तक जमा कराएं। **आवेदन पत्र भरने के संदर्भ में विस्तृत जानकारी हेतु परिशिष्ट-2 का ध्यानपूर्वक अवलोकन करें एवं तदनुसार पर्याप्त समय पूर्व आवेदन-पत्र भरें।**
4. आवेदक ऑनलाइन आवेदन-पत्र की सावधानीपूर्वक जांच कर लें। ऑनलाइन आवेदन-पत्रों में दिनांक 01.07.2021 से दिनांक 25.07.2021 तक त्रुटिसुधार किया जा सकेगा । इस हेतु प्रति सुधार सत्र रु. 50/- त्रुटिसुधार शुल्क देय होगा। आवेदक त्रुटिसुधार हेतु एम.पी. ऑनलाइन के अधिकृत कियोस्क की सेवाओं का उपयोग कर सकते हैं। त्रुटि सुधार अवधि समाप्त होने के बाद किसी भी प्रकार का परिवर्तन मान्य नहीं होगा तथा श्रेणी/वर्ग परिवर्तन विषयक समस्त आवेदन सरसरी तौर पर अमान्य किए जाएंगे तथा आयोग द्वारा इस सन्दर्भ में आवेदक से कोई पत्र व्यवहार नहीं किया जाएगा ।
5. विज्ञापन के सन्दर्भ में आवश्यक सूचनाएँ, ऑनलाइन परीक्षा का परिणाम केवल आयोग की वेबसाइट **www.mppsc.nic.in** तथा **www.mppsc.com** में प्रकाशित किया जाएगा साथ ही आवश्यक होने पर अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र भरते समय दिए गए e-mail Address तथा मोबाइल नंबर पर e-mail तथा SMS Alert भी प्रेषित किए जाएंगे। अतः आवेदक आवश्यक सूचनाओं हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र पर विहित स्थान पर अपने ई-मेल पते तथा मोबाइल नंबर का अवश्य उल्लेख करें तथा आयोग की वेबसाइट का निरन्तर अवलोकन करें।
6. **आयोग की परीक्षा और चयन प्रणाली निष्पक्ष एवं पारदर्शी है। किसी एक व्यक्ति द्वारा इस प्रणाली को विफल कर किसी व्यक्ति को लाभ पहुंचाने की संभावना नहीं है। अतः किसी व्यक्ति द्वारा सीधे या किसी अन्य के माध्यम से लाभ पहुंचाने का दावा किया जाता है तो ऐसा व्यवहारिक रूप से असंभव है। अतः ऐसे व्यक्ति के बहकावे में न आयें और उस व्यक्ति की सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त कर सूचना अविलंब आयोग को दें ताकि ऐसे व्यक्तियों के विरुद्ध समुचित कार्यवाही की जा सके। सूचना देने वाले का नाम पता गोपनीय रखा जाएगा।**
7. **उक्त विज्ञापन का अंतिम चयन परिणाम याचिका क्रमांक 25181/2019 के अंतिम न्यायालयीन निर्णय के अध्यधीन रहेगा।**

एक भारत के नागरिकों तथा भारत के संविधान के तहत मान्य अन्य श्रेणियों के आवेदकों से **लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, मध्यप्रदेश शासन,** के निम्नलिखित पद हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं :-

क्र.	पद का नाम	रिक्त पदों की संख्या						रिक्तियों में से मध्यप्रदेश की मूल निवासी महिला अभ्यर्थियों हेतु आरक्षित पदों की संख्या					रिक्तियों में से मध्यप्रदेश की मूल निवासी दिव्यांगजन अभ्यर्थियों हेतु आरक्षित पदों की संख्या
		UR	SC	ST	OBC	EWS	कुल	UR	SC	ST	OBC	EWS	
1.	चिकित्सा अधिकारी	144	72	242	60	58	576	48	24	80	20	19	35 लोकोमोटर डिसेबिलिटी

टीप :- लोकोमोटर डिसेबिलिटी में अस्थिबाधित अभ्यर्थियों के साथ सम्मिलित हैं सेरेब्रल पाल्सी, कुष्ठ रोग मुक्त, बौनापन, एसिड अटैक पीड़ित, मस्कुलर डिस्ट्राफी।

दो पद का विवरण

01 पद का नाम : चिकित्सा अधिकारी (Medical Officer)
विभाग का नाम : लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, मध्यप्रदेश शासन
श्रेणी : राजपत्रित द्वितीय श्रेणी
पद स्थिति : अस्थायी
वेतनमान : रुपये 15600-39100+5400 ग्रेड पे (छठे वेतन आयोग अनुसार। सातवें वेतनमान में तत्स्थानी वेतनमान प्राप्त होंगे।
पद के मुख्य कर्तव्य : मरीजों की देखभाल एवं उपचार

तीन शैक्षणिक अर्हता : **अनिवार्य शैक्षणिक अर्हता**
एम.वी.वी.एस. या भारतीय चिकित्सा परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त कोई समतुल्य अर्हता।
समतुल्य अर्हता :-
भारतीय चिकित्सा परिषद द्वारा अर्हता प्राप्त विदेशी उपाधिधारी।
वांछनीय अर्हता :-
मध्यप्रदेश चिकित्सा परिषद में स्थायी पंजीयन
अभ्यर्थियों का मध्यप्रदेश राज्य के रोज़गार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है।

विशेष :
(1) उक्त अर्हताएं विज्ञापन में उल्लेखित ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 23.07.2021 तक अर्जित होनी चाहिए। उक्त तिथि के बाद में अर्हता धारित करने वाले आवेदक पद हेतु अनर्ह माने जाएंगे।
(2) यदि अभ्यर्थी की अर्हकारी परीक्षा की अंकसूची में पूर्णांक तथा प्राप्तांक का उल्लेख न होते हुए ग्रेड/पाइंट स्केल का उल्लेख है तो उन्हें अपने ग्रेड/पाइंट स्केल के समतुल्य प्रतिशत के निर्धारण विषयक सूत्र/सिद्धांत के आधार पर प्रतिशत की गणना करते हुए शपथ-पत्र आवेदन-पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। शपथ-पत्र के साथ प्रतिशत निर्धारण हेतु अपनाए गए सूत्र/सिद्धांत के अनुसमर्थन हेतु संबन्धित विश्वविद्यालय के सुसंगत अभिलेख संलग्न करना भी अनिवार्य है।

टीप :-
(1) शासन द्वारा पदों की संख्या का पुनरीक्षण करने पर इस पद संख्या में परिवर्तन किया जा सकता है। पदों की संख्या में वृद्धि केवल साक्षात्कार द्वारा चयन की स्थिति में साक्षात्कार कार्यक्रम के प्रकाशन तिथि तक तथा ऑनलाइन परीक्षा की स्थिति में ऑनलाइन परीक्षा के परिणाम की तिथि तक की जा सकेगी। बढ़े हुए पदों हेतु अतिरिक्त आवेदन पत्र प्राप्त नहीं किए जाएंगे। पदों की संख्या में कमी चयन के किसी भी स्तर पर की जा सकेगी।
(2) चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति दो वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर की जाएगी।
(3) किसी भी प्रवर्ग में मध्यप्रदेश की मूल निवासी महिलाओं के लिए आरक्षित पद उपयुक्त महिला अभ्यर्थी के अभाव में उसी प्रवर्ग के पुरुष अभ्यर्थियों के चयन द्वारा भरे जा सकेंगे।
(4) मध्यप्रदेश के मूल निवासी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर) तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग तथा दिव्यांगजन हेतु आरक्षित पदों हेतु केवल मध्यप्रदेश के मूल निवासी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर) तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग तथा दिव्यांगजन ही आवेदन कर सकेंगे। **छत्तीसगढ़ सहित अन्य प्रदेशों के मूल निवासी ऐसे अभ्यर्थी जो अपने मूल निवास के राज्य में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर) या आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के रूप में मान्य है अथवा दिव्यांगजन है, अनारक्षित श्रेणी के रूप में विचारित किए जाएंगे।** अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर) के अभ्यर्थियों को यह घोषणा-पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा की वे क्रीमी लेयर में नहीं आते।
(5) मध्यप्रदेश के मूल निवासी, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर) श्रेणी के अभ्यर्थियों को आवेदन तथा परीक्षा शुल्क में विहित छूट तथा यात्रा-व्यय प्रतिपूर्ति का लाभ देय होगा।

चार **मध्यप्रदेश सिविल सेवाएं (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम 1961 के अंतर्गत अनर्हता :-**
अ. कोई भी उम्मीदवार जिसे महिलाओं के विरुद्ध किसी अपराध का सिद्ध-दोष ठहराया गया हो, किसी भी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा। परंतु जहां किसी भी उम्मीदवार के विरुद्ध न्यायालय में ऐसे मामले लंबित हों तो उनकी नियुक्ति का मामला आपराधिक मामले का अंतिम विनिश्चय होने तक लंबित रखा जाएगा।
ब. कोई भी उम्मीदवार जिसकी दो से अधिक जीवित संतान हैं, जिनमें से एक का जन्म 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात हो, किसी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा। परंतु कोई भी उम्मीदवार जिसकी पहले से एक जीवित संतान है तथा आगामी प्रसव 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात हो, जिसमें दो या दो से अधिक संतान का जन्म होता है, किसी भी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिए निरर्हित नहीं होगा।

पांच **महत्वपूर्ण :-** यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी कि, वे अपने आवेदित पद के लिए निर्धारित समस्त अर्हताओं और शर्तों को पूरा करते हैं। अतः आवेदन करने के पहले अभ्यर्थी अपनी अर्हता की जांच स्वयं कर लें और अर्हता की समस्त शर्तों को पूरा करने पर ही आवेदन-पत्र भरें। लिखित परीक्षा हेतु प्रवेश-पत्र जारी करने अथवा साक्षात्कार के लिए आमंत्रित करने का अर्थ यह कदापि नहीं होगा कि अभ्यर्थी को अर्ह मान लिया गया है। चयन के किसी भी स्तर पर अभ्यर्थी के अनर्ह पाए जाने पर उसका आवेदन पत्र निरस्त कर उसकी अभ्यर्थिता समाप्त की जाएगी।

छः **आयु सीमा :-** 21 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हो किन्तु 40 वर्ष की आयु पूर्ण न की हो।

सात **आयु संगणना तिथि** 01.01.2022
आयु सीमा में दी गई अन्य छूटों के लिए **परिशिष्ट -1** देखें।

आठ **अधिवार्षिकी आयु :-** 65 वर्ष

नौ **चयन प्रक्रिया :-**
चयन साक्षात्कार के आधार पर होगा। अर्हकारी परीक्षा में प्राप्त अंकों के गुणानुक्रम के आधार पर प्रत्येक श्रेणियों/उप श्रेणियों हेतु विज्ञापित पदों के 5 गुना अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जाएगा बशर्ते कि पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध हों।
साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के गुणानुक्रम के आधार पर अंतिम चयन सूची घोषित की जाएगी। साक्षात्कार हेतु पूर्णांक 100 होगा। अनारक्षित तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग हेतु 41 प्रतिशत तथा मध्यप्रदेश के मूल निवासी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर) तथा दिव्यांगजन श्रेणी हेतु 31 प्रतिशत न्यूनतम उत्तीर्णांक होंगे।

टीपः-
(1) आवश्यक होने पर लिखित परीक्षा ऑनलाइन पद्धति से आयोजित की जाएगी। लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के गुणानुक्रम के आधार पर विभिन्न श्रेणियों/ उप श्रेणियों हेतु विज्ञापित पदों के 3 गुना तथा समान अंक अर्जित करने वाले अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जाएगा। अंतिम चयन लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के योग के गुणानुक्रम के आधार पर किया

जाएगा। लिखित परीक्षा की स्थिति में साक्षात्कार हेतु कोई न्यूनतम उत्तीर्णांक नहीं होंगे।

(2) लिखित परीक्षा की स्थिति में परीक्षा योजना तथा पाठ्यक्रम यथासमय "रोज़गार एवं निर्माण" समाचार पत्र तथा आयोग की वेबसाइट **www.mppsc.nic.in** तथा **www.mppsc.com** पर प्रकाशित किया जाएगा। लिखित परीक्षा की स्थिति में आवेदकों को परीक्षा शुल्का का पृथक से भुगतान करना होगा।

चयन परिणाम प्रकाशित होने के वाद भी यदि कोई कम्प्यूटर त्रुटि/लिपिकीय त्रुटि ध्यान में आती है तो आयोग का चयन परिणाम को सुधारने का अधिकार सुरक्षित है।

दस **आवेदन प्रक्रिया** :- उक्त पद हेतु आवेदन-पत्र इन्टरनेट के माध्यम से ऑनलाइन जमा किए जा सकेंगे। ऑनलाइन आवेदन-पत्र भरने की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी हेतु **परिशिष्ट-2** का अवलोकन करें।

ग्यारह विज्ञापन के संदर्भ में आवश्यक सूचनाएं, परीक्षा के परिणाम केवल आयोग की वेबसाइट **www.mppsc.nic.in** तथा **www.mppsc.com** एवं रोज़गार और निर्माण समाचार पत्र में प्रकाशित किए जाएंगे। अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन-पत्र भरते समय दिए गए E-mail Address तथा मोवाइल नंबर पर E-mail तथा SMS द्वारा आवश्यक होने पर सूचना दी जा सकेगी। आवेदक आवश्यक सूचनाओं हेतु ऑनलाइन आवेदन-पत्र पर विहित स्थान पर अपने ई-मेल पते तथा मोवाइल नंबर का अवश्य उल्लेख करें तथा आयोग की वेबसाइट का निरंतर अवलोकन करते रहें।

बारह आवेदक विस्तृत जानकारी हेतु निम्न परिशिष्ट देखें :-

(1) आयु सीमा की छूटें **परिशिष्ट-1**

(2) आवेदन-पत्र भरने के तथा अन्य निर्देश एवं जानकारियां **परिशिष्ट-2**

उप सचिव

परिशिष्ट-1

(एक) मध्यप्रदेश के मूल निवासी अभ्यर्थियों को अधिकतम आयु सीमा में अनुज्ञेय छूट

(1) मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक सी.3-8/2016/1/3, दिनांक 04 जुलाई, 2019 अनुसार अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/शासकीय/निगम/मण्डल/स्वशासी संस्था के कर्मचारियों/नगर सैनिक/महिलाओं (अनारक्षित/आरक्षित)/दिव्यांगजन आदि के लिए अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी तथा **उक्त श्रेणी के अभ्यर्थियों हेतु अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष रहेगी।**

(2) ऐसा अभ्यर्थी जो भूतपूर्व सैनिक हो, उसे अपनी आयु में से उसके द्वारा पहले की गई सम्पूर्ण प्रतिरक्षा सेवा की अवधि कम करने के लिए अनुज्ञात किया जाएगा, किन्तु उसके परिणामस्वरूप जो आयु निकले वह अधिकतम आयु सीमा से तीन वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

स्पष्टीकरण :-

भूतपूर्व सैनिक से अभिप्रेत है 'मध्यप्रदेश के भूतपूर्व सैनिक (राज्य की सिविल सेवाओं तथा पदों, तृतीय श्रेणी तथा चतुर्थ श्रेणी में रिक्तियों का आरक्षण) नियम 1985' के नियम 2 (ग) में यथा परिभाषित भूतपूर्व सैनिक।

दो) प्रोत्साहन स्वरूप दी गई छूटें

(1) अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत पुरस्कृत दंपतियों के सवर्ण सहभागी को सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञाप क्रमांक सी-3/10/85/3/1, दिनांक 29.06.1985 के संदर्भ में अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट दी जाएगी।

(2) विक्रम पुरस्कार से सम्मानित खिलाड़ियों को सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञापन क्रमांक सी-3/18/85/3/1 दिनांक 03.09.1985 के संदर्भ में अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट दी जाएगी।

टीप:- (1) परिशिष्ट-1 (दो) के अंतर्गत प्रोत्साहन स्वरूप अधिकतम आयु सीमा में विभिन्न कार्यों/योजनाओं के अंतर्गत दी गई छूटों में से यदि कोई आवेदक एक से अधिक छूट का आधार रखता है तो उसे आयु सीमा में अधिकतम लाभ वाले किसी एक आधार (प्रोत्साहन वाले) के लिए देय छूट मिलेगी।

(तीन) मध्यप्रदेश के चिकित्सालयों में संविदा पर कार्यरत या कार्य कर चुके संविदा चिकित्सा अधिकारियों हेतु विशेष छूट

1. सामान्य प्रशासन विभाग, मध्यप्रदेश शासन के परिपत्र क्रमांक सी-5-2/2018/1/3, दिनांक 05.06.2018 में प्रदत्त अनुदेशों के अनुसार मध्यप्रदेश के चिकित्सालयों में संविदा पर कार्यरत या कार्य कर चुके संविदा चिकित्सा अधिकारियों को जिन्होंने न्यूनतम 5 वर्ष की संविदा सेवा की है, उनके द्वारा समकक्ष अथवा उच्चतर श्रेणी के संविदा पद पर जितने वर्ष की सेवा की गई है, उतने वर्ष की छूट अधिकतम आयु सीमा में दी जाएगी किन्तु उक्त छूट को सम्मिलित करते हुए उनकी आयु ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि तक 55 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।
2. उक्त छूट हेतु अभ्यर्थी को उसकी संविदा सेवा की अवधि के प्रमाणन हेतु विहित अधिकारी द्वारा अनुभव प्रमाण-पत्र आयोग को प्रेषित किए जाने वाले अभिलेखों के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। प्रमाण-पत्र में धारित पद तथा अनुभव अवधि का स्पष्ट उल्लेख आवश्यक होगा (दिनांक से दिनांक तक प्रारूप में)। अपेक्षित प्रमाण-पत्र/पत्रों के अभाव में अभ्यर्थी का आवेदन-पत्र निरस्त किया जाएगा।

नोट :- (01) उपरोक्त **परिशिष्ट-1** (एक) (1 से 2), (दो) (1 एवं 2) तथा (तीन) में उल्लेखित आयु सीमा की छूट की पात्रता सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर ही देय होगी।

(02) आवेदकों को उपरोक्त सभी छूटें देय होंगी किन्तु समस्त छूटों को शामिल करते हुए भी किसी भी स्थिति में किसी भी प्रवर्ग हेतु अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी। अर्थात जिन आवेदकों की आयु 45 वर्ष से अधिक है वे आवेदन करने के पात्र नहीं है। (मध्यप्रदेश के चिकित्सालयों में संविदा पर कार्यरत या कार्य कर चुके संविदा चिकित्सा अधिकारियों को देय छूट को छोड़कर)

परिशिष्ट-2

ऑनलाइन आवेदन करने के संदर्भ में निर्देश एवं अन्य जानकारी

1. ऑनलाइन आवेदन करने के संदर्भ में आवश्यक अनुदेश निम्नानुसार है :-

1. उपरोक्त पदों हेतु आवेदन-पत्र निम्न वेबसाइटों पर भरे जा सकेंगे
   1. www.mponline.gov.in
   2. www.mppsc.com
   3. www.mppsc.nic.in
2. आवेदक mponline के स्थापित अधिकृत कियोस्कों के माध्यम से ऑनलाइन फार्म भरकर कियोस्क पर ही आवेदन/परीक्षा शुल्क का नगद भुगतान कर रसीद आवश्यक रूप से प्राप्त करें तथा आवेदन-पत्र की भलीभांति जांचकर सुनिश्चित कर लें कि भुगतान हो चुका है। mponline के अधिकृत कियोस्कों की सूची **www.mponline.gov.in**, **www.mppsc.com** तथा **www.mppsc.nic.in** पर पता एवं फोन नंबर सहित उपलब्ध है।
3. आवेदक अपने घर पर या इंटरनेट कैफे के माध्यम से भी ऑनलाइन फार्म भरकर आवेदन/ परीक्षा शुल्क का भुगतान क्रेडिट कार्ड या डेविट कार्ड के माध्यम से कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त नेट बैंकिंग सुविधा धारक आवेदक नेट बैंकिंग द्वारा भी शुल्क का भुगतान कर सकते हैं।
4. आवेदक फार्म भरने के पूर्व अपने नवीनतम फोटोग्राफ की पासपोर्ट साइज की तथा हस्ताक्षर की स्केन फाइलें तैयार रखें जिन्हें उन्हें ऑनलाइन फार्म भरते समय अपलोड करना होगा। mponline के अधिकृत कियोस्क पर स्केनिंग की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध है, जिसका उपयोग किया जा सकता है।

फोटो स्केनिंग के संदर्भ में आवश्यक अनुदेश :-

1. स्केनिंग हेतु पासपोर्ट साइज़ की नवीनतम रंगीन फोटो का प्रयोग करें।
2. फोटो खिचवाते समय रिलेक्स स्थिति में सीधे कैमरे में देखें।
3. यदि आप चश्में का प्रयोग करते हैं तो यह सुनिश्चित करें कि कोई रिफ़्लेक्सन न हो तथा आपकी आंखें स्पष्टतः दिख रही हों।
4. टोपी हैट तथा डार्क चश्में स्वीकार्य नहीं है। सर पर पहने जाने वाले धार्मिक परिधान स्वीकार्य है किन्तु उनसे आपका चेहरा नहीं ढंकना चाहिए।
5. यह सुनिश्चित करें कि फोटो का बैकग्राउंड हल्के रंग या आदर्श रूप में सफ़ेद हो।
6. किसी और से अपनी फोटो खिचवाएं। कृपया सेल्फी का प्रयोग न करें।

5. ऑनलाइन आवेदन-पत्र भरते समय ध्यान रखना चाहिए कि, वह उक्त वेबसाइट पर दिए गए ऑनलाइन आवेदन-पत्र की प्रत्येक जानकारी अच्छी तरह समझकर सावधानीपूर्वक सही रूप में जिस प्रकार चाहा गया है उसी प्रकार जानकारी भरें। आवेदन-पत्र भरने के संदर्भ में अभ्यर्थी वेबसाइट पर उपलब्ध अनुदेशों तथा निर्देशों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर तदानुसार ऑनलाइन आवेदन-पत्र भरें।
6. आयोग द्वारा ऑनलाइन आवेदन भरने की प्रक्रिया में यह माना जाएगा कि, आवेदक द्वारा जो जानकारी ऑनलाइन फार्म में अंकित की जा रही है वही प्रमाणिक जानकारी है, अतः ऑनलाइन आवेदन-पत्र submit करने के पूर्व आवेदक अपना आवेदन-पत्र सावधानीपूर्वक भलीभांति पढ़ एवं समझकर तथा भरी गई जानकारी से स्वयं को संतुष्ट करने के पश्चात ही आवेदन-पत्र submit करें।
7. आवेदन-पत्र submit करने के वाद खुलने वाले popup window में आवेदक को उसके द्वारा आवेदन-पत्र में उल्लिखित आधारभूत सूचनाएं अर्थात **उसका नाम, माता-पिता का नाम, जन्म तिथि, श्रेणी, लिंग आदि की जानकारी दी जाएगी,** जिसमें त्रुटि परिलक्षित होने पर अभ्यर्थी Cancel वटन दवाकर पुनः फार्म में वापस जाकर अपेक्षित सुधार कर सकेंगे। Popup window में OK वटन दवाकर फार्म सवमिट करने पर आवेदन-पत्र के सफलतापूर्वक जमा होने की सूचना मिलेगी। जिसमें उसके आवेदन-पत्र क्रमांक का उल्लेख होगा, किन्तु यह Unpaid होगा।

अभ्यर्थी कृपया ध्यान रखें कि आवेदन-पत्र submit होने के बाद "proceed for payment" वटन दवाकर भुगतान की कार्यवाही पूर्ण होने के पश्चात अभ्यर्थी को उसका आवेदन-पत्र प्राप्त होगा, जिसमें भुगतान का विवरण भी होगा जिसमें भुगतान राशि तथा "Payment Done" स्पष्टतः उल्लेखित होगा। आवेदक उक्त सूचना को प्रिंट करके अपने पास रखें तथा भविष्य में आयोग से किए जाने वाले पत्र व्यवहार में आवेदन-पत्र क्रमांक का उल्लेख करें।

8. **त्रुटि सुधार सुविधा** :- अभ्यर्थी अपना आवेदन-पत्र सावधानी पूर्वक भरें। आवेदन-पत्र में कोई त्रुटि होने पर दिनांक 01.07.2021 से 25.07.2021 तक प्रति त्रुटि सुधार सत्र रुपये 50/- त्रुटि सुधार शुल्क का भुगतान कर ऑनलाइन आवेदन-पत्र में अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन ही त्रुटि सुधार किया जा सकेगा। नियत अवधि में त्रुटि सुधार नहीं करने पर कोई पश्चातवर्ती अभ्यावेदन मान्य नहीं करते हुए नस्तीवद्ध किया जाएगा। मध्यप्रदेश के मूल निवासी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर) तथा दिव्यांगजन श्रेणी के अभ्यर्थियों हेतु शुल्क रु. 250 तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग हेतु रु. 500 निर्धारित है, अतः छूट वाली श्रेणियों के अभ्यर्थी के रूप में भरे गए आवेदन को त्रुटि सुधार द्वारा गैर छूट श्रेणी का करने की स्थिति में शुल्क अंतर की राशि रुपये 250 त्रुटि सुधार शुल्क के अतिरिक्त देय होगा, किन्तु गैर छूट श्रेणी के अभ्यर्थी के रूप में भरे गए आवेदन को त्रुटि सुधार द्वारा छूट श्रेणी का करने की स्थिति में शुल्क अंतर की राशि वापस नहीं की जाएगी।

ऑनलाइन आवेदन पत्रों में भरी गई श्रेणी/वर्ग (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग)/लिंग (महिला/पुरुष)/शासकीय सेवक/दिव्यांगता आदि के आधार पर ही परिणाम घोषित किया जाता है। अतः त्रुटिसुधार अवधि समाप्त होने के बाद श्रेणी/वर्ग परिवर्तन विषयक कोई पश्चातवर्ती अभ्यावेदन मान्य नहीं करते हुए नस्तीवद्ध किया जाएगा।

9. आवेदन-पत्र प्रेषण के संदर्भ में आवश्यक अनुदेश :-

(1) आयोग की वेवसाइट **www.mppsc.nic.in** तथा **www.mppsc.com** के Download Formate लिंक से अनुप्रमाणन फार्म, व्यक्तिगत विवरण-पत्रक, एवं उपस्थिति-पत्रक डाउनलोड करके उनकी पूर्ति करें। पूर्ति पश्चात उक्त प्रपत्रों की क्रमशः तीन, छः तथा एक छाया प्रति करायें।

(2) ऑनलाइन आवेदन-पत्र भरने तथा शुल्क भुगतान के पश्चात प्राप्त ऑनलाइन आवेदन में उल्लेखित भुगतान विवरण की जांच कर यह सुनिश्चित कर लें कि शुल्क का भुगतान हो चुका है। यह भी जांच कर लें कि समस्त प्रविष्टियां सही है (त्रुटि होने पर विहित अवधि में त्रुटि सुधार कर लें (देखें बिन्दु-8)। ऑनलाइन आवेदन-पत्र में विहित स्थान पर अपने हस्ताक्षर करें। उक्त हस्ताक्षरित ऑनलाइन आवेदन-पत्र के साथ अपने सभी अभिलेखों की स्वप्रमाणित प्रति संलग्न करें तथा साथ ही अनुप्रमाणन फार्म, व्यक्तिगत विवरण पत्रक एवं उपस्थिति पत्रक की एक-एक प्रति संलग्न करें। (प्रपत्रों की शेष प्रतियां अपने पास सुरक्षित रखें क्योंकि उन्हें आपको साक्षात्कार के समय अपने मूल अभिलेखों के साथ प्रस्तुत करना होगा)

(3) एक वड़े लिफाफे पर निम्न विवरण अंकित कर उक्त सेट (आवेदन-पत्र तथा समस्त अभिलेख) इस वड़े लिफाफे में रखकर पंजीवद्ध डाक या स्पीड पोस्ट से आयोग को प्रेषित करें।

विज्ञापन क्रमांक 04/2021 दिनांक 14.06.2021
चिकित्सा अधिकारी, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के पद हेतु आवेदन-पत्र

प्रति,
सचिव
मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग,
रेसीडेंसी एरिया
इंदौर (मध्यप्रदेश) पिन - 452001

प्रेषक :
आवेदक का नाम
तथा पता

(लिफाफे पर विज्ञापन क्रमांक, पद/ विभाग का नाम अंकित न होने पर उस पर विचार नहीं किया जाएगा)

(4) ध्यान रखें अभिलेखों सहित उक्त आवेदन-पत्र दिनांक 05.08.2021 को सायंकाल 5:30 बजे तक आयोग कार्यालय में पहुंचने पर ही समयावधि में प्राप्त माना जाएगा। आवेदन-पत्र उक्त दिनांक तथा समय तक समस्त कार्य दिवसों में कार्यालयीन समय **(प्रातः 10:30 वजे से सायंकाल 5:30 वजे तक)** आयोग कार्यालय में भी प्राप्त किए जाएंगे तथा प्राप्ति की रसीद दी जाएगी। आवेदक आयोग को प्रेषित आवेदन-पत्र तथा अभिलेखों का एक सेट अपने पास सुरक्षित रखें।

10. विलंब से प्राप्त आवेदन-पत्र निरस्त किए जाएंगे तथा जमा शुल्क वापस नहीं किया जाएगा। अतः आवेदक अंतिम तिथि की प्रतीक्षा करने के बजाय पर्याप्त समय पूर्व ऑनलाइन आवेदन कर अभिलेखों सहित आवेदन-पत्र आयोग को प्रेषित करें।
11. आवेदक यह सुनिश्चित करें कि उनके द्वारा आवेदन-पत्र में दर्ज हस्ताक्षर ही वे साक्षात्कार की उपस्थिति सूची तथा आयोग के समस्त पत्र व्यवहार में करें। विभिन्न अभिलेखों के हस्ताक्षरों में समानता न होने पर आवेदक की उम्मीदवारी निरस्त की जा सकेगी।

2. आवेदन शुल्क

मध्यप्रदेश के मूल निवासी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर) तथा दिव्यांगजन श्रेणी के अभ्यर्थियों हेतु	शेष सभी श्रेणी तथा मध्यप्रदेश के बाहर के निवासी अभ्यर्थियों हेतु
रु. 250/-	रु.500/-
उपरोक्त शुल्क के अतिरिक्त रु. 40/- (जीएसटी सहित) पोर्टल शुल्क देय होगा	
• ऑनलाइन परीक्षा की स्थिति में परीक्षा शुल्क का भुगतान पृथक से करना होगा	
• **शुल्क वापसी** :- अपरिहार्य कारणों से विज्ञापन निरस्त होने की स्थिति में अभ्यर्थियों से ऑनलाइन शुल्क वापसी आवेदन प्राप्त कर आवेदन शुल्क की राशि वापस की जाएगी किन्तु पोर्टल शुल्क की राशि किसी भी स्थिति में वापस नहीं की जाएगी।	

आवेदन शुल्क तथा पोर्टल शुल्क के अतिरिक्त किसी भी रूप में अन्य किसी राशि का भुगतान नहीं करना है। यदि कियोस्कधारक द्वारा अतिरिक्त राशि की मांग की जाती है तो mponline से निम्न दूरभाष पर संपर्क कर शिकायत दर्ज़ करा सकते हैं :-

हेल्पलाइन नं. - 0755-6720200

नोट : यदि आपको ऑनलाइन आवेदन-पत्र भरने में कोई समस्या आती है तो नीचे दर्शाए गए दूरभाष नंबरों पर संपर्क करें :-
मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, रेसीडेंसी क्षेत्र, इंदौर (0731) 2701624, 2701983
एम.पी. ऑनलाइन लिमिटेड, (मध्यप्रदेश शासन तथा टाटा कंसल्टेन्सी सर्विसेज का संयुक्त उपक्रम)
ऑफिस ब्लॉक OB-14 से 17, चतुर्थ तल, डी.बी. सिटी कार्पोरेट पार्क,
अरेरा हिल्स, ज़ोन-1 के सामने, एम.पी. नगर,
भोपाल-462011, हेल्पलाइन नं. - 0755-6720200

3. आवेदन की अंतिम तिथि
ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 23.07.2021 है। अंतिम तिथि को रात्रि 12:00 बजे के बाद आवेदन-पत्र जमा करने की सुविधा बंद कर दी जाएगी।

4. अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन-पत्र के साथ निम्नांकित प्रमाण-पत्रों की छायाप्रतियां आवश्यक रूप से संलग्न करें :-

आयु संबंधी प्रमाण के लिए :- केवल हाईस्कूल/हायर सेकेन्डरी अथवा मेट्रीक्यूलेशन की अंक-सूची/ प्रमाण-पत्र जिसमें जन्म तिथि का स्पष्ट उल्लेख हो।

रोज़गार कार्यालय में पंजीयन का प्रमाण-पत्र :- मध्यप्रदेश के रोज़गार कार्यालय में जीवित पंजीयन से संबन्धित पंजीकरण प्रमाण-पत्र संलग्न करें।

दिव्यांगता प्रमाण-पत्र :- जिला चिकित्सा मण्डल या उच्चतर प्राधिकारी द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण-पत्र संलग्न करें जिसमें 40 प्रतिशत या अधिक दिव्यांगता प्रमाणित की गई हो। चिकित्सा अधिकारी के पदों हेतु 40 प्रतिशत या अधिक दिव्यांगता वाले लोकोमोटर दिव्यांगजन ही आरक्षण तथा छूटों हेतु पात्र है।

शैक्षणिक अर्हताओं के प्रमाण-पत्र :- हाईस्कूल/हायर सेकेन्डरी तथा उसके बाद की अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता सहित उन समस्त परीक्षाओं की जिन्हें आवेदक ने उत्तीर्ण किया है के समस्त वर्षों/सेमेस्टर्स की अंक सूचियां एवं उपाधि।

शासकीय सेवक होने का प्रमाण-पत्र :- यह प्रमाण-पत्र नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा जारी किया होना चाहिए। इस प्रमाण पत्र में धारित पद तथा विभाग का स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए।

संविदा सेवा के अनुभव प्रमाण-पत्र :- यह प्रमाण-पत्र सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किया होना चाहिए। इस प्रमाण-पत्र में धारित पद तथा अनुभव अवधि का स्पष्ट उल्लेख होना आवश्यक है। (दिनांक से दिनांक तक प्रारूप में)

जाति के प्रमाण-पत्र :- अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर) का स्थाई जाति प्रमाण-पत्र अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) जो की मध्यप्रदेश शासन द्वारा जाति प्रमाण-पत्र देने के अधिकृत है द्वारा जारी किया गया हो आवेदन-पत्र के साथ संलग्न करें। साक्षात्कार के समय स्थायी जाति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है। यदि अभ्यर्थी साक्षात्कार के समय स्थायी जाति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत नहीं करता है तो उसकी उम्मीदवारी रद्द की जाएगी जिसके लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होगा। इस संदर्भ में अभ्यर्थी का कोई वचन-पत्र अथवा अभ्यावेदन मान्य नहीं करते हुए उसे नस्तीवद्ध किया जाएगा एवं आयोग इस संदर्भ में कोई पत्र-व्यवहार नहीं करेगा। विवाहित महिलाओं का उनके नाम के साथ पिता का नाम उल्लेखित जाति प्रमाण-पत्र ही मान्य किया जाएगा। विवाहित महिलायें विवाहोपरांत नाम/उपनाम परिवर्तन का शपथ पत्र संलग्न करें। अन्य किसी राज्य में जारी किया गया प्रमाण-पत्र मान्य नहीं होगा।

अन्य पिछड़ा वर्ग में क्रीमीलेयर में न आने का प्रमाणन भी आवश्यक है अर्थात अन्य पिछड़ा वर्ग के जिन प्रमाण-पत्रों में क्रीमीलेयर में न आने संबंधी कंडिका कटी होगी या नहीं होगी वे मान्य नहीं होंगे। इस संदर्भ में अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को निम्नानुसार घोषणा-पत्र संलग्न करना होगा :-

घोषणा-पत्र (Declaration) का प्रारूप

मैं ..... आयोग के विज्ञापन क्रमांक **04/2021 दिनांक 14.06.2021** के अंतर्गत आवेदन-पत्र आयोग को प्रस्तुत कर रहा/रही हूं। मैं निम्नानुसार घोषणा करता/करती हूं

1. मैं ..... पुत्र/पुत्री श्री ..... निवासी ग्राम/कस्बा/शहर/ ..... जिला ....., मध्यप्रदेश का/की मूल निवासी हूं। यह घोषणा करता/ करती हूं कि मैं ..... जाति का/की सदस्य हूं जो शासन द्वारा शासकीय सेवा में (अन्य पिछड़ा वर्ग) श्रेणी में आरक्षण के लिए अधिसूचित है।
2. मैं शपथ पूर्वक यह भी घोषणा करता/करती हूं कि आवेदन की अंतिम तिथि तक मध्यप्रदेश शासन के सामान्य प्रशासन विभाग के द्वारा निर्धारित अद्यतन मापदंडों के अनुसार, मैं सम्पन्न वर्ग अर्थात क्रीमीलेयर की श्रेणी के अंतर्गत नहीं आता/ आती हूं।

दिनांक :- ..... **हस्ताक्षर** .....
नाम .....
आवेदन-पत्र क्रमांक .....

(उक्त घोषणा-पत्र तथा जाति प्रमाण-पत्र की स्केन्ड प्रति ऑनलाइन आवेदन-पत्र के साथ संलग्न करें)

तदर्थ रूप से शासन की सेवा में कार्यरत आवेदकों को तत्संबंधी प्रमाण-पत्र आवेदन-पत्र के साथ संलग्न करना आवश्यक है।

शासकीय/निगम/मण्डल/स्वशासी संस्था के कर्मचारी तथा नगर सैनिक हेतु :- नियोक्ता अधिकारी/सक्षम अधिकारी का प्रमाण-पत्र।

परिशिष्ट-1 की कंडिका- (दो-1) के अधीन उच्चतम आयु सीमा में छूट हेतु शासन द्वारा प्राधिकृत अधिकारी का प्रमाण-पत्र।

परिशिष्ट-1 की कंडिका- (दो-2) के अंतर्गत उच्चतम आयु सीमा में छूट हेतु विक्रम पुरस्कार प्राप्त होने का प्रमाण-पत्र।

5. जो व्यक्ति पहले से शासकीय सेवा में स्थायी या अस्थायी हैसियत से काम कर रहा हो या किसी काम के लिए विशिष्ट रूप से नियुक्त कर्मचारी हो, जिसमें आकस्मिक या दैनिक दर पर नियुक्त कर्मचारी अथवा जो लोक उद्यमों के अधीन कार्यरत हो, उनको यह परिवचन (Undertaking) प्रस्तुत करना होगा कि उन्होंने लिखित रूप से अपने कार्यालय/विभाग के अध्यक्ष को सूचित कर दिया है कि उन्होंने इस विज्ञापन के संदर्भ में आवेदन किया है। उम्मीदवारों को यह ध्यान रखना चाहिए कि यदि आयोग को उनके नियोक्ता से उनके उक्त परीक्षा के लिए आवेदन करने अथवा परीक्षा/साक्षात्कार में शामिल होने के संदर्भ में अनुमति रोकते हुए कोई पत्र मिलता है तो उनका आवेदन-पत्र अस्वीकृत कर उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।

6. **अनुशासनिक निर्देश :- (ऑनलाइन परीक्षा संबंधी अनुदेश ऑनलाइन परीक्षा की स्थिति में)**
यदि आयोग का यह समाधान हो जाता है कि कोई अभ्यर्थी निम्नलिखित में से किसी के लिए दोषी है :-
01 जिसने अपनी उम्मीदवारी के लिए साक्षात्कार में किसी भी तरीके से समर्थन अभिप्राप्त किया हो; या
02 प्रतिरूपण किया हो; या
03 किसी व्यक्ति से प्रतिरूपण कराया हो; या
04 कूट रचित अभिलेख या ऐसे अभिलेख प्रस्तुत किए हों, जिनमें फेरबदल किया गया हो; या
05 ऐसे कथन दिए हों जो गलत और झूठे हों या जिसने चयन के किसी भी प्रक्रम पर सारभूत जानकारी छुपाई हों; या
06 परीक्षा में प्रवेश पाने के लिए कोई अन्य अनियमित या अनुचित साधन अपनाया हो; या
07 परीक्षा कक्ष में अथवा अन्यत्र अनुचित साधनों का उपयोग किया हो या करने का प्रयास किया हो; या
08 परीक्षा संचालन में लगे कर्मचारियों को परेशान किया हो या धमकाया हो या शारीरिक छति पहुंचाई हो; या
09 उनके द्वारा प्रवेश पत्र में उम्मीदवारों के लिए दिए गए किसी भी अनुदेशों या निर्देशों जिसमें परीक्षा संचालन में लगे केंद्र पर्यवेक्षक या अन्य कर्मचारी द्वारा मौखिक रूप से दिए गए अनुदेश सम्मिलित है, अतिक्रमण किया हो; या
10 परीक्षा कक्ष में या साक्षात्कार में किसी अन्य तरीके से किया गया दुर्व्यवहार,
11 परीक्षा कक्ष में परीक्षा हेतु प्राप्त उत्तर-पुस्तिका परीक्षा के समाप्त होने पर परीक्षा कक्ष के वीक्षक/ परीक्षक को न जमा करते हुए अपने साथ ले गया हो।

तब आयोग द्वारा :-
(क) उसे उस परीक्षा के लिए, जिसके लिए वह उम्मीदवार है निरर्ह ठहराया जा सकेगा
और/ या
उसे या तो स्थायी रूप से या विनिर्दिष्ट कालावधि के लिए आयोग द्वारा ली जाने वाली किसी परीक्षा से या उनके द्वारा किए जाने वाले किसी चयन से विवर्जित कर सकेगा।
(ख) यदि वह शासन के अधीन पहले से ही सेवा में हो तो उपर्युक्त नियमों के अधीन उस पर अनुशासनिक कार्यवाही हेतु पैतृक विभाग को अनुशंसा की जाएगी।
(ग) इसके अतिरिक्त अभ्यर्थी के विरुद्ध आपराधिक अभियोजन भी दर्ज किया जा सकेगा।

एवं तब शासन द्वारा :-
उसे या तो स्थायी रूप से या विनिर्दिष्ट कालावधि के लिए उसके अधीन नियोजन से विवर्जित किया जा सकेगा।

7. **अनर्हताएं** :- ऐसे अभ्यर्थी जिन्हें किसी भी चयन संस्था द्वारा विशिष्ट कालावधि हेतु भर्ती परीक्षा हेतु विवर्जित किया गया है उस कालावधि हेतु आवेदन करने हेतु अपात्र रहेंगे।

8. **यात्रा व्यय का भुगतान** :-
मध्यप्रदेश हेतु अधिसूचित अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर) श्रेणी के ऐसे अभ्यर्थियों को जो कहीं सेवारत नहीं है, मध्यप्रदेश शासन के प्रचलित नियमों के अधीन यात्रा व्यय का भुगतान आयोग कार्यालय द्वारा किया जाएगा। आवेदकों को इसके लिए वांछित घोषणा-पत्र भरकर देना होगा तथा यात्रा भत्ते की पात्रता से संबन्धित निम्नांकित अभिलेख प्रस्तुत करने होंगे :-
(01) अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर) श्रेणी के प्रमाणन हेतु अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण-पत्र की स्व-प्रमाणित प्रति।
(02) यात्रा टिकट जिसमें यात्रा की तिथि, कहां से कहां तक यात्रा की गई है तथा किराए की राशि का स्पष्टतः उल्लेख हो।

अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत अभिलेखों के परीक्षण के बाद यात्रा व्यय का भुगतान ऑनलाइन पद्धति से अभ्यर्थी के खाते में किया जाएगा। इस हेतु अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर) के अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन-पत्र में विहित स्थान पर अपने बैंक का नाम स्वयं के बैंक खाते का नम्बर एवं बैंक का आई.एफ.एस.सी. कोड का उल्लेख करना तथा साथ ही अपने बैंक पासबुक के प्रथम पृष्ठ की स्केन प्रति आवेदन-पत्र के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा।

जी-13468/आर-45589/2021 **परीक्षा नियंत्रक**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम
कार्यालय परियोजना यंत्री, ग्वालियर संभाग क्र. 02
मकान नं. सी-31, कुलपति निवास के सामने, गोविन्दपुरी चौराहा
सचिन तेन्दुलकर रोड, सिटी सेंटर, ग्वालियर पिन-474011

प्रेस-विज्ञप्ति
निविदा आमंत्रण सूचना-06/2021-22

कार्यालय मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम संभाग, ग्वालियर क्र.-2 द्वारा निर्माण कार्यों हेतु निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 06/2021-22 के अन्तर्गत ऑनलाइन निविदा की कार्यवाही की गई है। जिसके ऑनलाइन निविदा क्र. MPPHC_146825_1 है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 30.06.2021 तक** खरीदे जा सकते हैं। जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है।
म.प्र. माध्यम/100992/45601/2021 **कार्यपालन यंत्री**

क्रमांक 2715001/2014/ई.डी.पी./ई-टेंडरिंग/406/1256

कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग जल संसाधन भवन, तुलसी नगर, भोपाल

ई-मेल:mpwrdetenders@gmail.com, edpcell.encwrd.bpl@mp.gov.in फोन : 0755-2553402, फैक्स : 0755-2552406

निविदा आमंत्रण सूचना

निमुक - 462/2715001/ई.डी.पी./2021-22/प्र.अ./ई-टेंडरिंग भोपाल, दिनांक 08.06.2021

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र वेबसाइट पर **दिनांक 25.06.2021 को 17.30 बजे तक** क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किये जा सकते हैं। निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

स. क्र.	निविदा क्रमांक	कार्य का नाम	जिला	राशि रु. लाख में
1.	2021_WRD_138549	बाणसागर बाढ़ नियंत्रण हेतु विभिन्न गेज पर वायरलेस सेट स्थापित करने का कार्य।	शहडोल	2.80
2.	2021_WRD_140332	जल संसाधन संभाग, सोहागपुर हेतु लेखन सामग्री का प्रदाय।	होशंगाबाद	3.37
3.	2021_WRD_140713	उपसंभाग, डिंडोरी के जलाशयों के स्लूस गेटों का वर्षा पूर्व रखरखाव एवं मरम्मत कार्य।	नरसिंहपुर	2.81
4.	2021_WRD_141577	विलगांव परियोजना शीर्ष एवं नहर उपसंभाग, शाहपुरा के जलाशयों के स्लूस/एच.आर. गेटों का वर्षा पूर्व रखरखाव एवं मरम्मत कार्य।	नरसिंहपुर	3.39
5.	2021_WRD_141578	उपसंभाग, समनापुर के जलाशयों के स्लूस गेटों का वर्षा पूर्व रखरखाव एवं मरम्मत कार्य।	नरसिंहपुर	0.93
6.	2021_WRD_141684	कलियासोत बांध के 13 नग, वेस्ट वियर रेडियल गेट्स एवं 04 नग, हेड स्लूस गेट्स का वर्षा पूर्व सुधार एवं मरम्मत कार्य।	भोपाल	3.43
7.	2021_WRD_141688	संजय सागर मध्यम परियोजना के 02 नग, स्लूस गेट्स का सुधार कार्य।	भोपाल	4.91
8.	2021_WRD_141927	काका साहिब गाडगिल के 9 रेडियल गेटों का वर्षा पूर्व मरम्मत कार्य।	उज्जैन	1.98
9.	2021_WRD_141929	उपसंभाग, सुवासरा एवं मल्हारगढ़ के 46 नग, जलाशयों का वर्षा पूर्व मरम्मत कार्य।	उज्जैन	4.54
10.	2021_WRD_141930	उज्जैन के 42 नग, जलाशयों का वर्षा पूर्व मरम्मत कार्य।	उज्जैन	4.95
11.	2021_WRD_141933	शाजापुर के 23 नग, जलाशयों का वर्षा पूर्व मरम्मत कार्य।	उज्जैन	3.39
12.	2021_WRD_141951	सीहोर संभाग के जलाशयों के 16 नग जलद्वारों का वर्षा पूर्व मरम्मत एवं रखरखाव कार्य।	भोपाल	1.08
13.	2021_WRD_141952	सगड मध्यम परियोजना बांध के 12 नग रेडियल जलद्वारों के हाइड्रोलिक पावर पैक्स का सुधार एवं मरम्मत कार्य।	भोपाल	4.54
14.	2021_WRD_141954	उपसंभाग अशोकनगर, मुंगावली, चंदेरी के लघु जलाशयों एवं मोला तालाब के मध्यम जलाशय के स्लूस जलद्वारों का सुधार एवं मरम्मत कार्य।	भोपाल	2.63
15.	2021_WRD_141958	कुशलपुरा मध्यम बांध परियोजना के 7 नग रेडियल जलद्वारों, 2 नग हेड स्लूस जलद्वारों एवं कपल्ड हेड स्टॉक सेट का सुधार एवं मरम्मत कार्य।	भोपाल	3.86
16.	2021_WRD_142004	रातापानी जलाशय के 08 नग जलद्वारों का वर्षा पूर्व मरम्मत एवं रखरखाव कार्य।	भोपाल	0.41
17.	2021_WRD_142086	चंदौरा बांध का वर्षा पूर्व विद्युतीय मरम्मत कार्य।	होशंगाबाद	2.57
18.	2021_WRD_142089	तवा बांध के रेडियल गेट्स की इक्वालाइजर पिन असेम्बली प्रदाय एवं लगाने का कार्य।	होशंगाबाद	4.52
19.	2021_WRD_142090	तवा बांध के रेडियल गेट्स की बॉटम रबर सील प्रदाय एवं लगाने का कार्य।	होशंगाबाद	2.48
20.	2021_WRD_142275	उपसंभाग राजपुर, ठीकरी, पानसेमल एवं सेंधवा के 23 नग तालाबों के जलद्वारों का सुधार एवं रखरखाव का कार्य।	धार	3.89
21.	2021_WRD_142277	उपसंभाग क्र.-1, बुरहानपुर के 18 नग तालाबों के जलद्वारों का सुधार एवं रखरखाव का कार्य।	धार	2.35
22.	2021_WRD_142278	उपसंभाग धामनोद के 17 नग तालाबों के जलद्वारों का सुधार एवं रखरखाव का कार्य।	धार	1.99
23.	2021_WRD_142285	उपसंभाग राणापुर के 16 नग तालाबों के जलद्वारों का सुधार एवं रखरखाव का कार्य।	धार	1.99
24.	2021_WRD_142286	उपसंभाग सरदारपुर के 12 नग तालाबों के जलद्वारों का सुधार एवं रखरखाव का कार्य।	धार	2.00
25.	2021_WRD_142287	सोनकच्छ एवं वागली उपसंभाग के 41 नग तालाबों के जलद्वारों का सुधार एवं रखरखाव का कार्य।	धार	4.74
26.	2021_WRD_142289	उपसंभाग थांदला के 17 नग तालाबों के जलद्वारों का सुधार एवं रखरखाव का कार्य।	धार	1.98
27.	2021_WRD_142422	श्योपुर संभाग, हेतु लखन सामग्री एवं आवियाना का प्रदाय।	श्योपुर	5.50
28.	2021_WRD_142543	चम्बल दायीं मुख्य नहर के आर.डी. 49250 से 52250 मी. के दायें तट पर बैंक रेजिंग कार्य।	श्योपुर	6.65
29.	2021_WRD_142577	चम्बल दायीं मुख्य नहर की आर.डी. 42600 मी. पर क्षतिग्रस्त लाइनिंग का मरम्मत कार्य एवं क्रॉस रेगुलेटर के डाउनस्ट्रीम प्रोटेक्शन कार्य।	श्योपुर	6.30
30.	2021_WRD_142665	चंबल कॉलोनी के चारों ओर वाउंड्रीवॉल निर्माण का कार्य।	मुरैना	11.51
31.	2021_WRD_142863	सेमरी परियोजना उपसंभाग, बेगमगंज के 02 जलाशयों के वर्षाकाल में वॉच एंड वार्ड तथा मॉनीटरिंग का कार्य।	रायसेन	3.21
32.	2021_WRD_142864	उपसंभाग, औबेदुल्लागंज के 06 जलाशयों के वर्षाकाल में वॉच एंड वार्ड तथा मॉनीटरिंग का कार्य।	रायसेन	4.52
33.	2021_WRD_142866	उपसंभाग, गैरतगंज के 15 जलाशयों के वर्षाकाल में वॉच एंड वार्ड तथा मॉनीटरिंग का कार्य।	रायसेन	6.60
34.	2021_WRD_142867	उपसंभाग, देवरी के 03 जलाशयों के वर्षाकाल में वॉच एंड वार्ड तथा मॉनीटरिंग का कार्य।	रायसेन	3.42
35.	2021_WRD_142868	अपर पलकमती शीर्ष कार्य उपसंभाग, सुल्तानपुर के 27 जलाशयों के वर्षाकाल में वॉच एंड वार्ड तथा मॉनीटरिंग का कार्य।	रायसेन	7.30
36.	2021_WRD_142928	छटन टैंक, वैरीबांध टैंक, सोन मौहरी रपटा कम स्टाप डैम, नगदहा स्टोरेज वियर एवं केकरिया टैंक का सर्वे कार्य।	अनूपपुर	8.24
37.	2021_WRD_142999	सी.आर. गेट के स्क्रेप सामग्री का विक्रय।	मुरैना	2.80
38.	2021_WRD_143003	निचली मुख्य नहर की 5 एल शाखा की आर.डी. 13383 मी. पर व्ही.आर.बी. मरम्मत कार्य।	मुरैना	19.48
39.	2021_WRD_143384	उपसंभाग, बाग के थाना तालाब के जलद्वारों का सुधार कार्य।	धार	0.30
40.	2021_WRD_143385	उपसंभाग, पेटलावद के 08 नग, तालाबों का सुधार एवं रखरखाव का कार्य।	धार	0.93
41.	2021_WRD_143498	उपसंभाग, गैरतगंज के पटी तालाब की मुख्य नहर में आर.डी. 150 मीटर से 360 मीटर में मिट्टी का एवं लाइनिंग का कार्य।	रायसेन	4.44
42.	2021_WRD_143651	जल संसाधन उपसंभाग क्र. 1, बुरहानपुर के कालापाठ, मोतीयादेव, रूपारेल, पीपराना तालाबों के मरम्मत व रखरखाव कार्य।	बुरहानपुर	5.87
43.	2021_WRD_143833	आयुक्त काडा, जल संसाधन विभाग, भोपाल कार्यालय में मासिक किराये पर वाहनों को लगाने का कार्य।	भोपाल	17.39
44.	2021_WRD_144059	तवा परियोजना की बागरा शाखा नहर के गाजनपुर उपनहर की चैन क्रमांक 144, 146, 150, 155, 179, 183 एवं 194 के फाल का पुनर्निर्माण कार्य।	होशंगाबाद	8.48
45.	2021_WRD_144141	जल संसाधन उपसंभाग क्र.-3, नेपानगर के गुराडिया, रामपुरा और साजनी तालाबों के वार्षिक मरम्मत व रखरखाव कार्य।	बुरहानपुर	4.90
46.	2021_WRD_144257	तवा संभागीय कॉलोनी, सोहागपुर में वाउंड्रीवॉल का निर्माण कार्य।	होशंगाबाद	7.31
47.	2021_WRD_144378	मिण्डलाखेड़ा तालाब के फॉल रिपवेरिंग का कार्य।	मंदसौर	8.42
48.	2021_WRD_144516	जल संसाधन संभाग, बैतूल के झालर डी.सी. के मेढ़ा मध्यम परियोजना के ग्राम नया मेढ़ा का विद्युत व्यवस्था का कार्य।	होशंगाबाद	17.29
49.	2021_WRD_144565	नरसिंहगढ़ डी.सी. के अंतर्गत पार्वती परियोजना (रेसी भटपुरा) के डूब क्षेत्र में आने वाली विभिन्न विद्युत लाईस के शिफ्टिंग एवं डिसमेंटलिंग कार्य।	भोपाल	3.63
50.	2021_WRD_144643	भामरियानाल तालाब, माधुन तालाब एवं रूपनियाखाल तालाब का सिंचाई अवधि में पेट्रोलिंग कार्य हेतु श्रमिक प्रदाय का कार्य।	रतलाम	4.35
51.	2021_WRD_144644	खेड़ी बैराज की दायीं तरफ की विंगवाल का विस्तार एवं टर्न वॉल का निर्माण कार्य।	रतलाम	11.89
52.	2021_WRD_144740	सम्राट अशोग सागर कॉलोनी विदिशा के 04 नग, एच-टाईप क्वार्टरों का वार्षिक रखरखाव एवं मरम्मत कार्य।	विदिशा	2.65
53.	2021_WRD_144764	कम्युनिटी हॉल जीरापुर का आंतरिक विद्युतीकरण कार्य।	भोपाल	1.77
54.	2021_WRD_144766	आंगनवाड़ी जीरापुर में पुनर्वास हेतु आंतरिक विद्युतीकरण कार्य।	भोपाल	1.07
55.	2021_WRD_144767	प्राइमरी स्कूल जीरापुर का आंतरिक विद्युतीकरण कार्य।	भोपाल	1.94
56.	2021_WRD_144889	अनूपपुर जिले के बांधों व जलाशयों के 14 नग, जलद्वारों का मरम्मत एवं रखरखाव कार्य।	रीवा	1.30
57.	2021_WRD_144890	भदार व्यपवर्तन योजना के 06 नग, जलद्वारों के होइस्ट असेम्बली, जलद्वार एवं अन्य सम्बद्ध संयंत्रों के मरम्मत एवं रखरखाव कार्य।	रीवा	6.05
58.	2021_WRD_144891	धनवाही व्यपवर्तन योजना के 4 नग, जलद्वारों के होइस्ट असेम्बली, जलद्वार एवं अन्य सम्बद्ध संयंत्रों के मरम्मत एवं रखरखाव कार्य।	रीवा	1.89
59.	2021_WRD_144892	शहडोल जिले के बांधों व जलाशयों के 11 नग, जलद्वारों का मरम्मत एवं रखरखाव कार्य।	रीवा	0.89
60.	2021_WRD_144952	सिंध परियोजना पक्का बांध संभाग एवं मंडल कार्यालय हेतु लेखन सामग्री का प्रदाय।	शिवपुरी	1.43
61.	2021_WRD_145196	बेड़दा तालाब योजना हेतु 11 के.व्ही. एवं एल.टी. लाइन का विस्थापन।	धार	5.19
62.	2021_WRD_145200	पुनर्वासित गांव खोजाकुवा के बाह्य विद्युतीकरण का कार्य।	धार	9.00
63.	2021_WRD_145215	सुहिरा जलाशय के जलद्वार के मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य पानी के अंदर के कार्यों सहित।	रीवा	1.24
64.	2021_WRD_145216	अहिलो जलाशय के आपातकालीन जलद्वार एवं सर्विस जलद्वार के डिजाइन, ड्राइंग, निर्माण एवं स्थापन का कार्य।	रीवा	1.61
65.	2021_WRD_145272	अम्वाह शाखा नगर की आर.डी. 0 से 31.64 कि.मी. तक गाद निकासी कार्य।	मुरैना	2.90
66.	2021_WRD_145274	अम्वाह शाखा नहर की आर.डी. 31.64 से 81.74 कि.मी. तक गाद निकासी कार्य।	मुरैना	4.59
67.	2021_WRD_145276	शासकीय वाहन टेम्पो ट्रेक्स जीप एम.पी.-02-6653 का फुल बाडी रिपेयरिंग डेंटिंग पेंटिंग एवं मरम्मत कार्य।	होशंगाबाद	1.20
68.	2021_WRD_145286	नरसिंहगढ़ एवं ब्यावरा के माइनर टैक्स का वार्षिक सुधार एवं मरम्मत का कार्य।	भोपाल	2.36
69.	2021_WRD_145287	गोपी कृष्ण सागर मध्यम परियोजना 05 नग, रेडियल गेट्स का वर्षा पूर्व सुधार एवं मरम्मत का कार्य।	भोपाल	0.90
70.	2021_WRD_145288	संभाग गुना की मध्यम परियोजनाओं के 10 नग, स्लूस गेट्स का वर्षा पूर्व सुधार एवं मरम्मत का कार्य।	भोपाल	0.54
71.	2021_WRD_145289	उपसंभाग, देओरी 12 नग, जलाशयों का वर्षा पूर्व सुधार एवं मरम्मत का कार्य।	भोपाल	1.42
72.	2021_WRD_145290	सीहोर संभाग के 18 नग, गेट्स का वर्षा पूर्व सुधार एवं मरम्मत का कार्य।	भोपाल	1.41
73.	2021_WRD_145291	संजय सागर (वाह) मध्यम परियोजना के स्पिलवे रेडियल गेट्स के 12 नग, हाइड्रोलिक पावर पैक का सुधार एवं मरम्मत का कार्य।	भोपाल	3.37
74.	2021_WRD_145292	दगर्रू मध्यम परियोजना के 05 नग, रेडियल गेट्स के हाइड्रोलिक पावर पैक एवं इलेक्ट्रिकल पैनल का मरम्मत का कार्य।	भोपाल	3.43
75.	2021_WRD_145293	सीहोर संभाग के 20 नग, गेट्स का वर्षा पूर्व सुधार एवं मरम्मत का कार्य।	भोपाल	1.57
76.	2021_WRD_145313	भजिया शीर्ष कार्य उपसंभाग, जबेरा के वडेरा, भजिया एवं जमनेरा जलाशयों की नहर का सुधार कार्य।	दमोह	5.53
77.	2021_WRD_145314	भजिया शीर्ष कार्य उपसंभाग, जबेरा के कलमूर जलाशय के बांध एवं नहर का सुधार कार्य।	दमोह	5.40
78.	2021_WRD_145315	उपसंभाग, हटा के 03 नग, जलाशयों का सुधार कार्य।	दमोह	7.14
79.	2021_WRD_145316	उपसंभाग, तेंदुखेड़ा के 03 नग, जलाशयों का सुधार कार्य।	दमोह	6.97
80.	2021_WRD_145364	गिरवी जलाशय के मुख्य नहर के आर.डी. 400 मी. पर निर्मित एक्वाडक्ट का विशेष मरम्मत कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)	अनूपपुर	4.08
81.	2021_WRD_145437	अम्वाह शाखा नहर वितरिका 22 एल की आर.डी. 0 से 18.50 कि.मी. तक गाद निकासी कार्य।	मुरैना	0.81
82.	2021_WRD_145475	उपसंभाग, कुरवाई के स्टाप डैम एवं बैराजों के गेट्स खोलने एवं लगाने तथा थोरी बंधान का कार्य।	विदिशा	6.89
			कुल योग	**354.81**

जी-13259/45582/2021

मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
म.प्र. लोक निर्माण विभाग संभाग, शिवपुरी (म.प्र.)

Website : www.mp.gov.in/pwdmp, E-mail : eepwdshivpuri@mp.nic.in
Phone : 07492-233353 (O), Fax : 07492-233644

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक : 10/2021-22 **शिवपुरी, दिनांक : 31.05.2021**

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्नांकित कार्य हेतु नवीन निविदा प्रपत्र 2.10 पर आमंत्रण की सूचना क्रमांक 22/2020-21 शिवपुरी, दिनांक 27.01.2021 द्वारा प्रचलित भवन/पथ कार्यों की दर अनुसूची दिनांक 01.12.2020/29.08.2017 पर निविदायें लोक निर्माण विभाग में केंद्रीयकृत पंजीकृत ठेकेदार श्रेणी हेतु आमंत्रित की जाती हैं। जिसका सम्पूर्ण विवरण **http://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है। विभाग तकनीकी समस्याओं के लिये जिम्मेदार नहीं होगा एवं किन्हीं कारणों से की जाने वाली परिवर्तन की सूचना वेबसाइट पर ही देखें। पृथक से प्रकाशित नहीं की जावेगी।

क्र.	टेंडर आई.डी.	कार्य का नाम	(1) ठेके की अनु. लागत राशि (2) अमानत राशि	टेंडर फार्म की राशि (रुपये में)	कार्य पूर्ण करने की समयावधि	पंजीयन श्रेणी
1.	2021_PWDRB_144841_1	मेंटीनेंस ऑफ आर.वी. अंडर सब डिवीजन नं. 01 शिवपुरी, जिला शिवपुरी (म.प्र.)	(1) 10.00 लाख (2) 20,000/-	2000/- + (पोर्टल चार्ज)	09 माह वर्षाकाल सहित प्रथम आमंत्रण	लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदार
2.	2021_PWDRB_144957_1	मेंटीनेंस ऑफ एन.आर.वी. अंडर सब डिवीजन नं. 01 शिवपुरी, जिला शिवपुरी (म.प्र.)	(1) 10.00 लाख (2) 20,000/-	2000/- + (पोर्टल चार्ज)	09 माह वर्षाकाल सहित प्रथम आमंत्रण	लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदार
3.	2021_PWDRB_144959_1	मेंटीनेंस ऑफ आर.वी. हैड क्वार्टर नं. 01 अंडर सब डिवीजन नं. 02 शिवपुरी, जिला शिवपुरी (म.प्र.)	(1) 10.00 लाख (2) 20,000/-	2000/- + (पोर्टल चार्ज)	09 माह वर्षाकाल सहित प्रथम आमंत्रण	लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदार
4.	2021_PWDRB_144969_1	मेंटीनेंस ऑफ एन.आर.वी. हैड क्वार्टर नं. 01 अंडर सब डिवीजन नं. 02 शिवपुरी, जिला शिवपुरी (म.प्र.)	(1) 10.00 लाख (2) 20,000/-	2000/- + (पोर्टल चार्ज)	09 माह वर्षाकाल सहित प्रथम आमंत्रण	लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदार
5.	2021_PWDRB_144977_1	मेंटीनेंस ऑफ आर.वी. हैड क्वार्टर नं. 02 अंडर सब डिवीजन नं. 02 शिवपुरी, जिला शिवपुरी (म.प्र.)	(1) 10.00 लाख (2) 20,000/-	2000/- + (पोर्टल चार्ज)	09 माह वर्षाकाल सहित प्रथम आमंत्रण	लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदार
6.	2021_PWDRB_145459_1	मेंटीनेंस ऑफ एन.आर.वी. हैड क्वार्टर नं. 02 अंडर सब डिवीजन नं. 02 शिवपुरी, जिला शिवपुरी (म.प्र.)	(1) 15.00 लाख (2) 30,000/-	2000/- + (पोर्टल चार्ज)	09 माह वर्षाकाल सहित प्रथम आमंत्रण	लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदार
7.	2021_PWDRB_145430_1	मेंटीनेंस ऑफ आर.वी. सेक्शन नरवर एवं करैरा अंडर सब डिवीजन नं. 02 शिवपुरी, जिला शिवपुरी (म.प्र.)	(1) 10.00 लाख (2) 20,000/-	2000/- + (पोर्टल चार्ज)	09 माह वर्षाकाल सहित प्रथम आमंत्रण	लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदार
8.	2021_PWDRB_145442_1	मेंटीनेंस ऑफ एन.आर.वी. सेक्शन नरवर एवं करैरा अंडर सब डिवीजन नं. 02 शिवपुरी, जिला शिवपुरी (म.प्र.)	(1) 10.00 लाख (2) 20,000/-	2000/- + (पोर्टल चार्ज)	09 माह वर्षाकाल सहित प्रथम आमंत्रण	लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदार
9.	2021_PWDRB_145446_1	मेंटीनेंस ऑफ आर.वी. अंडर सब डिवीजन पिछोर, जिला-शिवपुरी (म.प्र.)	(1) 10.00 लाख (2) 20,000/-	2000/- + (पोर्टल चार्ज)	09 माह वर्षाकाल सहित प्रथम आमंत्रण	लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदार
10.	2021_PWDRB_145453_1	मेंटीनेंस ऑफ एन.आर.वी. अंडर सब डिवीजन पिछोर, जिला-शिवपुरी (म.प्र.)	(1) 10.00 लाख (2) 20,000/-	2000/- + (पोर्टल चार्ज)	09 माह वर्षाकाल सहित प्रथम आमंत्रण	लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदार

ऑनलाइन निविदा जारी व डाउनलोड करने की आरंभ तिथि : **05.06.2021 प्रातः 10.30 बजे से।**
ऑनलाइन निविदा दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि : **21.06.2021 सायं 17.30 बजे तक।**
ऑनलाइन निविदा दर खुलने की तिथि : **23.06.2021 प्रातः 11.00 बजे।**
उक्त कार्य की ई.एम.डी. एवं समस्त दस्तावेज जो पूर्व में भौतिक रूप से संभाग कार्यालय में जमा किये जाते थे। उन्हें प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग, भोपाल के आदेश क्रमांक/401/सा/ई-टेंडरिंग/09/1088 दिनांक 05.11.2020 के निर्देशानुसार ऑनलाइन ही मान्य किये जावेंगे। यदि ई.एम.डी. एवं समस्त दस्तावेज ऑनलाइन प्रस्तुत नहीं किये जाते हैं, तो ऐसी निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाइट पर (Online System) ऑनलाइन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते हैं तथा सम्पूर्ण जानकारी पोर्टल पर प्राप्त कर सकते हैं। किसी भी विलंब एवं अन्य समस्याओं के लिये विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।

कार्यपालन यंत्री
जी-13239/45581/2021 **लोक निर्माण विभाग संभाग, शिवपुरी (म.प्र.)**

कार्यालय प्रमुख अभियंता
जल संसाधन विभाग, भोपाल

ई-मेल : ceproc.encwrd.bpl@nic.in, फोन : 0755-2767635, फैक्स : 0755-2552406

निविदा सूचना क्रमांक-795/2021-22/प्रमुख अभियंता/ई-टेंडरिंग **भोपाल, दिनांक 10.06.2021**

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट **https:www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 30.06.2021 को 17.30 बजे तक** क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किये जा सकते हैं। निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

स. क्र.	निविदा क्र.	कार्य	जिला	लागत (रु. लाख में)
1.	2021_WRD_146243	साजली मध्यम परियोजना के अंतर्गत साजली बांध का शेष निर्माण कार्य शुट फॉल एवं ओगी स्पिलवे सहित।	दमोह	2651.75
2.	2021_WRD_146244	बारना बांध की बायीं गाईडवाल 190 मी. लंबाई एवं गेबियन स्ट्रक्चर का विस्तारीकरण एवं फ्लड प्रोटेक्शन (बारना बांध मिटीगेशन) कार्य। (एस.डी.आर.एम.एफ. अंतर्गत)	रायसेन	1695.18
3.	2021_WRD_146369	सिंध परियोजना द्वितीय चरण के अंतर्गत दोआब नहर प्रणाली की आर.डी. 0.00 कि.मी. से 37.95 कि.मी. तथा 23 नग मायनर नहरों का विशेष मरम्मत कार्य, मय पक्के कार्यों सहित।	शिवपुरी	1314.49

जी-13345/45584/2021 **मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, परियोजना खंड कटनी

क्रमांक/1806/का.यं./नि.प्रको./लो.स्वा.यां./परि.खंड/21 **कटनी, दिनांक 08.06.2021**

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 14-18/2021-22

ई-टेंडरिंग पद्धति से पोर्टल **http://www.mptender.gov.in** पर कटनी जिले के विजयराघवगढ़ विकासखंड के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत आर.सी.सी. ओवर हैड टैंक निर्माण, सी.सी. सम्पवेल निर्माण मोटर पंप स्थापना, पंप हाउस/सम्पवेल निर्माण, पाइप लाइन बिछाने का कार्य, घर-घर कनेक्शन एवं योजना का 90 दिन ट्रायलरन सफल संचालन एवं संधारण कार्य हेतु निम्नानुसार आमंत्रित है।

निविदा क्रमांक	सिस्टम निविदा क्र.	विकासखंड	ग्राम की संख्या	निविदा की कुल लागत	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र मूल्य	कार्य पूर्ण करने की समयावधि	ठेकेदार की श्रेणी
14/21_22	2021_PHED_145991	Vijayraghavgarh	3	193.15	193150	12500	6 माह	Registered under M.P. PWD New centralized registration on Scheme
15/21_22	2021_PHED_145992	Vijayraghavgarh	3	276.34	276340	15000	6 माह	
16/21_22	2021_PHED_145993	Vijayraghavgarh	4	305.92	305920	15000	6 माह	
17/21_22	2021_PHED_145994	Vijayraghavgarh	2	152.37	152370	12500	6 माह	
18/21_22	2021_PHED_145995	Vijayraghavgarh	2	156.68	156680	12500	6 माह	

ऑनलाइन निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि- **28.06.2021 18.00 बजे**
ऑनलाइन निविदा दर डालने की अंतिम तिथि - 28.06.2021 18.00 बजे
ऑनलाइन निविदा दर खोलने की तिथि - 30.06.2021 12.00 बजे
निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाइट पर (Online System) क्रेडिट कार्ड या ऑनलाइन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते हैं। निविदा एवं उससे संबंधित जानकारी ऊपर दर्शाई गई वेबसाइट पर देखें।

कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
जी-13350/45583/2021 **परियोजना खंड, कटनी, फोन नं. - 07622-225752**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खंड राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.

पता- खिलचीपुर रोड पुराने पेट्रोल पंप के पास राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.
दूरभाष क्रमांक : 07372-255070, ई-मेल आई.डी. eephedraj@nic.in

निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 34, 35, 36, 37/2021-22/एच.ए.सी./का.यं./लो.स्वा.यां.वि. **राजगढ़, दि. 10.06.2021**

निम्न कार्यों हेतु निविदा ऑनलाइन वेबसाइट **https://mptenders.gov.in/nicgep/app** पर आमंत्रित की गई है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत राजगढ़ जिले के विकासखंड नरसिंहगढ़ के निम्नलिखित ग्रामों में रेट्रोफिटिंग एवं नवीन कार्य की निविदा निम्नानुसार आमंत्रित है।

निविदा क्र./ दिनांक	सिस्टम क्रमांक	विकासखंड	ग्राम का नाम	निविदा की कुल लागत रु. लाख में	धरोहर राशि रु. में	निविदा प्रपत्र का मूल्य	समयावधि	रिमार्क
34/21-22 दि. 10.06.21	2021_PHED_146026	नरसिंहगढ़	साहूखेड़ी, मानपुरादेव, विजवा	205.69	205690/-	15000/-	9 माह (वर्षाकाल छोड़कर)	
35/21-22 दि. 10.06.21	2021_PHED_146027	नरसिंहगढ़	बिजोरी, बिजोरी (हरिजन कॉलोनी) चारपुरा, सागपुर	231.58	231580/-	15000/-	9 माह (वर्षाकाल छोड़कर)	
36/21-22 दि. 10.06.21	2021_PHED_146028	नरसिंहगढ़	पांजरा, पांजरी, अंचलपुरा, निनोर विजयगढ़	264.36	264360/-	15000/-	9 माह (वर्षाकाल छोड़कर)	
37/21-22 दि. 10.06.21	2021_PHED_146030	नरसिंहगढ़	जंगीवड़, झाडला	208.84	208840/-	15000/-	9 माह (वर्षाकाल छोड़कर)	

ऑनलाइन निविदा क्रय करने की अंतिम तिथि- **26.06.2021**
ऑनलाइन निविदा दर खोलने की अंतिम तिथि - 28.06.2021

कार्यपालन यंत्री
जी-13340/45585/2021 **लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खंड, राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, बालाघाट

ई-टेंडरिंग निविदा आमंत्रण

बालाघाट जिले के विकासखंडों के ग्रामों में नलजल प्रदाय, नवीन योजना एवं रेट्रोफिटिंग योजना अंतर्गत पेयजल प्रदाय प्रारंभ करने हेतु योजना संबंधी कार्य की मुहरबंद निविदा प्रपत्र 'अ 2.10' (प्रतिशत दर) में एम.पी. टेंडर्स पद्धति के माध्यम से लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती हैं, जो कि एम.पी. टेंडर्स सिस्टम पोर्टल के **http://mptenders.gov.in** द्वारा निर्धारित शेड्यूल के अनुसार निविदा प्रक्रिया की जावेगी।
निविदा का विवरण निम्नानुसार है-

ई-टेंडरिंग पद्धति क्रमांक	निविदा क्र./ आमंत्रित दि.	कार्य की अनु. लागत (राशि रु. लाख में)	धरोहर राशि (अर्नेस्ट मनी) रु. में	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने की समयावधि	निविदा प्रपत्र क्रय करने की एवं दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	ऑनलाइन खुलने की तिथि	पंजीकृत ठेकेदार की श्रेणी
2021_PHED_145697_1	06/07.06.2021	254.39	254400/-	15000/-	9 माह	**25.06.2021**	28.06.2021	लोक निर्माण विभाग में नवीन केंद्रीयकृत पंजीयन
2021_PHED_145698_1	07/07.06.2021	203.89	203900/-	15000/-	9 माह	25.06.2021	28.06.2021	
2021_PHED_145699_1	08/07.06.2021	264.60	264650/-	15000/-	9 माह	25.06.2021	28.06.2021	
2021_PHED_145700_1	09/07.06.2021	265.90	265900/-	15000/-	9 माह	25.06.2021	28.06.2021	
2021_PHED_145768_1	10/07.06.2021	260.50	260500/-	15000/-	9 माह	25.06.2021	28.06.2021	
2021_PHED_145893_1	11/08.06.2021	221.25	221250/-	15000/-	9 माह	25.06.2021	28.06.2021	
2021_PHED_145894_1	12/08.06.2021	281.86	281900/-	15000/-	9 माह	25.06.2021	28.06.2021	
2021_PHED_145896_1	13/08.06.2021	235.28	235300/-	15000/-	9 माह	25.06.2021	28.06.2021	
2021_PHED_145900_1	14/08.06.2021	235.03	235100/-	15000/-	9 माह	25.06.2021	28.06.2021	
2021_PHED_145901_1	15/08.06.2021	280.06	280060/-	15000/-	9 माह	25.06.2021	28.06.2021	
2021_PHED_145902_1	16/08.06.2021	258.28	258300/-	15000/-	9 माह	25.06.2021	28.06.2021	
2021_PHED_145904_1	17/08.06.2021	291.21	219300/-	15000/-	9 माह	25.06.2021	28.06.2021	

निविदा आमंत्रण सूचना, विस्तृत विवरण एवं Key dates की जानकारी वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है।
नोट- 1. सभी इच्छुक ठेकेदार ई-टेंडरिंग पोर्टल (http://mptenders.gov.in) में पंजीयन करायें। 2. "निविदा में भविष्य में किये जाने वाले समस्त संशोधनों को समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। यह संशोधन केवल **http://mptenders.gov.in** पर ही प्रकाशित किये जायेंगे।" निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क क्रेडिट कार्ड, ए.टी.एम. कम डेबिड कार्ड अथवा इंटरनेट बैंकिंग एकाउंट के माध्यम से उपरोक्त वेबसाइट पर भगुतान कर केवल ऑनलाइन पर ही क्रय किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा एवं अन्य जानकारी उपरोक्त उल्लेखित वेबसाइट पर देखी जा सकती हैं।

कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड,
जी-13335/45586/2021 **बालाघाट (म.प्र.) (07632-241131)**

मुंह पर मास्क और दो गज की दूरी कोरोना को खत्म करने के लिए है जरूरी

सरकार की प्राथमिकताएं हैं शिक्षा और स्वास्थ्य - मुख्यमंत्री

भोपाल, शिक्षा और स्वास्थ्य मध्यप्रदेश शासन की प्राथमिकताएं हैं। दोनों ही क्षेत्रों में प्रदेश में व्यापक पैमाने पर कार्य किया जा रहा है। शिक्षा के विस्तार के साथ ही उसकी गुणवत्ता पर भी पूरा ध्यान दिया जा रहा है। महाविद्यालयों में स्मार्ट क्लासेस बनाएं, जिससे विद्यार्थी वर्चुअल माध्यम से भी शिक्षा प्राप्त कर सकें। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने शासकीय विक्रम महाविद्यालय खाचरौद के 2 करोड़ 20 लाख रुपये की लागत के उन्नयन कार्य का वर्चुअल शिलान्यास करते हुये कहीं। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित जनों से चर्चा भी की। खाचरौद से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री श्री थावरचंद गेहलोत, उच्च शिक्षा मंत्री श्री मोहन यादव और सांसद श्री अनिल फिरोजिया शामिल हुए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में छोटे स्थानों पर भी स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी। गांव, कस्बों और छोटे शहरों सभी में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। श्री चौहान ने कहा कि खाचरौद में एक करोड़ 32 लाख की लागत से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्वीकृत किया गया है। एक वर्ष में इसका कार्य पूर्ण होगा। खाचरौद में 20 लाख रुपये की लागत से नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर का जीर्णोद्धार भी कराया जाएगा। उज्जैन में चिकित्सा महाविद्यालय का कार्य भी शीघ्र प्रारंभ होगा।

दोगुना हुआ उच्च शिक्षा विभाग का बजट

उच्च शिक्षा मंत्री श्री मोहन यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री ने उच्च शिक्षा विभाग का बजट दोगुना कर दिया है। प्रदेश के हर शासकीय महाविद्यालय, जिनके पास भूमि उपलब्ध है, का भवन निर्माण कराया जा रहा है।

2 करोड़ 20 लाख रुपये के निर्माण कार्य

शासकीय विक्रम महाविद्यालय खाचरौद में विश्व बैंक परियोजना में निर्माण कार्यों के लिए दो करोड़ 20 लाख रुपये स्वीकृत हैं। इसमें 27 लाख रुपये से छः क्लास रूम, छः प्रयोगशाला कक्ष और स्टाफ रूम का निर्माण, 65 लाख रुपये से उन्नयन, 8 लाख रुपये से दिव्यांग छात्रों के लिए रैंप और 20 लाख रुपये से अतिरिक्त विकास कार्य किया जाना है।

आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा बुधनी का कोविड केयर सेंटर

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान सीहोर जिले के बुधनी में तीन सौ बिस्तर वाले अस्थायी कोविड सेंटर का उद्घाटन करते हुये।

सीहोर, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान एवं केन्द्रीय पेट्रोलियम मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान ने सीहोर जिले के बुधनी में 300 बिस्तरों वाले अस्थाई कोविड सेंटर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर श्री चौहान ने कहा कि बुधनी में स्थापित किया गया कोविड केयर सेंटर आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा, जहां मरीजों का बेहतर इलाज होगा।

श्री चौहान ने कहा कि हम लगभग 80 हजार टेस्ट रोज कर रहे हैं, जिसमें 1500 से ज्यादा टेस्ट सीहोर में प्रतिदिन किए जा रहे हैं। कोरोना नियंत्रण की स्थिति में हैं, लेकिन असावधान नहीं होना है। असावधानी के कारण ही कोरोना की दूसरी लहर आई यदि अब भी सीख नहीं ली तो गंभीर परिणाम होंगे। उन्होंने कहा कि सरकार ने क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप और जनता को जिम्मेदारी सौंपी, उसी का परिणाम है कि हम कोरोना पर नियंत्रण कर सके। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश में जिले से लेकर ग्राम एवं वार्ड स्तर तक क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप की व्यवस्था को देश में कोरोना से लड़ने के लिए मॉडल के रूप में देखा जा रहा है। सरकार लगातार ज्यादा से ज्यादा टेस्ट करेगी, तुरंत मरीज की पहचान होने से जल्द इलाज होगा। इससे हम कोरोना को जल्द खत्म कर पाएंगे। श्री चौहान ने कहा कि किल कोरोना अभियान चलता रहेगा। क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप कोराना से वचाव के लिए जनता को जागरूक करेगा।

जनता के सहयोग से रोकेंगे तीसरी लहर को

मुख्यमंत्री ने कहा जनता संयम और धैर्य का परिचय दे। तीसरी लहर को रोकना है तो जनता को सहयोग करना पड़ेगा। सभी के सहयोग से ही हम इसे रोक पाएंगे। श्री चौहान ने कहा कि टीकाकारण अवश्य कराएं। टीका ही इस महामारी के खिलाफ सुरक्षा देता है। मुख्यमंत्री ने वैक्सीनेशन को राष्ट्रीय स्तर पर करने के निर्णय के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को हृदय से धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने ऑक्सीजन की जरूरत के समय एयरलिफ्ट कर प्रदेश में ऑक्सीजन भिजवाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में हम कोरोना वायरस की दूसरी लहर को रोक पाए हैं।

केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि मध्यप्रदेश ने श्री शिवराज सिंह चौहान के कुशल नेतृत्व में कोरोना नियंत्रित करने में सफलता प्राप्त की है। मध्यप्रदेश का क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप का मॉडल अनुकरणीय है।

अस्पताल जैसी सुविधाएं होंगी बुधनी कोविड केयर सेंटर में

कोविड केयर सेंटर बुधनी में अस्पताल जैसी सुविधाएं हैं। यह सेंटर 300 बिस्तरों का होगा, जिसमें 100 बेड ऑक्सीजन युक्त होंगे। कोरोना की संभावित तीसरी लहर को ध्यान में रखते हुए यह सेंटर तैयार किया गया है, जिसमें सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। सेंटर में बच्चों के लिये 50 बिस्तरों का वार्ड अलग है।

स्टाफ नर्स एवं टेक्निकल स्टॉफ तैनात रहेगा

कोविड केयर अस्पताल को दो भागों में बाँटा गया है, जिसमें ए एवं बी ब्लॉक में 144-144 बेड होंगे। इसके आलावा 12 पलंग का एक अलग ओपीडी वार्ड भी बनाया गया है। यहां आने वाले कोविड के मरीजों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें इसका खास ध्यान रखा गया है। बारह बिस्तर वाली ओपीडी स्वास्थ्य परीक्षण के लिये आने वाले रोगियों के लिये सुविधाजनक होगी।

छोटे बच्चों में शैक्षणिक समझ विकसित करेगा आओ सीखें कार्यक्रम

भोपाल, छोटे बच्चों में भावनात्मक विकास और शैक्षणिक समझ विकसित करने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 'आओ सीखें' कार्यक्रम में 15 जून से 15 जुलाई 2021 तक व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से विभिन्न छोटे ऑडियो और वीडियो भेजे जाएंगे।

संचालक, राज्य शिक्षा केंद्र श्री धनराजू एस. ने बताया कि इसके साथ ही 'हमारा घर-हमारा विद्यालय' के अंतर्गत बच्चों में विषय की प्रारंभिक समझ को विकसित करने की दृष्टि से 'प्रयास' अभ्यास पुस्तिका का वितरण भी 15 जुलाई से पहले किया जाएगा। अभ्यास पुस्तिका के मुद्रण और 15 जुलाई के पहले सामग्री बच्चों को उपलब्ध कराने के संबंध में सभी जिला परियोजना समन्वयकों को निर्देश दिए गए हैं।

श्री धनराजू ने बताया कि 16 जुलाई से 15 अगस्त तक विद्यार्थियों के लिए 'हमारा घर-हमारा विद्यालय-प्रयास' अभ्यास पुस्तिका सामग्री जिलों को मेल पर प्रेषित की जा रही है। इस 48 पेज की सामग्री को जिले स्तर पर कक्षा 1 तथा 2 और कक्षा 3 से 5 के लिए बहुरंगी तथा कक्षा 6 से 8 के लिए ब्लैक एंड व्हाइट प्रिंट में मुद्रित कराकर बच्चों को उनके घर पर कार्य करने के लिए 15 जुलाई के पूर्व उपलब्ध करानी होगी।

श्री धनराजू ने बताया कि वर्तमान में कोविड-19 के कारण विगत सत्र माह मार्च 2020 से शालाएं पूर्णतः बन्द हैं। सत्र 2021-22 में जब तक परिस्थितियां सामान्य नहीं हो जाती हैं, बच्चों के शैक्षणिक उन्नयन के लिए राज्य शिक्षा केन्द्र ने विभिन्न चरणों में कार्य करने की योजना तैयार की है। इसके अलावा शिक्षकों अथवा वॉलेंटियर के सहयोग से बच्चों से घर पर रहते हुए कुछ अन्य गतिविधियां भी कराई जा सकती हैं। पालक, अभिभावक और बच्चे इन गतिविधियों के फोटो और वीडियो बनाकर अपने शिक्षकों को प्रेषित कर सकते हैं।

चमकविहीन गेहूं के उठाव की शीघ्र कार्रवाई करे केंद्र सरकार

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान नई दिल्ली में केंद्रीय रेल एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री श्री पीयूष गोयल से चर्चा करते हुये।

नई दिल्ली, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने दिल्ली में केंद्रीय रेल, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री श्री पीयूष गोयल से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने मुलाकात के दौरान प्रदेश में इस वर्ष कोरोना की दूसरी लहर की कठिन परिस्थिति में किसानों के चमकविहीन गेहूं का उठाव करवाए जाने की मांग की। उन्होंने बताया कि इस वर्ष भी प्रदेश में 128.16 लाख मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन हुआ है और इसका पूरा श्रेय किसानों को जाता है।

श्री चौहान ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न जिलों में हुई असमय वर्षा के कारण प्रदेश के 26 जिलों के गेहूं में चमकविहीनता की स्थिति उत्पन्न हुई है, लेकिन उसकी पौष्टिकता और गुणवत्ता बरकरार है। श्री चौहान ने बताया कि केंद्र सरकार ने 10 प्रतिशत तक चमकविहीन गेहूं का उपार्जन करने की अनुमति प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने आग्रह किया कि राज्य में असमय वर्षा के कारण चमकविहीनता का प्रतिशत 10 से लेकर 80 प्रतिशत तक हो गया, जिसका उपार्जन किसानों के हित में किया गया है। उन्होंने आग्रह किया कि केंद्र सरकार भारतीय खाद्य निगम द्वारा 80 लाख मीट्रिक टन गेहूं का उठाव शीघ्रातिशीघ्र कराये, जिससे भण्डारण की समस्या उत्पन्न न हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विगत वर्षों में प्रदेश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली में गेहूं की खपत सीमित होने के कारण उपार्जित चमकविहीन गेहूं के निस्तारण में अत्यधिक समय लगने की संभावना है। अतः विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी उपार्जित चमकविहीन गेहूं का भारतीय खाद्य निगम में परिदान लिये जाने की अनुमति शीघ्र प्रदान करें। केंद्रीय मंत्री श्री पीयूष गोयल ने मुख्यमंत्री को ध्यान से सुना और इस संबंध में उचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

महात्मा गांधी नरेगा योजना से बंजर पहाड़ी का हुआ कायाकल्प

खरगोन, महात्मा गांधी नरेगा के तहत खरगोन जिले की ग्राम पंचायत दाऊद खेड़ी स्थित पितृ पर्वत पर श्रमिकों ने कड़ी मेहनत करते हुए इसे न केवल हरा-भरा किया, वल्कि गांव में विकास के नये द्वार भी खोल दिये। गांव के 250 मजदूरों को 11 हजार 300 मानव दिवस रोज़गार उपलब्ध करवाया गया। जिसमें पांच हेक्टेयर क्षेत्र की इस पहाड़ी में 3525 पौधरोपण, 4780 कंट्रर ट्रेन्च, 5100 कैटल प्रोटेक्शन ट्रेन्च एवं 70 से अधिक लूज बोल्डर ट्रेन्च के कार्य किए गए। इन कार्यों से पर्यावरण सुधार के साथ 6 करोड़ लीटर वर्षा जल का संचयन हो रहा है। गांव की 200 हेक्टेयर जमीन को इसका लाभ मिल रहा है।

पितृ पर्वत दिया गया नाम

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत खरगोन श्री गौरव बैनल ने बताया कि इस क्षेत्र में रह रहे लोगों को भावनात्मक रूप से इस सामाजिक कार्य से जोड़ा गया है। यहां के ग्रामीण अपने पूर्वजों की यादों में विशेष दिन जैसे जन्मदिन, पुण्यतिथि, वर्षगांठ आदि में इस पर्वत में पौधरोपण करते हैं और उन पौधों की देख-रेख भी करते हैं। स्थानीय लोग यहां वरगद, पीपल, नीम, करंज, सीताफल, वांस, सप्तपर्णी, आम एवं अमरूद के पौधे लगा रहे हैं। इस कारण इस पर्वत को पितृ पर्वत का नाम दिया गया है।

अथक प्रयास एवं विशेष योजना

दाऊद खेड़ी गांव स्थित यह पहाड़ी पहले बंजर हुआ करती थी। लगभग डेढ़ साल पहले महात्मा गांधी नरेगा योजना से इसके कायाकल्प का निर्णय लिया गया। इस बंजर भूमि पर पौधों को जीवित रखना वेहद मुश्किल काम था। इसके लिए गड्ढे खोदकर उपजाऊ मिट्टी डाली गई, ड्रिप तकनीक के जरिए पौधों को पानी दिया गया।

कोरोना काल में मजदूरों के लिए मनरेगा बनी बड़ी सहारा

कोरोना काल के दौरान पहाड़ी में मनरेगा अन्तर्गत चले इन कामों ने मजदूरों के लिए संजीवनी का काम किया है। कोरोना काल के दौरान इस काम में दाऊद खेड़ी गांव के 250 से अधिक मजदूरों को रोज़गार मिला है। पितृ पर्वत में मजदूरी का काम करने वाले श्री गोरालाल वताते हैं कि लॉकडाउन में यह काम नहीं चलता तो हमें घर चलाना मुश्किल हो जाता।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

मुंह पर मास्क और दो गज की दूरी कोरोना को खत्म करने के लिए है जरूरी

मध्यप्रदेश में किसानों का नहीं होने देंगे नुकसान - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान मूंग की खरीद प्रक्रिया के शुभारंभ के दौरान किसानों से वर्चुअल संवाद करते हुये।

भोपाल, हमारी सरकार किसानों के पसीने की पूरी कीमत देगी। राज्य सरकार खेती को फायदे का धंधा बनाने, किसानों की आय को दोगुनी करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसीलिए कठिन परिश्रम से ली गई ग्रीष्मकालीन मूंग की समर्थन मूल्य पर खरीदी की घोषणा 8 जून को की गई। युद्ध स्तर पर पंजीयन हुआ और अब खरीदी की प्रक्रिया आरंभ की गई है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में ग्रीष्मकालीन मूंग की खरीद प्रक्रिया का वर्चुअल शुभारंभ करते हुये कहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कम समय में पंजीयन और खरीद की प्रक्रिया आरंभ करने के लिए कृषि मंत्री श्री कमल पटेल, कृषि विभाग के अधिकारी, जिलों के कलेक्टर तथा मैदानी अमला बधाई का पात्र है। मुख्यमंत्री ने जिलों के किसानों से भी वर्चुअली बातचीत की।

श्री चौहान ने कहा कि बरसात में ग्रीष्मकालीन मूंग की खरीदी कठिन कार्य है। किसानों ने गर्मी के महीनों में परिश्रम कर मूंग का रिकॉर्ड उत्पादन किया है। अधिक उत्पादन के कारण दाम कम होने के फलस्वरूप समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी का निर्णय लिया गया। इस निर्णय से मूंग के दाम स्थिर हुए हैं। वर्षा ऋतु को देखते हुए ऐसे स्थानों पर ही खरीदी केंद्र बनाए गए हैं जहां मूंग को भीगने से बचाया जा सकेगा।

प्रदेश में अब तक 2 लाख 32 हजार किसानों ने कराया पंजीयन

किसान-कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल ने जानकारी दी कि प्रदेश में 6 लाख 82 हजार हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में मूंग लगाई गई है। अब तक 2 लाख 32 हजार किसानों ने पंजीयन करा लिया है। सर्वाधिक पंजीयन कराने वाले प्रथम पांच जिले क्रमशः होशंगाबाद, हरदा, नरसिंहपुर, सीहोर और जबलपुर हैं। प्रति क्विंटल 7,196 रुपये समर्थन मूल्य की घोषणा से किसानों को बड़ी राहत मिली है।

खेती को अपना रहे हैं युवा

श्री चौहान ने होशंगाबाद, हरदा और जबलपुर के मूंग उत्पादक कृषकों से बातचीत की। होशंगाबाद के श्री संतोष कुमार रघुवंशी ने कहा कि नहर के चलने से उम्मीद से अधिक उत्पादन हुआ है। जबलपुर के श्री वी.डी. अरजरिया ने कहा कि दलहन विकास की योजनाओं से किसान मालामाल हो रहे हैं। सरकार की किसान हितैषी नीतियों के परिणामस्वरूप क्षेत्र के कई युवा जो आईटी सेक्टर में नौकरी के लिये हैदराबाद, पूना और बेंगलुरु चले गए थे। वे वापस अपने गांव आकर धान, चना, उड़द और मूंग की लाभकारी खेती को अपना रहे हैं।

मध्यप्रदेश के अस्पतालों में बीस पीएसए ऑक्सीजन प्लांट शुरू

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देश पर मध्यप्रदेश को ऑक्सीजन उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के विशेष प्रयास किये जा रहे हैं। इस क्रम में कोविड-19 के उपचार में प्रदेश के अस्पतालों में ऑक्सीजन आपूर्ति की समस्या के निराकरण के कारगर उपाय के तौर पर लगाये जा रहे पीएसए ऑक्सीजन प्लांट शुरू हो चुके हैं। राज्य सरकार द्वारा मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल, सिविल अस्पताल और कम्युनिटी हॉस्पिटल में 111 हवा से ऑक्सीजन बनाने की अनूठी टेक्नोलॉजी पर आधारित पीएसए (प्रेशर स्विंग, एडजॉर्प्सन) ऑक्सीजन प्लांट लगाने के आर्डर दिये गये थे। शासन द्वारा जारी आदेश के अनुक्रम में अब तक 20 प्लांट लगाये जा चुके हैं।

स्वास्थ्य आयुक्त श्री आकाश त्रिपाठी ने बताया कि पीएसए ऑक्सीजन प्लांट को समय पर लगाने के लिये संबंधित निर्माता कम्पनियों को निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया कि 30 जून तक 40, 30 जुलाई तक 81, 30 अगस्त तक 91 और 30 सितम्बर तक पूरे 111 पीएसए ऑक्सीजन प्लांट की स्थापना अस्पतालों में कर दी जायेगी। इनसे अस्पताल के लिये ऑक्सीजन की आपूर्ति सुनिश्चित होगी। उन्होंने बताया कि अस्पतालों में उपलब्ध ऑक्सीजन बेड और आईसीयू आदि को ध्यान में रखते हुए जरूरत की ऑक्सीजन आपूर्ति सुनिश्चित हो सके, इसी अनुक्रम में क्षमता के पीएसए प्लांट लगाये जा रहे हैं। इसमें 100 लीटर प्रति मिनट से लेकर 1500 लीटर प्रति मिनट की क्षमता वाले पीएसए प्लांट शामिल हैं। पीएसए प्लांट्स की स्थापना 10 बिस्तर के अस्पतालों से लेकर 150 बिस्तर (आईसीयू) वाले अस्पतालों में ऑक्सीजन की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिये की जा रही है।

टीकाकरण के लिए लोगों को जागरूक करेंगे कॉलेज के विद्यार्थी

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देश पर उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के सहयोग से कोविड महामारी के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए 'युवा शक्ति कोरोना मुक्ति' अभियान चलाया जाएगा। इसके अंतर्गत उच्च और तकनीकी शिक्षा के शासकीय महाविद्यालयों के शिक्षकों एवं लगभग 16 लाख विद्यार्थियों को 'कोविड अनुकूल व्यवहार एवं वैक्सीनेशन' के संबंध में प्रशिक्षण देकर उनके माध्यम से लोगों को कोरोना के प्रति जागरूक किया जाएगा।

अभियान के अंतर्गत कॉलेजों में विद्यार्थियों को छोटे-छोटे समूहों में कोविड अनुकूल व्यवहार और टीकाकरण के महत्व के बारे में जानकारी दी जायेगी। ये विद्यार्थी, अपने परिवार तथा आस-पास के समाज के नागरिकों को कोरोना से बचाव और वैक्सीनेशन से होने वाले लाभों की जानकारी देंगे। अभियान की प्रभावी रियल टाइम ऑनलाइन मॉनीटरिंग के लिए एक मोबाइल एप भी विकसित किया गया है।

अभियान की पूर्व तैयारियों के संबंध में प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा श्री अनुपम राजन, सचिव तकनीकी शिक्षा श्री मुकेश गुप्ता, राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन एवं यूनिसेफ के राज्य स्तरीय अधिकारियों द्वारा सभी जिलों के लीड कॉलेजों, इंजीनियरिंग एवं पॉलीटेक्निक कॉलेज के प्राचार्य, जिला टीकाकरण अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया।

कोरोना की तीसरी लहर से बचाव में जिला क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटियां निभायें जिम्मेदारी

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिलों की क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी के सदस्यों से संवाद करते हुये।

भोपाल, मध्यप्रदेश में कोरोना के कारण अनाथ हुए बच्चों के साथ-साथ सभी अनाथ बच्चों के जीवन-यापन, आहार, शिक्षा और उनके आसरे की व्यवस्था सरकार और समाज द्वारा की जायेगी। हमारी सरकार संवेदना की सरकार है। किसी को भी मजबूर और बेबस नहीं रहने दिया जायेगा। कोरोना काल में बेसहारा हो गये परिवारों के संबंध में संवेदनशीलता के साथ निर्णय लिया जायेगा। जिन व्यक्तियों की कोरोना से मृत्यु हुई है, उनके प्रमाण पत्र के संबंध में भी राज्य सरकार निर्णय लेगी। विधायकगण अब विधायक निधि से 50 प्रतिशत तक का उपयोग जरूरतमंदों की मदद के लिए कर सकेंगे। कोरोना के प्रभाव को दृष्टिगत रखकर राज्य सरकार इस प्रकार की व्यवस्था कर रही है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने जिलों की क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी के सदस्यों को निवास से वर्चुअली संबोधित करते हुये कहीं।

राजनैतिक और सामाजिक गतिविधियां रहेंगी प्रतिबंधित

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना संक्रमण का संकट अभी गया नहीं है। तीसरी लहर की संभावना है। सावधानी और सतर्कता की आवश्यकता है। राजनैतिक, सामाजिक गतिविधियां, जुलूस-जलसे और भीड़ वाली गतिविधियां प्रतिबंधित रहेंगी। स्कूल-कॉलेज, खेलकूद, स्टेडियम में कार्यक्रम आदि पर भी प्रतिबंध रहेगा।

प्रभावी रहा जन-भागीदारी मॉडल

श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में जन-भागीदारी मॉडल के प्रभावी क्रियान्वयन के परिणामस्वरूप कोरोना संक्रमण नियंत्रण में है। हमें तीसरी लहर को रोकने के लिए लगातार सक्रियता बनाए रखनी होगी। अमेरिका, इंग्लैंड और सिंगापुर के अनुभव यही बताते हैं कि जहां कोरोना अनुरूप व्यवहार का पालन गंभीरता से हुआ, वहां संक्रमण पुनः नहीं फैला। लेकिन जहां व्यवहार सामान्य रहा और लापरवाही बढ़ी वहां संक्रमण पुनः फैलना आरंभ हो गया है।

क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटियों ने किया टीम के रूप में कार्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में संक्रमण नियंत्रण में है। ग्राम, वार्ड, नगर और जिला स्तर पर क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटियों द्वारा संभाले गए दायित्व, परिश्रम और सहयोग के कारण ही कोरोना पर नियंत्रण पाया जा सका है। अब स्थिति सुखद है। यह सब सांसद, विधायक, जन-प्रतिनिधियों, स्वयं-सेवी संस्थाओं, शासकीय कर्मचारियों के परिश्रम और जन-सहयोग से संभव हो पाया है। यह मानव सेवा का उत्तम उदाहरण है। तीसरी लहर की चेतावनी सामने है और ब्लैक फंगस की चुनौती बनी हुई है। अभी क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटियों का काम समाप्त नहीं हुआ है। इन कमेटियों ने ग्राम, वार्ड, जिला और नगर स्तर पर बेहतर टीम के रूप में कार्य किया है।

प्रतिदिन जारी रहेंगे 80 हजार टेस्ट

श्री चौहान ने सतर्क रहने की सलाह देते हुए कहा कि इंग्लैंड में 90 दिन लॉकडाउन के बाद अनलॉक के साथ ही कोरोना के प्रकरण बढ़ने लगे हैं। इस स्थिति में कोरोना की लहर को रोकने और उसकी तीव्रता को कम करने की व्यवस्था आवश्यक है। अतः प्रदेश में 80 हजार टेस्ट प्रतिदिन होंगे। हमारा प्रयास होगा कि जिले के हर भाग में टेस्ट हों। टेस्ट में पॉजिटिव आने पर प्रत्येक की कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग कराई जाएगी। जो व्यक्ति पॉजिटिव आया है उसे होम आइसोलेशन में या कोविड केयर सेंटर में रखा जाएगा। प्रदेश में किल-कोरोना अभियान जारी रहेगा। सर्दी, खांसी, जुकाम के प्रकरण मिलते ही इलाज आरंभ किया जाएगा।

संक्रमण से बचाव में कारगर है मास्क

श्री चौहान ने कहा कि हमें संक्रमण को नियंत्रित भी करना है और रोज़गार एवं व्यापार भी चलाना है। अतः सावधानियां आवश्यक हैं। दुकानदारों, ग्राहकों, राहगीरों के लिए क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटियों को नियम बनाने होंगे। कोरोना से बचाव में मास्क रामबाण है, अतः मास्क के उपयोग, परस्पर दूरी बनाए रखने, बार-बार हाथ धोने और भीड़ न लगाने के संबंधी नियमों का हम सबको पालन करना होगा। श्री चौहान ने कहा कि जन-भागीदारी से यह व्यवस्थाएँ सुनिश्चित कर मध्यप्रदेश को देश में मॉडल राज्य के रूप में स्थापित किया जाएगा।

क्षेत्रीय भाषाओं में संदेश और नवाचार से करें टीकाकरण के लिए प्रेरित

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा टीकाकरण का दायित्व लेने के लिए उनका आभार मानते हुए कहा कि टीकाकरण के लिए जन-सामान्य को प्रेरित करने के उद्देश्य से ग्राम और वार्ड स्तर पर जन-जागरण अभियान चलाया जाए। क्षेत्रीय भाषाओं में संदेश, स्लोगन आदि के उपयोग के साथ-साथ अन्य नवाचार भी किए जाएं।

जन-हितैषी योजनाओं के क्रियान्वयन में भी कमेटियां निभाएं जिम्मेदारी

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य शासन द्वारा मुख्यमंत्री कोविड-19 बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री कोविड-19 विशेष अनुग्रह योजना, मुख्यमंत्री कोविड योद्धा कल्याण योजना, मुख्यमंत्री कोविड उपचार योजना, मुख्यमंत्री कोविड-19 अनुकम्पा नियुक्ति योजना जैसी जन-हितैषी योजनाएं लागू की गई हैं। क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटियां जिला स्तर पर इन योजनाओं का पूरी संवेदनशीलता और सक्रियता से क्रियान्वयन सुनिश्चित करें।

श्री चौहान ने कहा कि प्रत्येक गांव में एक महिला एवं एक पुरुष को और प्रत्येक विकासखंड स्तर पर तीन व्यक्तियों को स्वास्थ्य जागरूकता पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। ये स्वास्थ्य सहायक ग्राम स्तर पर कोरोना से बचाव के लिए जागरूकता पर काम करेंगे।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

मुंह पर मास्क और दो गज की दूरी कोरोना को खत्म करने के लिए है जरूरी

कोरोना के दिशा-निर्देश जिला आपदा प्रबंधन समिति के परामर्श से लागू होंगे

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश में कोविड-19 के संक्रमण की दर में कमी को दृष्टिगत रखते हुए कोरोना कर्फ्यू के प्रतिबंधों के संबंध में नवीन दिशा-निर्देश जिला कलेक्टर्स को दिये हैं। उन्होंने कहा है कि इन्हें जिला क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी के समक्ष रखा जाये और कमेटी के परामर्श से जिला स्तर पर वहां की परिस्थिति के अनुसार लागू किया जाये। कोरोना कर्फ्यू के संबंध में कलेक्टर यथोचित आदेश जारी करें।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर राज्य शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों में कहा गया है कि सभी सामाजिक, राजनैतिक, खेल, मनोरंजन, सांस्कृतिक, धार्मिक आयोजन और मेले आदि, जिसमें जनसमूह एकत्रित होता है, प्रतिबंधित रहें। स्कूल, कॉलेज, शैक्षणिक प्रशिक्षण, कोचिंग संस्थान बंद रहें। ऑनलाइन क्लासेस चल सकेंगी। सभी धार्मिक और पूजा-स्थल खुल सकेंगे, किन्तु एक समय में छह से अधिक व्यक्ति उपस्थित नहीं रह सकेंगे और उपस्थित जनों को कोविड प्रोटोकाल का पालन करना बंधनकारी होगा। सभी शासकीय, अर्द्धशासकीय, निगम और मण्डल के कार्यालय अधिकारी और कर्मचारियों की सौ प्रतिशत उपस्थिति के साथ खुलेंगे।

सभी प्रकार की दुकानें, व्यावसायिक प्रतिष्ठान और निजी कार्यालय सुबह 9 बजे से रात्रि 8 बजे तक खुल सकेंगे। शॉपिंग मॉल और जिम भी सुबह 9 बजे से रात्रि 8 बजे तक खुल सकेंगे। सभी सिनेमा-घर, थियेटर और स्वीमिंग पूल बंद रहेंगे। सभी वृहद, मध्यम, लघु एवं सूक्ष्म उद्योग अपनी पूर्ण क्षमता पर कार्य कर सकेंगे और निर्माण गतिविधियां सतत् चल सकेंगी। जिम और फिटनेस सेंटर रात 8 बजे तक 50 प्रतिशत कैपेसिटी पर कोविड प्रोटोकाल की शर्त का पालन करते हुए खुल सकेंगे। सभी खेलकूद के स्टेडियम खुल सकेंगे, किन्तु खेल आयोजनों में दर्शक शामिल नहीं हो सकेंगे।

सभी रेस्टोरेंट एवं क्लब 50 प्रतिशत कैपेसिटी से रात्रि 10 बजे तक खुल सकेंगे। सभी होटल और लॉज पूर्ण क्षमता के अनुसार खुल सकेंगे। विवाह आयोजनों में दोनों पक्षों को मिलाकर अधिकतम 50 लोगों की उपस्थिति की ही अनुमति दी जा सकेगी। इस प्रयोजन के लिये आयोजक को जिला प्रशासन को अतिथियों के नाम की सूची आयोजन के पूर्व प्रदाय करना आवश्यक होगा। अधिकतम 10 लोगों के साथ ही अंतिम संस्कार की अनुमति दी जा सकेगी।

अनुमत्य गतिविधियों के अलावा किसी भी स्थान पर 6 से अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने पर प्रतिबंध रहेगा। अंतर्राज्यीय और राज्यांतरिक माल एवं सर्विसेज आवागमन निर्बाध रहेगा। जिन ग्रामों में कोविड-19 के एक्टिव केस की संख्या 5 या 5 से अधिक है, उन्हें रेड जोन ग्राम के रूप में चिन्हांकित किया गया है। रेड जोन ग्रामों में और नगरीय क्षेत्रों के माइक्रो कन्टेनमेंट जोन तथा कन्टेनमेंट जोन में कोविड-19 संक्रमण के संबंध में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार ही गतिविधियां संचालित हो सकेंगी। पूरे प्रदेश के सभी नगरीय क्षेत्रों में प्रत्येक रविवार को जनता कर्फ्यू रहेगा, जो शनिवार रात्रि 10 बजे से सोमवार सुबह 6 बजे तक प्रभावी रहेगा। पूरे प्रदेश के सभी नगरीय क्षेत्रों में रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक नाइट कर्फ्यू रहेगा।

प्रत्येक नागरिक कोविड उपयुक्त व्यवहार का पालन करें, इसके लिये व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। जिला प्रशासन कोविड-19 प्रोटोकाल का जिला में पालन सुनिश्चित करायेगा और इनका उल्लंघन करने वालों पर वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। यह सभी दिशा-निर्देश 30 जून, 2021 तक प्रभावशील रहेंगे।

मध्यप्रदेश के व्यक्तियों और वस्तुओं का अंतर राज्य एवं राज्यांतरिक आवागमन निर्बाध रूप से संचालित होगा। अंतर राज्य मार्गों पर राज्य की सीमा पर प्रदेश में प्रवेश कर रहे नागरिकों की थर्मल स्क्रीनिंग की जायेगी।

मध्यप्रदेश में टीकाकरण के लिए चलाया जायेगा महाअभियान

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान मंत्रालय में मध्यप्रदेश में कोरोना की स्थिति एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुये।

भोपाल, मध्यप्रदेश में कोरोना संक्रमण अब न्यूनतम स्तर पर है। देश के 28 राज्यों में संक्रमण की दृष्टि से मध्यप्रदेश 27वें स्थान पर आ गया है। प्रदेश के सभी जिलों में व्यापक टेस्टिंग अभियान निरंतर जारी रहे, जिससे एक भी संक्रमित व्यक्ति छुपा न रहे। कोरोना की तीसरी लहर से बचे रहने के लिए 'एग्रेसिव टेस्टिंग' जरूरी है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश में कोरोना की स्थिति एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि टीकाकरण कोरोना से बचाव का सुरक्षा कवच है। हर व्यक्ति कोरोना का टीका लगवाए, इसके लिए प्रदेश में टीकाकरण का महाअभियान चलाया जाएगा, जिसकी शुरुआत एक जुलाई से होगी।

केवल भोपाल में एक प्रतिशत से अधिक पॉजिटिविटी दर

प्रदेश के 50 जिलों में एक प्रतिशत से कम साप्ताहिक पॉजिटिविटी दर है। इंदौर जिले में एक प्रतिशत साप्ताहिक पॉजिटिविटी दर है। केवल भोपाल जिले में एक प्रतिशत से अधिक 1.4 प्रतिशत साप्ताहिक पॉजिटिविटी दर है।

15 जिलों में शून्य प्रकरण

प्रदेश के 15 जिलों अलीराजपुर, अशोकनगर, बालाघाट, भिंड, बुरहानपुर, गुना, खण्डवा, मंडला, नरसिंहपुर, नीमच, शिवपुरी, सीधी, टीकमगढ़, उमरिया और निवाड़ी जिलों में कोरोना का कोई भी नया प्रकरण नहीं आया है।

श्री चौहान ने निर्देश दिए कि कोरोना की टेस्टिंग के लिए सैम्पल हर जिले के ग्रामीण एवं नगरीय सभी क्षेत्रों से लिए जाने चाहिए। इसके साथ ही सार्वजनिक स्थलों, रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड, बाजार, कॉलोनियों आदि से भी सैम्पल लिए जाने चाहिए। हमें अधिक से अधिक टेस्टिंग करना है और किसी धोखे में नहीं रहना है। चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास सारंग ने बताया कि भोपाल में सैम्पल लेने के लिए 100 दल कार्य कर रहे हैं, जो कि स्थान-स्थान से सैम्पल ले रहे हैं।

वैक्सीनेशन के लिए हम निकल पड़े हैं

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना से हर व्यक्ति को बचाने के लिए वैक्सीनेशन आवश्यक है। हम वैक्सीनेशन के लिए निकल पड़े हैं। वैक्सीन हमें तीसरी लहर से सुरक्षा प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि प्रभारी मंत्री, प्रभारी अधिकारी, सांसद, विधायक, समाजसेवी, समाज के विभिन्न क्षेत्रों के विशिष्ट व्यक्ति आदि सभी टीकाकरण के लिए लोगों को जागरूक करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे स्वयं सड़कों पर जाकर लोगों को टीकाकरण के लिए प्रेरित करेंगे। आगामी एक से तीन जुलाई के बीच टीकाकरण के लिए महाअभियान चलाया जाएगा।

ब्लैक फंगस के 969 एक्टिव प्रकरण

प्रदेश में ब्लैक फंगस के कुल 969 एक्टिव प्रकरण हैं। ब्लैक फंगस के मरीज लगातार ठीक हो रहे हैं। इलाज करने वाले सभी अस्पतालों में एम्फोटेरिसिन-बी इंजेक्शन सहित सभी दवाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं।

प्रदेश के विभिन्न अस्पतालों में वर्तमान में कोरोना के 1696 (47 प्रतिशत) मरीज उपचाररत हैं। इनमें से 786 मरीज आई.सी.यू. वेड्स, 656 ऑक्सीजन वेड्स और 254 अन्य वेड्स पर हैं। सक्रिय प्रकरणों में से 1914 (53 प्रतिशत) मरीज होम आइसोलेशन में हैं।

रीवा और विन्ध्य क्षेत्र का समग्र विकास रहेगा जारी - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान और लोक निर्माण मंत्री श्री गोपाल भार्गव रीवा के फ्लाई-ओवर का वर्चुअल लोकार्पण करते हुये।

भोपाल, रीवा सहित पूरे विन्ध्य क्षेत्र का समग्र विकास निरंतर जारी रहेगा। इस इलाके में अधोसंरचना विकास, स्वास्थ्य सुविधाएँ, शिक्षा, कौशल विकास, रोज़गार आदि सभी क्षेत्रों में कार्य किया जा रहा है। क्षेत्र में उद्योगों का जाल बिछाया जा रहा है। कृषि आधारित उद्योग भी प्रारंभ किए जा रहे हैं। रीवा के नवनिर्मित फ्लाई-ओवर का नाम सरदार वल्लभ भाई पटेल ब्रिज होगा। रीवा में कैंसर मरीजों को इलाज की सुविधा प्रदान की जाएगी। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रीवा में नव-निर्मित फ्लाई-ओवर का वर्चुअल लोकार्पण करते हुये कहीं। डेढ़ किलोमीटर लम्बे इस फ्लाई-ओवर की लागत 43 करोड़ 50 लाख रुपये है।

बाणसागर ने बदली क्षेत्र की तस्वीर

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाणसागर परियोजना ने विन्ध्य क्षेत्र की तस्वीर बदल दी है। सिंचाई की सुविधा बढ़ने से कृषि एवं व्यापार को बढ़ावा मिला है और रोज़गार के अवसर बढ़े हैं। इसके साथ ही, एशिया का सबसे बड़ा सोलर पावर प्रोजेक्ट और सुपर स्पेशलिटी अस्पताल भी यहां प्रारंभ हुए हैं।

विंध्य क्षेत्र का समग्र विकास किया है

लोक निर्माण मंत्री श्री गोपाल भार्गव ने कहा कि मुख्यमंत्री ने रीवा सहित संपूर्ण विंध्य क्षेत्र का समग्र विकास किया है। आगे भी विकास की गतिविधियां निरंतर जारी रहेंगी। लोक निर्माण विभाग सहित अन्य सभी विभाग इसमें पूरा सहयोग करते रहेंगे।

रीवा का निरंतर विकास हो रहा है

रीवा से वर्चुअली शामिल हुए पूर्व मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में रीवा में तेज गति से विकास हो रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने गत जुलाई में गुढ़ में एशिया के सबसे बड़े फ्लाई-ओवर का लोकार्पण किया था। गत अक्टूबर में रीवा में सुपर स्पेशलिटी अस्पताल प्रारंभ हुआ। कचरे से खाद बनाने का संयंत्र भी यहां स्थापित हुआ है।

बेसहारा बच्चों की देखभाल सुनिश्चित करने के लिए बनायी जाये योजना

भोपाल, प्रदेश सरकार के होते हुए प्रदेश में कोई भी बच्चा अनाथ नहीं रहेगा, हर बच्चा सनाथ होगा। न केवल ऐसे बच्चे जिनके माता-पिता का कोविड से निधन हुआ है, बल्कि वे सभी बच्चे जो बेसहारा हैं, उनके खाने-पीने, शिक्षा, रहने आदि की व्यवस्था सरकार करेगी। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में प्रदेश के बेसहारा बच्चों की देखभाल के संबंध में आयोजित बैठक में कहीं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश में सभी बेसहारा बच्चों की देखभाल सुनिश्चित करने के लिए नई योजना बनाई जाए।

पहली प्राथमिकता बच्चों को अभिभावक मिल जाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहली कोशिश यह हो कि बेसहारा बच्चों को अभिभावक मिल जाएँ। जिन्हें अभिभावक नहीं मिलते हैं, उनके रहने की व्यवस्था शासकीय संस्थाओं में की जाए।

अशासकीय संस्थाओं का निरीक्षण करें

श्री चौहान ने निर्देश दिए कि जो अशासकीय संस्थाएं बेसहारा बच्चों की देखभाल करती हैं, उनके कार्यों का भी निरीक्षण किया जाए। कई संस्थाएं बहुत अच्छा कार्य कर रही हैं।

बैठक में बताया गया कि मार्च 2021 से 11 जून तक की स्थिति में प्रदेश में कुल 2457 बच्चे बेसहारा हुए हैं। इनमें से 714 बच्चों के मां-बाप नहीं हैं, 1536 बच्चों के मां-बाप में से एक नहीं है और 207 बच्चे परित्यक्त हैं। मुख्यमंत्री कोविड बाल सेवा योजना में 329 बच्चों को और स्पॉन्सरशिप एवं फोस्टर केअर योजना में 939 बच्चों को सहायता दी गई है। शेष 1189 बच्चों को शीघ्र सहायता प्रदान की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सर्वे कर प्रदेश में सभी बेसहारा बच्चों की सही संख्या पता की जाए और उनकी देखभाल के लिए एक समेकित नई योजना बनाई जाए, जिससे हर बच्चे की सही देखभाल हो सके।

जनता की सुरक्षा की दृष्टि से ही हो रहा है अनलॉक

भोपाल, गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कहा है कि जनता की स्वास्थ्य-सुरक्षा की दृष्टि से ही चरणबद्ध तरीके से अनलॉक की प्रक्रिया को अमलीजामा पहनाया जा रहा है। डॉ. मिश्रा कोरोना कर्फ्यू को सुनियोजित रूप से चरणबद्ध प्रक्रिया के अनुसार समाप्त किये जाने और सामान्य जन-जीवन बहाल किये जाने के लिये प्रस्तावित रणनीति को तैयार करने के लिये गठित समिति की अध्यक्षता कर रहे थे।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

तुर्की में

यिल्डिज बनीं कमांडो ट्रेनिंग लेने वाली पहली महिला

तुर्की में अब तक आतंकवाद विरोधी पाठ्यक्रमों में पुरुषों की संख्या ज्यादा होती थी, लेकिन सार्जेंट सु यिल्डिज ने इस परिपाटी को तोड़ा है। वे पहली ऐसी गैर-कमीशन प्राप्त महिला अधिकारी बनी हैं, जिन्होंने तुर्की के कमांडोज को दिए जाने वाले आतंकरोधी पाठ्यक्रम को पास किया है। इतना ही नहीं, उन्होंने हाल ही में अपना पहला आतंकरोधी अभियान भी पूरा किया है।

चर्चिल की चित्रकारी

जल्द ही नीलाम की जाएगी

यूनाइटेड किंगडम के पूर्व प्रधानमंत्री विंस्टन चर्चिल द्वारा बनाई गई कलाकृति 'सीन ऑन द रीवर म्यूज एट डिनेट' की नीलामी की जाएगी। उनकी इस चर्चित कलाकृति को सेन्ट्रल लंदन के प्रमुख नीलामी घर क्रिस्ट्री में प्रदर्शित किया गया। चर्चिल दो बार देश के प्रधानमंत्री रहे। पहली बार वर्ष 1940 से 45 तक और दूसरी बार 1951 से 55 तक। उन्हीं के पहले कार्यालय के दौरान द्वितीय विश्वयुद्ध हुआ था।

म्यांमार में

फिर सड़क पर उतरे प्रदर्शनकारी

म्यांमार में सैन्य तख्तापलट के विरोध में प्रदर्शनों का सिलसिला लगातार जारी है। यंगून में सैकड़ों लोकतंत्र समर्थकों ने मार्च निकाला। इसी वर्ष फरवरी में सेना ने तख्तापलट करते हुए देश की सत्ता अपने हाथों में ले ली थी। प्रमुख नेता आंग सान सू की सहित नेशनल लीगल फॉर डेमोक्रेसी के वरिष्ठ नेताओं को गिरफ्तार कर लिया गया।

एरिका थॉमसन

बिना दस्ताने हटाती हैं मधुमक्खी के छत्ते

अमेरिका के टेक्सास की एरिका थॉमसन पेशेवर मधुमक्खी पालक हैं और पिछले 9 साल से यह काम करती आ रही हैं। इनकी खासियत यह है कि बगैर किट पहने अपने हाथ से ही दीवार पर लगे मधुमक्खियों के झुंड को हटा देती हैं। एरिका को मधुमक्खी के डंक लग जाने के बाद भी किसी गंभीर समस्या का सामना नहीं करना पड़ता।

नांदेड़ के

युवा ने एक लाख घंटे तक जलने वाला एलईडी बनाया

महाराष्ट्र के हदगांव तालुका के स्मार्ट विलेज साप्ती के युवा अभिजीत ने व्हाइट एलईडी बल्ब बनाने में कामयाबी हासिल की है। उन्हें इसके लिए ऑस्ट्रेलिया से पेटेंट और अनुदान मिला है। खास बात यह है कि अभिजीत का बनाया हुआ बल्ब एक लाख घंटे या करीब 4 हजार 166 दिनों तक जलेगा। इससे पहले उन्हें ब्लू एलईडी के लिए भी पेटेंट मिल चुका है। दोनों ही पेटेंट 8 साल के लिए वैध हैं।

केइको फूजीमोरी

पेरू की राष्ट्रपति होंगी

दक्षिण अमेरिकी देश पेरू में दक्षिणपंथी नेता एवं पूर्व राष्ट्रपति अल्बर्टो फूजीमोरी की पुत्री केइको फूजीमोरी ने बेहद कड़े मुकाबले में अपने प्रतिद्वंद्वी वामपंथी उम्मीदवार पेड्रो कास्टिलो को राष्ट्रपति पद के चुनाव में शिकस्त दी है। वह पेरू की नयी राष्ट्रपति होंगी। राष्ट्रपति पद के लिए पहले चरण का मतदान अप्रैल में हुआ था। राजधानी लीमा में जीत के बाद अपने समर्थकों का केइको ने आभार माना है।

जूनो अंतरिक्ष यान ने

बृहस्पति के सबसे बड़े चाँद की तस्वीरें भेंजी

नासा के अंतरिक्ष यान जूनो ने दो दशक से अधिक समय में जूपिटर (बृहस्पति) के सबसे बड़े चाँद गैनीमोड के सबसे करीब उड़ान भरी और उसकी पहली तस्वीरें भेजीं। सात जून को उड़ान के दौरान जूनो गैनीमोड की सतह के करीब आया और जूपिटर ऑर्बिटर के जूनो कैम इमेजर और इसके स्टेलर रेफरेंस यूनिट स्टार कैमरे से दो तस्वीरें भी लीं। बृहस्पति के डैनीमेड की भेजी गई इन दो तस्वीरों का अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने अध्ययन शुरू कर दिया है।



इजरायल में

एक हजार साल पुराना अंडा मिला

इजरायल के यावने शहर में खुदाई के दौरान पुरातत्वविदों को एक हजार साल पुराना मुर्गी का अंडा मिला है। यह एक मलकुंड में पाया गया। विशेषज्ञों के मुताबिक यह अंडे के अद्वितीय परीक्षण का परिणाम है कि लंबे समय तक सही स्थिति में रहा है जबकि आज कार्टन में भी मुश्किल से ही अंडे थोड़ा लंबे समय तक जीवित रह पाते हैं।

टेस्ला ई-कार

सायबरट्रक की बुकिंग 10 लाख पार

टेस्ला की ई-कार सायबरट्रक लॉन्च से पहले ही 10 लाख से ज्यादा बुक हो चुकी हैं। रिकॉर्ड बुकिंग कम राशि के कारण है, जो रिफंडेबल है। ये 3 वैरिएंट्स में आएगी। एंट्री-लेवल 402 किलोमीटर की रेंज में होगी। टॉप मॉडल ऑल-व्हील-ड्राइव सिस्टम के साथ आएगा। इसकी रेंज 805 किलोमीटर होगी। कार की शुरुआती कीमत 29 लाख तक रखी गयी है।

सना मरीन

फिनलैंड की प्रधानमंत्री लौटाएंगी नाश्ता भत्ता

फिनलैंड की प्रधानमंत्री सना मरीन ने आधिकारिक आवास केसारेंटा में रहते हुए परिवार के नाश्ता भत्ते में लिए 12.40 लाख रुपये लौटाने की घोषणा की है। देश के अखबार ने खुलासा किया था कि मरीन द्वारा किया गया भत्ता दावा गलत था। करीब डेढ़ वर्ष पहले पद संभालने वाली 35 वर्षीय प्रधानमंत्री सना मरीन ने कहा कि वे अपने खाने के पैसे खुद चुकाएंगी।

डेविड डिओप

फ्रांस के लेखक को मिला अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार

फ्रांस के लेखक डेविड डिओप को उनकी किताब एट नाइट ऑल ब्लड इज ब्लैक के लिए अंतर्राष्ट्रीय बुकर प्राइज दिया गया है। इसका अंग्रेजी में अनुवाद अन्ना मोस्कोवाकिस ने किया है। यह पुस्तक पब्लिक प्रेस ने प्रकाशित की है। डिओप का जन्म 1966 में हुआ था और वर्तमान में फ्रांस में रहते हैं। वह यूनिवर्सिटी ऑफ पाओ में प्रोफेसर हैं। डिओप पहले फ्रांसीसी लेखक हैं, जिन्होंने यह पुरस्कार जीता है।

डोनाल्ड ट्रंप ने

अपने सोशल मीडिया अकाउंट हमेशा के लिए बंद किये

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फेसबुक और ट्विटर द्वारा प्रतिबंधित किए जाने के बाद हमेशा के लिए अपने सोशल मीडिया अकाउंट बंद कर दिये हैं। उन्होंने अपने ब्लॉग और वेब पेज को भी बंद कर दिया है। ट्रंप के प्रवक्ता जैसन मिलर ने बताया कि 'फ्रॉम द डेस्क ऑफ डोनाल्ड जे ट्रंप' नामक वेब पेज ट्रंप ने अपनी वेबसाइट से हटा दिया है।

स्पेस एक्स

22वें कार्गो मिशन को अंजाम देगी

अमेरिकी कंपनी 'स्पेस एक्स' अंतर्राष्ट्रीय स्टेशन (आईएसएस) पर अपने 22वें कार्गो आपूर्ति मिशन को अंजाम देगी। इसके तहत आईएसएस पर तैनात अंतरिक्ष यात्रियों को 3300 किलोग्राम से अधिक वजन के वैज्ञानिक उपकरण, हार्डवेयर, खाने-पीने की चीजें और अन्य जरूरी सामग्री पहुंचाई जाएगी। आपूर्ति मिशन के लिए 'स्पेस-एक्स' नए 'फाल्कन-9' रॉकेट का सहारा लेगी, जिसे बाद में अन्य प्रोजेक्ट में भी इस्तेमाल किया जाएगा।

एजेजांद्रो नुनेज ने

विमान की डबल डेकर सीट डिजाइन कर अवॉर्ड पाया

ब्रिटेन के 21 वर्षीय छात्र एजेजांद्रो नुनेज ने विमान की डबल डेकर सीट का मॉडल तैयार किया है। इसके लिए उन्हें क्रिस्टल केबिन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार नवाचार के लिए दिया जाता है। डिजाइन करने वाले नुनेज ने बताया कि यूरोप आते समय इकोनॉमी क्लास में बैठने से उनके दिमाग में ऐसा विचार आया था। इसके बाद ही उन्होंने डबल डेकर बस की तरह डबल डेकर विमान सीट को तैयार किया।

सुभाषिनी अय्यर

मून मिशन में निभा रहीं अहम भूमिका

भारत के कोयंबटूर में जन्मी मैकेनिकल इंजीनियर सुभाषिनी अय्यर को अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने अहम जिम्मेदारी दी है। अय्यर चंद्रमा और उससे आगे अंतरिक्ष में नासा के यान भेजने की महत्वाकांक्षी परियोजनाओं की देखरेख करेंगी। वे दो साल से स्पेस लॉन्च सिस्टम (एसएलएम) से जुड़ी हुई हैं। उन्होंने बताया कि नासा चंद्रमा को समझने के लिए इसके चारों तरफ दो मिशन की शुरुआत करेगा।

संयुक्ताभ्यास

मित्र और फ्रांस की सेना ने पूर्ण किया

मित्र और फ्रांस की नौसेना ने भूमध्य सागर में संयुक्त सैन्य अभ्यास किया। मित्र के रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी बयान में यह जानकारी दी गयी है। बयान के मुताबिक सशस्त्र बलों के कमान की कार्ययोजना के अनुरूप और मित्र देशों के साथ संयुक्त अभ्यास की निरंतरता के तहत मित्र की नौसेना ने फ्रांसीसी नौसेना के साथ वायु रक्षा, सामरिक अभ्यास और रेडियो इलेक्ट्रॉनिक युद्ध का अभ्यास किया गया।

न्यू गिनी में

मिला चॉकलेटी मेंढक

ऑस्ट्रेलिया के वैज्ञानिकों ने न्यू गिनी के जंगलों में एक मेंढक का पता लगाया है, जिसे चॉकलेटी मेंढक कहा जा रहा है। वैज्ञानिक स्टीव रिचर्ड्स की माने तो यह मेंढक धीरे-धीरे एक नई प्रजाति के रूप में विकसित हुआ। इस मेंढक का लैटिन नाम लिटोरिया मीरा है। इसका मतलब अजीब बताया गया है। इस खोज ने जैव प्रजातियों में एक अद्भुत अध्याय जोड़ा है।

स्पूर्ति प्रिया

भारत में फेसबुक की शिकायत अधिकारी नियुक्त

फेसबुक ने स्पूर्ति प्रिया को भारत के लिए शिकायत अधिकारी नियुक्त किया है। यह कदम हाल ही में लागू हुए नए आईटी नियमों के चलते उठाया गया है। इन नियमों के तहत 50 लाख से अधिक यूजर वाले सोशल मीडिया मंचों के लिए शिकायत अधिकारी नियुक्त करना जरूरी है। फेसबुक के अनुसार उपयोगकर्ता एक ई-मेल आईडी के जरिए स्पूर्ति प्रिया से संपर्क कर सकते हैं, जो शिकायत अधिकारी हैं। ई-मेल आईडी के जरिए शिकायतकर्ता अपनी शिकायत भी दर्ज कर सकते हैं।

अभय सिंज

नौ वर्षीय बालक ने यूनाइटेड नेशन फूड समिट में भाषण दिया

झारखंड के आइवान अभय सिंज नौ वर्ष के हैं। उन्होंने 16 जून से 18 जून तक सम्पन्न हुई 'फूड एंड एग्रीकल्चर ऑर्गेनाइजेशन ऑफ यूनाइटेड नेशन', 'यूनाइटेड नेशन फूड समिट' और 'ग्लोबल इंडिजेनस यूथ फोरम' के संयुक्त आयोजन में वक्तव्य के लिये आमंत्रित किया गया था। उन्होंने इस समिट में आदिवासियों के देशज ज्ञान और खेती पर चर्चा की।

सिनेड डिवेर

44 साल की उम्र में ऑस्ट्रेलिया की उम्रदराज ओलिंपियन बनीं

ऑस्ट्रेलिया की मैराथन धाविका सिनेड डिवेर ने 44 वर्ष की उम्र में टोक्यो ओलिंपिक के लिए क्वालीफाई किया है। वह ऑस्ट्रेलिया के इतिहास की सबसे उम्रदराज ओलिंपिक एथलीट बन गई हैं। डिवेर ने कहा कि वह इस उम्र को कुछ नहीं मानतीं वे सिर्फ पदक जीतना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि उनको जनता और देश से अमूल्य प्रोत्साहन की जरूरत है।

स्मृति शेष

उस्ताद सईद साबरी का निधन

वॉलीवुड में राजस्थान का नाम रोशन करने वाले मशहूर कव्वाल जोड़ी साबरी ब्रदर्स के सरपरस्त उस्ताद सईद साबरी का 85 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। दो माह पहले ही उनके बड़े बेटे फरीद साबरी का निधन हो गया था। ज्ञात रहे कि साबरी बंधुओं को हिना फिल्म से ख्याति मिली थी।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

धैर्य जीवन में हमेशा सफलता के भेष में आता है – नीतिवचन

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (वि/यां.) संभाग उज्जैन रेलवे ओव्हर ब्रिज के पास फ्रीगंज, उज्जैन (म.प्र.)

E-mail : eepwdelecujn@mp.nic.in

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 02/(12)/टी.सी./2021-22 उज्जैन, दिनांक : 07.06.2021

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

स. क्र.	टेंडर क्रमांक	जिला	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	आमंत्रण क्र.	ठेके की अनुमा. राशि (रु. लाख में)	ऑनलाइन रूप से दस्तावेज प्रस्तुत करने का कार्यालय कार्यालयीन पता एवं अंतिम दिनांक व समय
1.	2021_PWDRB_145621_1	मंदसौर	ए.आर.	लोक निर्माण विभाग (वि/यां.) संभाग उज्जैन के अंतर्गत (वि/यां.) उपसंभाग मंदसौर के लिये वर्ष 2021-22 हेतु आवासीय भवनों में ए.आर./एस.आर./एम.ओ.डब्ल्यू./ओ.डब्ल्यू. डिपॉजिट/मरम्मत इत्यादि के (छोटे एवं अत्यावश्यक) विद्युतीकरण कार्य (आवश्यकतानुसार उज्जैन संभाग में कहीं भी कार्य कराया जा सकता है।)	प्रथम	10.00	कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (वि/यां.) संभाग उज्जैन दिनांक 23.06.2021 समय सायं 5.30 बजे तक
2.	2021_PWDRB_145622_1	मंदसौर	ए.आर.	लोक निर्माण विभाग (वि/यां.) संभाग उज्जैन के अंतर्गत (वि/यां.) उपसंभाग मंदसौर के लिये वर्ष 2021-22 हेतु गैर-आवासीय भवनों में ए.आर./एस.आर./एम.ओ.डब्ल्यू./ओ.डब्ल्यू. डिपॉजिट/मरम्मत इत्यादि के (छोटे एवं अत्यावश्यक) विद्युतीकरण कार्य (आवश्यकतानुसार उज्जैन संभाग में कहीं भी कार्य कराया जा सकता है।)	प्रथम	10.00	कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (वि/यां.) संभाग उज्जैन दिनांक 23.06.2021 समय सायं 5.30 बजे तक
3.	2021_PWDRB_145625_1	नीमच	ए.आर.	लोक निर्माण विभाग (वि/यां.) संभाग उज्जैन के अंतर्गत (वि/यां.) उपसंभाग नीमच के लिये वर्ष 2021-22 हेतु आवासीय भवनों में ए.आर./एस.आर./एम.ओ.डब्ल्यू./ओ.डब्ल्यू. डिपॉजिट/मरम्मत इत्यादि के (छोटे एवं अत्यावश्यक) विद्युतीकरण कार्य (आवश्यकतानुसार उज्जैन संभाग में कहीं भी कार्य कराया जा सकता है।)	प्रथम	10.00	कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (वि/यां.) संभाग उज्जैन दिनांक 23.06.2021 समय सायं 5.30 बजे तक
4.	2021_PWDRB_145627_1	नीमच	ए.आर.	लोक निर्माण विभाग (वि/यां.) संभाग उज्जैन के अंतर्गत (वि/यां.) उपसंभाग नीमच के लिये वर्ष 2021-22 हेतु गैर-आवासीय भवनों में ए.आर./एस.आर./एम.ओ.डब्ल्यू./ओ.डब्ल्यू. डिपॉजिट/मरम्मत इत्यादि के (छोटे एवं अत्यावश्यक) विद्युतीकरण कार्य (आवश्यकतानुसार उज्जैन संभाग में कहीं भी कार्य कराया जा सकता है।)	प्रथम	10.00	कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (वि/यां.) संभाग उज्जैन दिनांक 23.06.2021 समय सायं 5.30 बजे तक
5.	2021_PWDRB_145628_1	शाजापुर	ए.आर.	लोक निर्माण विभाग (वि/यां.) संभाग उज्जैन के अंतर्गत (वि/यां.) उपसंभाग शाजापुर के लिये वर्ष 2021-22 हेतु आवासीय भवनों में ए.आर./एस.आर./एम.ओ.डब्ल्यू./ओ.डब्ल्यू. डिपॉजिट/मरम्मत इत्यादि के (छोटे एवं अत्यावश्यक) विद्युतीकरण कार्य (आवश्यकतानुसार उज्जैन संभाग में कहीं भी कार्य कराया जा सकता है।)	प्रथम	10.00	कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (वि/यां.) संभाग उज्जैन दिनांक 23.06.2021 समय सायं 5.30 बजे तक
6.	2021_PWDRB_145632_1	शाजापुर	ए.आर.	लोक निर्माण विभाग (वि/यां.) संभाग उज्जैन के अंतर्गत (वि/यां.) उपसंभाग शाजापुर के लिये वर्ष 2021-22 हेतु गैर-आवासीय भवनों में ए.आर./एस.आर./एम.ओ.डब्ल्यू./ओ.डब्ल्यू. डिपॉजिट/मरम्मत इत्यादि के (छोटे एवं अत्यावश्यक) विद्युतीकरण कार्य (आवश्यकतानुसार उज्जैन संभाग में कहीं भी कार्य कराया जा सकता है।)	प्रथम	10.00	कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (वि/यां.) संभाग उज्जैन दिनांक 23.06.2021 समय सायं 5.30 बजे तक
7.	2021_PWDRB_145636_1	आगर-मालवा	ए.आर.	लोक निर्माण विभाग (वि/यां.) संभाग उज्जैन के अंतर्गत (वि/यां.) उपसंभाग आगर-मालवा के लिये वर्ष 2021-22 हेतु आवासीय भवनों में ए.आर./एस.आर./एम.ओ.डब्ल्यू./ओ.डब्ल्यू. डिपॉजिट/मरम्मत इत्यादि के (छोटे एवं अत्यावश्यक) विद्युतीकरण कार्य (आवश्यकतानुसार उज्जैन संभाग में कहीं भी कार्य कराया जा सकता है।)	प्रथम	10.00	कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (वि/यां.) संभाग उज्जैन दिनांक 23.06.2021 समय सायं 5.30 बजे तक
8.	2021_PWDRB_145637_1	आगर-मालवा	ए.आर.	लोक निर्माण विभाग (वि/यां.) संभाग उज्जैन के अंतर्गत (वि/यां.) उपसंभाग आगर-मालवा के लिये वर्ष 2021-22 हेतु गैर-आवासीय भवनों में ए.आर./एस.आर./एम.ओ.डब्ल्यू./ओ.डब्ल्यू. डिपॉजिट/मरम्मत इत्यादि के (छोटे एवं अत्यावश्यक) विद्युतीकरण कार्य (आवश्यकतानुसार उज्जैन संभाग में कहीं भी कार्य कराया जा सकता है।)	प्रथम	10.00	कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (वि/यां.) संभाग उज्जैन दिनांक 23.06.2021 समय सायं 5.30 बजे तक
9.	2021_PWDRB_145645_1	रतलाम	ए.आर.	लोक निर्माण विभाग (वि/यां.) संभाग उज्जैन के अंतर्गत (वि/यां.) उपसंभाग रतलाम के लिये वर्ष 2021-22 हेतु आवासीय भवनों में ए.आर./एस.आर./एम.ओ.डब्ल्यू./ओ.डब्ल्यू. डिपॉजिट/मरम्मत इत्यादि के (छोटे एवं अत्यावश्यक) विद्युतीकरण कार्य (आवश्यकतानुसार उज्जैन संभाग में कहीं भी कार्य कराया जा सकता है।)	प्रथम	10.00	कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (वि/यां.) संभाग उज्जैन दिनांक 23.06.2021 समय सायं 5.30 बजे तक
10.	2021_PWDRB_145647_1	रतलाम	ए.आर.	लोक निर्माण विभाग (वि/यां.) संभाग उज्जैन के अंतर्गत (वि/यां.) उपसंभाग रतलाम के लिये वर्ष 2021-22 हेतु गैर-आवासीय भवनों में ए.आर./एस.आर./एम.ओ.डब्ल्यू./ओ.डब्ल्यू. डिपॉजिट/मरम्मत इत्यादि के (छोटे एवं अत्यावश्यक) विद्युतीकरण कार्य (आवश्यकतानुसार उज्जैन संभाग में कहीं भी कार्य कराया जा सकता है।)	प्रथम	10.00	कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (वि/यां.) संभाग उज्जैन दिनांक 23.06.2021 समय सायं 5.30 बजे तक
11.	2021_PWDRB_145648_1	रतलाम	ए.आर.	लोक निर्माण विभाग (वि/यां.) संभाग उज्जैन के अंतर्गत (वि/यां.) उपसंभाग रतलाम के लिये वर्ष 2021-22 हेतु मेडिकल भवनों में ए.आर./एस.आर./एम.ओ.डब्ल्यू./ओ.डब्ल्यू. डिपॉजिट/मरम्मत इत्यादि के (छोटे एवं अत्यावश्यक) विद्युतीकरण कार्य (आवश्यकतानुसार उज्जैन संभाग में कहीं भी कार्य कराया जा सकता है।)	प्रथम	10.00	कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (वि/यां.) संभाग उज्जैन दिनांक 23.06.2021 समय सायं 5.30 बजे तक
12.	2021_PWDRB_145649_1	रतलाम	ए.आर.	शासकीय स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय रतलाम में फायर एक्टिंग्यूशर रिफिल का कार्य।	प्रथम	3.12	कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (वि/यां.) संभाग उज्जैन दिनांक 23.06.2021 समय सायं 5.30 बजे तक
					कुल	113.12	

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेंडर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम दिनांक 23.06.2021 सायं 17.30 बजे** निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

मूल ई.एम.डी. रिसिप्ट एवं अन्य दस्तावेज दिनांक 23.06.2021 सायं 17.30 बजे तक दर्शित कार्यालय में ऑनलाइन प्राप्त की जावेंगी।

कार्यपालन यंत्री

जी-13329/45587/2021 **लो.नि.वि. (वि./यां.) संभाग उज्जैन, फोन : 0734-2561560**

कार्यालय आयुक्त चिकित्सा शिक्षा

6वीं मंजिल, सतपुड़ा भवन, भोपाल (म.प्र.), दूरभाष क्र. : 0755-2551719, फैक्स : 0755-2578844

ई-मेल : dme12001@yahoo.com, वेबसाइट : www.medicaleducation.mp.gov.in

क्रमांक 912/नर्सिंग/संचिशि/2021 भोपाल, दिनांक 11.06.2021

बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु काउंसलिंग संबंधी सूचना

व्यापम द्वारा पी.एन.एस.टी. 2020 के घोषित परिणाम के आधार पर चिकित्सा महाविद्यालय, इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, रीवा, जबलपुर, सागर से संबंधित नर्सिंग महाविद्यालयों में सत्र 2020-21 के लिये शासन द्वारा स्वीकृत 810 बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु ऑनलाइन काउंसलिंग **दिनांक 18.06.2021** से प्रारंभ होगी, यह काउंसलिंग एम.पी. ऑनलाइन के पोर्टल **www.dme.mponline.gov.in** के माध्यम से संचालित होगी, काउंसलिंग से संबंधित विस्तृत जानकारी एवं समय सारणी (Time Schedule) संचालनालय की वेबसाइट **www.medicaleducation.mp.gov.in** एवं एम.पी. ऑनलाइन के पोर्टल **www.dme.mponline.gov.in** पर उपलब्ध होगी।

जी-13342/45588/2021 संचालक चिकित्सा शिक्षा मध्यप्रदेश

म.प्र. ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण

कार्यालय महाप्रबंधक, परियोजना क्रियान्वयन इकाई क्रमांक-2, होशंगाबाद

फोन : 07574-254725, ई-मेल : piu2hoshangabad@gmail.com

क्रमांकः 653/ग्रा.स./स्था./2021 **होशंगाबाद, दिनांक : 11.06.2021**

विज्ञप्ति

म.प्र. ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, परियोजना क्रियान्वयन इकाई क्र. 1 एवं 2, होशंगाबाद में निम्नानुसार पद रिक्त हैं। पदों की पूर्ति प्रतिनियुक्ति एवं संविदा पर कार्यविभाग में कार्यरत कर्मचारियों अथवा सेवा निवृत्त कर्मचारियों से की जाना है। जिसका विवरण निम्नानुसार है :

क्र.	पदनाम	रिक्तियों की संख्या	नियुक्ति का प्रकार	प्रतिनियुक्ति के लिए अर्हता/वेतन विवरण	संविदा नियुक्ति के लिए अर्हता/वेतन विवरण/आयु सीमा आदि
1. राहत	सहायक ग्रेड 1/2/3	02	प्रतिनियुक्ति/सेवा निवृत्ति उपरांत संविदा	म.प्र. कार्य विभाग में कार्यरत सहायक ग्रेड-2 जिन्हें इस पद पर 5 वर्ष का अनुभव हो प्रतिनियुक्ति हेतु मूल विभाग में देय वेतन भत्ते पर	म.प्र. के कार्य विभाग में सेवानिवृत्त कार्यालय सहायक ग्रेड-1 एवं 2 **वेतन-** संविदा हेतु सेवानिवृत्ति के पूर्व अंतिम देय कुल वेतन से पेंशन एवं राशि घटाकर शेष राशि **आयु-** अधिकतम 63 वर्ष (01.08.2021 की स्थिति में)

प्रतिनियुक्ति से पदों की पूर्ति न होने की स्थिति में इन्हें सेवानिवृत्ति उपरांत संविदा आधार पर भरा जाना प्रस्तावित है। अतः इच्छुक अभ्यर्थी इस हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं।

इच्छुक अभ्यर्थी प्रतिनियुक्ति हेतु उचित माध्यम से (विभाग की अनापत्ति प्रमाण पत्र सहित) आवेदन पत्र प्रस्तुत करें एवं संविदा पदस्थापना हेतु सीधे आवेदन प्रस्तुत किए जाएं। आवेदन पत्र जमा करने की **अंतिम तिथि 26.07.2021** है।

म.प्र. माध्यम/100991/45600/2021 **महाप्रबंधक**

म.प्र. पुलिस हाउसिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड

कार्यालय परियोजना यंत्री, डी-5/2, एम.आय.जी., महाश्वेता नगर, इस्कॉन मंदिर के सामने, उज्जैन (म.प्र.)

Email: mpphcl_ujjain@yahoo.in, फोन : 0734-2527715

मोबा. : 9406808103

क्र. 626-27/पय/मप्रपुहाइडेकालि/21 **उज्जैन, दिनांक : 14.06.2021**

निविदा आमंत्रण सूचना

मध्यप्रदेश पुलिस हाउसिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड, संभाग उज्जैन के अंतर्गत **निविदा क्रमांक 08/2021-22 दिनांक 14.6.2021** के अंतर्गत वाह्य विद्युतीकरण कार्य पुलिस चौकी भवन, हरणगांव जिला देवास एवं **निविदा क्रमांक 09/2021-22 दिनांक 14.6.2021** के अंतर्गत उकावता जिला शाजापुर एवं कचनारा जिला मंदसौर में निर्माण कार्य यातायात सुरक्षा चौकी एवं सहायता केन्द्र कार्य की ऑनलाइन निविदा आईडी क्र. 2021_MPPHC_146661, 2021_MPPHC_146662, 2021_MPPHC_146709 कुल 3 निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन **दिनांक 15.06.2021 17.00 बजे से क्रय** किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण Portal: https://www.mptenders.gov.in पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/100977/45598/2021 **परियोजना यंत्री**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बालाघाट
ई-टेंडरिंग निविदा आमंत्रण

बालाघाट जिले के विकासखण्डों के ग्रामों में नलजल प्रदाय, नवीन योजना एवं रेट्रोफिटिंग योजना अंतर्गत पेयजल प्रदाय प्रारंभ करने हेतु योजना संबंधी कार्य की मुहरबंद निविदा प्रपत्र 'अ 2.10' (प्रतिशत दर) में एम.पी. टेण्डर्स पद्धति के माध्यम से लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है जो कि एम.पी. टेण्डर्स सिस्टम पोर्टल के **http://mptenders.gov.in** द्वारा निर्धारित शेड्यूल के अनुसार निविदा प्रक्रिया की जावेंगी।

निविदा का विवरण निम्नानुसार है :-

ई-टेण्डरिंग पद्धति क्रमांक	निविदा क्र./आमंत्रित दिनांक	कार्य की अनु. लागत (राशि रु. लाख में)	धरोहर राशि (अर्नेस्ट मनी) रु. में	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने की समयावधि	निविदा प्रपत्र क्रय करने की एवं दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	ऑनलाइन खुलने की तिथि	पंजीकृत ठेकेदार की श्रेणी
2021_PHED_146277_1	18/10.6.21	488.94	488940/-	15000/-	9 माह	29.6.21	1.7.21	लोक निर्माण विभाग में नवीन केंद्रीयकृत पंजीयन
2021_PHED_146278_1	19/10.6.21	485.68	485700/-	15000/-	9 माह	29.6.21	1.7.21	
2021_PHED_146281_1	20/10.6.21	488.34	488350/-	15000/-	9 माह	29.6.21	1.7.21	
2021_PHED_146282_1	21/10.6.21	496.95	497000/-	15000/-	9 माह	29.6.21	1.7.21	
2021_PHED_146475_1	22/11.6.21	274.88	274880/-	15000/-	9 माह	29.6.21	1.7.21	
2021_PHED_146476_1	23/11.6.21	457.69	457690/-	15000/-	9 माह	29.6.21	1.7.21	
2021_PHED_146477_1	24/11.6.21	465.58	465580/-	15000/-	9 माह	29.6.21	1.7.21	
2021_PHED_146478_1	25/11.6.21	347.16	347160/-	15000/-	9 माह	29.6.21	1.7.21	
2021_PHED_146480_1	26/11.6.21	432.56	432560/-	15000/-	9 माह	29.6.21	1.7.21	

निविदा आमंत्रण सूचना, विस्तृत विवरण एवं Key dates की जानकारी वेवसाइट **http://www.mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है।

नोट :- 1. सभी इच्छुक ठेकेदार ई-टेंडरिंग पोर्टल **(http://mptenders.gov.in)** में पंजीयन करायें।

2. 'निविदा में भविष्य में किये जाने वाले समस्त संशोधनों को समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। यह संशोधन केवल **(http://mptenders.gov.in)** पर ही प्रकाशित किये जायेंगे' निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क क्रेडिट कार्ड, ए.टी.एम. कम डेविट कार्ड अथवा इंटरनेट बैंकिंग एकाउण्ट के माध्यम से उपरोक्त वेवसाइट पर भुगतान कर केवल ऑनलाइन पर ही क्रय किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा एवं अन्य जानकारी उपरोक्त उल्लेखित वेवसाइट पर देखी जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, बालाघाट (म.प्र.)

जी-13509/45591/2021

कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता
नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर

क्रमांक/स्था/अराज/2021-5800 जबलपुर, दिनांक : 08.06.2021

विज्ञप्ति सूचना

मध्यप्रदेश शासन चिकित्सा शिक्षा विभाग मंत्रालय भोपाल के ज्ञाप क्रमांक एफ 2-06/2018/1-55 भोपाल दिनांक 07.04.2018 द्वारा नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर में स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय चिकित्सा सेवा आदर्श सेवा नियम 2018 एवं संचालनालय चिकित्सा म.प्र. भोपाल के पत्र क्रमांक 526/स्था/अराज/2021 भोपाल दिनांक 24.05.2021 द्वारा प्राप्त सह चिकित्सकीय संवर्ग की अनुसूचियों के आधार पर नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर से संबद्ध चिकित्सालयों में फार्मासिस्ट ग्रेड-2 रेडियोग्राफिक टेक्नीशियन/रेडियोग्राफर, डार्करूम असिस्टेंट एवं रेडियोथेरेपी टेक्नीशियन के निम्नलिखित रिक्त पदों की पूर्ति संविदा कर्मियों द्वारा एवं सीधी भर्ती के माध्यम से किया जाना है।

स. क्र.	पद	सीधी भर्ती द्वारा श्रेणीवार उपलब्ध पदों की संख्या						संविदा कर्मियों द्वारा श्रेणीवार उपलब्ध पदों की संख्या					
		अना.	ईडब्ल्यू एस.	अजा.	अजजा.	अपिव.	कुल	अना.	ईडब्ल्यू एस.	अजा.	अजजा.	अपिव.	कुल
1.	फार्मासिस्ट ग्रेड-02	00	00	00	00	00	00	01	00	00	00	01	02
2.	डार्करूम असिस्टेंट*	01*	00*	01*	00*	01*	03*	01	00	00	00	00	01
3.	रेडियोग्राफिक टेक्नीशियन/ रेडियोग्राफर	00	00	00	00	00	00	02	01	00	00	00	03
4.	रेडियोथैरेपी टेक्नीशियन	01	03	03	08	09	24	03	01	02	02	02	10
	योग :-	**02**	**03**	**04**	**08**	**10**	**27**	**07**	**02**	**02**	**02**	**03**	**16**

*** तारांकित पद पर केवल शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय से उत्तीर्ण उम्मीदवार ही आवेदन कर सकते हैं।**

उक्त पदों की पूर्ति हेतु अभ्यर्थी सीधे कार्यालय नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर में निर्धारित प्रपत्र में ऑफलाइन आवेदन जमा कर सकते हैं। इस हेतु कार्यालय नेताजी सुभाषचंद्र बोस चिकित्सा महाविद्यालय में आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

फार्मासिस्ट ग्रेड-2, रेडियोग्राफिक टेक्नीशियन/रेडियोग्राफर, डार्करूप असिस्टेंट एवं रेडियोथेरेपी टेक्नीशियन के पदों पर आवेदन का प्रारूप एवं नियम व शर्तें नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर की आधिकारिक वेवसाइट **www.nscbmc.ac.in** पर उपलब्ध हैं। आवेदन करने की **अंतिम तिथि दिनांक 28.06.2021 समय सायं 5:30 बजे तक** ऑफलाइन कार्यालय में अथवा पोस्ट द्वारा जमा किये जा सकेंगे।

समस्त सूचनाएं नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर की आधिकारिक वेवसाइट **www.nscbmc.ac.in** पर प्रकाशित की जावेगी।

अधिष्ठाता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी
नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर

जी-13482/45590/2021

मुंह पर मास्क और दो गज की दूरी
कोरोना को खत्म करने के लिये है जरूरी

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग, (भ./स.) संभाग क्रमांक-1 रीवा
निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 08/2021-2022 **रीवा, दिनांक : 14.06.2021**

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्न कार्यों हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा समस्त संशोधन सहित के आधार पर प्रपत्र-अ में निविदाकारों जो केंद्रीय पंजीयन प्रणाली के तहत लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत हों, से आमंत्रित की जाती हैं।

क्र.	टेण्डर क्रमांक	कार्य का नाम	ठेके की अनु. राशि (रु. लाख में)	1. आमनत राशि 2. निविदा प्रपत्र का मूल्य	1. निविदा आमंत्रण क्र. 2. कार्यावधि सहित/छोड़कर
1	PWDRB 146581	उपसंभाग क्र. 3 के अंतर्गत उपखण्ड घोघर के गैर आवासीय भवनों के छत मरम्मत का कार्य।	20.00	1. 40000/- 2. 2000/-	1. प्रथम 2. 04 माह
2	PWDRB 146582	उपसंभाग क्र. 3 के अंतर्गत उपखण्ड सेमरिया के गैर आवासीय भवनों के छत मरम्मत का कार्य।	20.00	1. 40000/- 2. 2000/-	1. प्रथम 2. 04 माह
3	PWDRB 146583	उपसंभाग क्र. 3 के अंतर्गत उपखण्ड जी.एम.एच. के आवासीय भवनों के छत मरम्मत का कार्य।	20.00	1. 40000/- 2. 2000/-	1. प्रथम 2. 04 माह
4	PWDRB 146584	उपसंभाग क्र. 3 के अंतर्गत उपखण्ड एस.जी.एम.एच. के गैर आवासीय भवनों के छत मरम्मत का कार्य।	20.00	1. 40000/- 2. 2000/-	1. प्रथम 2. 04 माह
5	PWDRB 146585	उपसंभाग क्र. 3 के अंतर्गत उपखण्ड सिरमौर के गैर आवासीय भवनों के छत मरम्मत का कार्य।	20.00	1. 40000/- 2. 2000/-	1. प्रथम 2. 04 माह
6	PWDRB 146586	उपसंभाग क्र. 3 के अंतर्गत उपखण्ड मेडिकल कॉलेज के गैर आवासीय भवनों के छत मरम्मत का कार्य।	20.00	1. 40000/- 2. 2000/-	1. प्रथम 2. 04 माह
7	PWDRB 146587	उपसंभाग क्र. 3 के अंतर्गत प्वाइंट स्ओन एवं जंगल में पटरी की सफाई	19.56	1. 39120/- 2. 2000/-	1. प्रथम 2. 04 माह
8	PWDRB 146588	उपसंभाग क्र. 3 के अंतर्गत उपखण्ड सिरमौर के विभिन्न मार्गों के क्षतिग्रस्त पुलियों का मरम्मत कार्य।	19.99	1. 39980/- 2. 2000/-	1. प्रथम 2. 04 माह
9	PWDRB 146589	उपसंभाग क्र. 3 के अंतर्गत उपखण्ड सेमरिया के विभिन्न मार्गों के क्षतिग्रस्त पुलियों का मरम्मत कार्य।	19.99	1. 39980/- 2. 2000/-	1. प्रथम 2. 04 माह
10	PWDRB 146590	उपसंभाग क्र. 3 के अंतर्गत उपखण्ड मेडिकल कॉलेज के आवासीय कॉलोनी के पटरी में पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य।	19.92	1. 39840/- 2. 2000/-	1. प्रथम 2. 04 माह
11	PWDRB 146591	उपसंभाग क्र. 3 के अंतर्गत उपखण्ड एस.जी.एम.एच. भवन के पांचवीं मंजिल का मरम्मत कार्य।	19.35	1. 38700/- 2. 2000/-	1. प्रथम 2. 04 माह
12	PWDRB 146592	कंस्ट्रक्सन ऑफ आई.टी. फ्लोरिंग सुटर शेड मलखान एवं अधिवक्ता संघ भवन जिला न्यायालय रीवा का कार्य।	2.98	1. 5960/- 2. 2000/-	1. प्रथम 2. 04 माह
13	PWDRB 146593	उपसंभाग क्र. 3 के अंतर्गत उपखण्ड इंजीनियरिंग कॉलेज के मार्ग के पटरी में पेवर ब्लॉक का कार्य पार्ट-ए	17.12	1. 34240/- 2. 2000/-	1. प्रथम 2. 04 माह
14	PWDRB 146594	उपसंभाग क्र. 3 के अंतर्गत शासकीय विद्यालय विछिया में नाली एवं आंतरिक मार्ग में पेवर ब्लॉक कार्य।	19.00	1. 38000/- 2. 2000/-	1. प्रथम 2. 04 माह
15	PWDRB 146595	उपसंभाग क्र. 3 के अंतर्गत उपखण्ड एस.जी.एम.एच. भवन के प्रथम मंजिल का मरम्मत कार्य।	18.38	1. 36760/- 2. 2000/-	1. प्रथम 2. 04 माह
16	PWDRB 146596	उपसंभाग क्र. 3 के अंतर्गत उपखण्ड एस.जी.एम.एच. भवन के द्वितीय मंजिल का मरम्मत कार्य।	19.14	1. 38280/- 2. 2000/-	1. प्रथम 2. 04 माह
17	PWDRB 146597	उपसंभाग क्र. 3 के अंतर्गत उपखण्ड एस.जी.एम.एच. भवन के तृतीया मंजिल का मरम्मत कार्य।	18.78	1. 37560/- 2. 2000/-	1. प्रथम 2. 04 माह
18	PWDRB 146598	उपसंभाग क्र. 3 के अंतर्गत उपखण्ड एस.जी.एम.एच. भवन के चौथी मंजिल का मरम्मत कार्य।	19.19	1. 38380/- 2. 2000/-	1. प्रथम 2. 04 माह
19	PWDRB 146599	उपसंभाग मऊगंज के अंतर्गत पन्नी पकरा मार्ग लम्बाई 2.60 कि.मी. में जी.एस.बी. मरम्मत का कार्य।	6.77	1. 13540/- 2. 2000/-	1. प्रथम 2. 04 माह
		कुल योग	**340.17**		

उपरोक्त वेवसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डॉक्यूमेंट) वेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम तिथि दिनांक 01.07.2021 सायं 17:30 बजे** निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेवसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल वेवसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

जी-13514/45592/2021 कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि. संभाग क्र. 1 रीवा

केंद्रीय पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एवं तकनीकी संस्थान (सिपेट)-भोपाल

(पूर्व में केंद्रीय प्लास्टिक इंजीनियरिंग एवं तकनीकी संस्थान)
(रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय, भारत सरकार)
जी-सेक्टर, गोविन्दपुरा औद्योगिक क्षेत्र, जे. के. रोड, भोपाल - 462023
दूरभाष: 0755-4028622-23, ई-मेल : cipet.bhopal@gmail.com, वेबसाइट: www.cipet.gov.in
Advt.No. CIPET/BPL/2021-22/02

एआईसीटीई से मान्यता प्राप्त

सिपेट प्रवेश परीक्षा 2021

कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) के माध्यम से जे.ई.ई. 2021-22 के लिए प्रवेश

उत्कृष्ट प्लेसमेन्ट रिकॉर्ड

ऑनलाइन आवेदन हेतु वेबसाइट: http://cipet.onlineregistrationform.org/CIPET पर फार्म उपलब्ध है।

क्र.	पाठ्यक्रम का नाम	अवधि	प्रवेश पात्रता
1.	डिप्लोमा इन प्लास्टिक मोल्ड टेक्नोलॉजी (DPMT)	3 वर्ष	दसवी कक्षा पास
2.	डिप्लोमा इन प्लास्टिक टेक्नोलॉजी (DPT)	3 वर्ष	दसवी कक्षा पास
3.	पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन प्लास्टिक प्रोसेसिंग एंड टैस्टिंग (PGD-PPT)	2 वर्ष	बी एस सी (विज्ञान में 3 वर्ष की डिग्री) SHARDA
4.	पोस्ट डिप्लोमा इन प्लास्टिक मोल्ड डिजाइन विद कैड/कैम (PD-PMD with CAD/CAM)	1½ वर्ष	डिप्लोमा इन मैकेनिकल/प्लास्टिक्स/पॉलीमर/टूल/टूल एन्ड डाई मेकिंग/प्रोडक्शन/मेक्ट्रानिक्स/ऑटोमोबाइल/ पेट्रोकेमिकल/इंडस्ट्रियल/इंस्ट्रूमेंटेशन इंजी. टेक्नोलॉजी में डिप्लोमा या DPMT/DPT या समकक्ष

● इस वर्ष की प्रवेश पात्रता परीक्षा में सम्मिलित होने वाले उम्मीदवार भी उपरोक्त सभी कोर्स के लिए आवेदन कर सकते हैं।

उम्र की सीमा नहीं । छात्रवृत्ति (शासन के नियमानुसार) । पृथक से छात्र/छात्राओं के लिए छात्रावास की सुविधा

संभावित तिथियाँ	• CIPET-JEE ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि	जुलाई 2021 का तीसरा सप्ताह
	• CIPET-JEE आयोजन की तिथि	जुलाई 2021 का अंतिम सप्ताह
	• कोर्स प्रारंभ होने की तिथि	अगस्त 2021 का दूसरा सप्ताह

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : 9425929097, 7869955238, 9302550126, 9140961424

R-45594/2021

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य ज्ञान-खेल

1. **इनमें से किस भारतीय खिलाड़ी ने वर्ष 2017 में थाइलैंड ओपन जीता है?**
(अ) चिराग शेट्टी
(ब) किदाम्बी श्रीकांत
(स) बी. साई प्रणीत
(द) समीर वर्मा

2. **डायमंड लीग प्रतियोगिता किस खेल से संबंधित है?**
(अ) निशानेबाजी (ब) एथेलेटिक्स
(स) वास्केटबॉल (द) गोल्फ

3. **इनमें से किस खिलाड़ी के नाम सबसे अधिक उम्र में पीजीए मेजर चैम्पियनशिप जीतने का रिकॉर्ड है?**
(अ) फिल मिकेलसन
(ब) कॉलिन मोरिकोवा
(स) पॉल केसी
(द) पैट्रिक रीड

4. **बीजिंग ओलिंपिक में किस देश ने सबसे ज्यादा स्वर्ण पदक जीते थे?**
(अ) अमेरिका (ब) चीन
(स) रूस (द) ऑस्ट्रेलिया

5. **इस वर्ष विश्व बॉक्सिंग चैम्पियनशिप इनमें से किस देश में आयोजित की जाएगी?**
(अ) क्रोएशिया (ब) यूक्रेन
(स) पोलैंड (द) सर्बिया

6. **इनमें से किस बल्लेबाज ने डेब्यू टेस्ट मैच में दोहरा शतक नहीं बनाया है?**
(अ) शिखर धवन
(ब) डेवॉन कोन्वोय
(स) जैक रूडोल्फ
(द) काइल मायर्स

7. **गेरेथ बेल फुटबॉल में किस देश का प्रतिनिधित्व करते हैं?**
(अ) बेल्जियम (ब) इंग्लैंड
(स) आयरलैंड (द) वेल्स

8. **इनमें से कौन-सा भारतीय खिलाड़ी आईसीसी हॉल ऑफ फेम शामिल नहीं है?**
(अ) जवागल श्रीनाथ
(ब) विशन सिंह बेदी
(स) राहुल द्रविड़
(द) सुनील गावस्कर

9. **वर्ष 2019 में मियामी ओपन में महिला एकल वर्ग में चैम्पियन बनी थीं?**
(अ) केरोलिना प्लिस्कोवा
(ब) सेरेना विलियम्स
(स) एश्ले बार्टी
(द) जेलेना ओस्तापेंको

10. **ग्रीन पार्क क्रिकेट स्टेडियम किस शहर में स्थित है?**
(अ) गुवाहाटी (ब) कोच्चि
(स) नागपुर (द) कानपुर

11. **महिला फुटबॉल को ओलिंपिक खेलों में कब शामिल किया गया था?**
(अ) वर्ष 1988
(ब) वर्ष 1996
(स) वर्ष 2004
(द) इनमें से कोई नहीं

12. **एशियन गेम्स-2018 में भारतीय दल के ध्वजवाहक थे?**
(अ) गगन नारंग
(ब) बजरंग पूनिया
(स) नीरज चौपड़ा
(द) जिन्सन जॉनसन

13. **आईसीसी ने इस वर्ष किस खिलाड़ी को दशक का सर्वश्रेष्ठ टेस्ट क्रिकेटर चुना है?**
(अ) विराट कोहली
(ब) स्टीव स्मिथ
(स) केन विलियमसन
(द) डेविड वॉर्नर

14. **वर्ष 2004 में आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी किस देश में आयोजित की गई थी?**
(अ) श्रीलंका (ब) वेस्टइंडीज
(स) पाकिस्तान (द) इंग्लैंड

15. **वर्ष 2021 में मोंटे कार्लो मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट किसने जीता है?**
(अ) स्टेफानोस सितसिपास
(ब) राफेल नडाल
(स) रोजर फेडरर
(द) स्टेन वावरिंका

16. **वर्ष 2019 में यूरो अंडर-21 फुटबॉल टूर्नामेंट किस देश में आयोजित किया गया था?**
(अ) जर्मनी (ब) स्पेन
(स) फ्रांस (द) इटली

17. **रॉबर्ट लेवानडोवस्की किस देश के लिए फुटबॉल खेलते हैं?**
(अ) ब्राजील (ब) जर्मनी
(स) पोलैंड (द) चेक रिपब्लिक

18. **मलेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट का पहला संस्करण किस वर्ष आयोजित किया गया था?**
(अ) वर्ष 2005 (ब) वर्ष 2007
(स) वर्ष 2009 (द) वर्ष 2011

19. **रोटरडैम ओपन किस खेल की एक प्रतिष्ठित प्रतियोगिता है?**
(अ) गोल्फ (ब) टेनिस
(स) बैडमिंटन (द) एथेलेटिक्स

20. **राजवर्धन सिंह राठौड़ ने किस ओलिंपिक में निशानेबाजी में रजत पदक जीता है?**
(अ) एथेंस 2004
(ब) बीजिंग 2008
(स) लंदन 2012
(द) इनमें से कोई नहीं

21. **जस्टिन गेटलिन एथेलेटिक्स में किस देश का प्रतिनिधित्व करते हैं?**
(अ) जमैका (ब) अमेरिका
(स) केन्या (द) बहरीन

22. **वर्ष 2019 में किस देश ने अजलान शाह कप हॉकी टूर्नामेंट जीता था?**
(अ) भारत
(ब) ऑस्ट्रेलिया
(स) दक्षिण कोरिया
(द) मलेशिया

23. **टेनिस खिलाड़ी मार्टिना नवरातिलोवा ने कितने ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीते हैं?**
(अ) 16 (ब) 18
(स) 22 (द) 24

24. **इनमें से किस खिलाड़ी के नाम बन-डे इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे युवा कप्तान बनने का रिकॉर्ड है?**
(अ) राशिद खान
(ब) ग्रीम स्मिथ
(स) राजिन सालेह
(द) तेतेंदा टायबू

25. **वर्ष 2022 में यूएफा वूमेन चैम्पियनशिप किस देश में आयोजित की जाएगी?**
(अ) स्वीडन (ब) इंग्लैंड
(स) नीदरलैंड (द) डेनमार्क

उत्तर

1. (स), 2. (ब), 3. (अ), 4. (ब), 5. (द), 6. (अ), 7. (द), 8. (अ), 9. (स), 10. (द), 11. (ब), 12. (स), 13. (ब), 14. (द), 15. (अ), 16. (द), 17. (स), 18. (स), 19. (ब), 20. (अ), 21. (ब), 22. (स), 23. (ब), 24. (अ), 25. (ब)

- पुष्पेंद्र कुमार सविता
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)

मध्यप्रदेश में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से प्रारंभ होगा वैक्सीनेशन महाअभियान

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पूरे देश के साथ ही प्रदेश में भी कोरोना वैक्सीनेशन का महाअभियान प्रारंभ होगा। अभियान के अंतर्गत 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी व्यक्तियों को कोरोना की वैक्सीन निःशुल्क लगायी जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वैक्सीन कोरोना के विरुद्ध सुरक्षा चक्र है। अतः न केवल वैक्सीन लगवाकर स्वयं को कोरोना से सुरक्षित करें, अपितु दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित करें। आप सभी के सक्रिय सहयोग से जिस प्रकार हमने प्रदेश में कोरोना की दूसरी लहर को नियंत्रित किया है, वैसे ही हम तीसरी लहर का प्रभाव मध्यप्रदेश पर नहीं पड़ने देंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सभी के सहयोग से कोरोना लगभग पूरी तरह नियंत्रित हो गया है। प्रदेश की पॉजिटिविटी रेट 0.2 प्रतिशत आ गई है। प्रदेश की रिकवरी रेट भी बढ़कर 98.52 प्रतिशत हो गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इंग्लैण्ड सहित विश्व के कई देशों में कोरोना फिर बढ़ रहा है। हमको लगातार सावधान रहना ही होगा। मास्क लगाना, परस्पर दूरी रखना, कहीं भी भीड़ नहीं करना आदि सभी सावधानियां बरतनी होंगी। सरकार कोरोना से लड़ने की सारी व्यवस्थाएं कर रही हैं। अस्पतालों में बेड्स बढ़ाना, ऑक्सीजन, दवाओं का भंडारण, बच्चों के वार्ड/आई.सी.यू. वार्ड तैयार करना आदि काम किए जा रहे हैं। क्राइसिस मैनेजमेंट समूहों को अपने क्षेत्रों में यह सुनिश्चित करना होगा कि सभी कोविड अनुरूप व्यवहार करें और कोरोना गाइड लाइन का शत-प्रतिशत पालन किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 21 जून-अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सभी योग करें और 18 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति, जिन्होंने वैक्सीन नहीं लगवाया है, वैक्सीन लगवाएं। इस दिन छोटे-छोटे समूहों में भी दूरी बनाकर योग किया जा सकता है। क्राइसिस मैनेजमेंट समूह इस अभियान का संचालन करें।

श्री चौहान ने कहा कि बुजुर्गों को टीकाकरण केंद्र तक लाने की व्यवस्था की जाए।

म.प्र. पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, रीवा (म.प्र.)
Phone : 9425601523/8871571988

प्रेस-विज्ञप्ति

संभाग रीवा के अंतर्गत जिला सिंगरौली मे वाह्य विद्युतीकरण कार्यों हेतु निविदा क्रमांक 07/2021-22 (ऑनलाइन निविदा क्रमांक MPPHCL/TENDER NO. 2021_MPPHC_146834_1 & 2021_MPPHC_146842_1) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 26.06.2021 समय 17:00 बजे तक** ऑनलाइन खरीदे एवं प्रस्तुत किये जा सकते हैं एवं निविदा सूचना व अन्य विवरण **Portal : http://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/100984/45599/2021 **परियोजना यंत्री**

RAJMATA VIJAYARAJE SCINDIA KRISHI VISHWA VIDYALAYA, GWALIOR (M.P.)

No./IPRO/Advt./2021/Reg./404 Dated : 11.06.2021

ADVERTISEMENT

Applications are invited via **Advt. No. 17 (Director's), Advt. No. 18 (Dean's), Advt. No. 19 (HoD's/ADR/V.V. Librarian) & Advt. No. 20 (SMS/T-6) for filling up the vacancies of different discipline at RVSKVV Head Quarter, College of Agriculture & KVK's.** Format of blank application form with guidelines for filling up application from and details of vacancies, qualifications and other conditions for applicants etc. are available on the website **www.rvskvv.net** and can be download and used Applications along with D.D. of Rs. 1000/- (for General/OBC candidates) and Rs. 500/- (for SC/ST candidates) in favour of Rajmata Vijayaraje Scindia Krishi Vishwa Vidyalaya, Gwalior, payable at Gwalior should reach the Registrar, **Rajmata Vijayaraje Scindia Krishi Vishwa Vidyalaya, Raja Pancham Singh Marg, Gwalior-474002 (M.P.) latest by 26th July 2021.**

REGISTRAR

R-45593/2021

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryawas Bhawan, Bhopal M.P. – 462 011
(GST No. 23AAATM9054A3ZX)

NOTICE INVITING TENDER N0. 948 UPG & CSR

No. 8052/22/D-12/MPRRDA/2021 Bhopal, Dated : 14.06.2021

Online Tenders for Construction of Rural Roads /CDs with 5 years maintenance are invited on the E-Procurement System portal **https://www.mptenders.gov.in** as detailed below.

- **Table No.1 - Up-gradation**

S. No.	Name of District	No. of Package	Total PAC (In Rs.)
1	Dewas	1	6450000.00

- Table No.2 - CSR (Corporate Social Responsibility)

S. No.	Name of District	No. of Package	Total PAC (In Rs.)
1	Singrauli	2	69612000.00

1. Tender document can be purchased and submitted only online from the above website from **14.06.2021 from 17:30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document for construction & maintenance of rural roads/Bridges Sept. 2017 on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER

M.P. Madhyam/100975/45596/2021 **(T & e-G)**

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryawas Bhawan, Bhopal M.P. – 462 011
(GST No. 23AAATM9054A3ZX)

REQUEST FOR PROPOSAL

No. 8062/22/D-12/MPRRDA/2021 Bhopal, Dated : 14.06.2021

Madhya Pradesh Rural Road Development Authority invites Online proposal from reputed consultants for providing consultancy services for NABL accreditation of Testing Laboratories from NABL (National Accreditation Board for testing and Calibration Laboratories) situated in M.P. Rural Road Academy at Walmi Hills, Near Kaliyasot Dam Bhopal (M.P.)

1. Availability of RFP Document and mode of submission :- The RFP Document is available online and may be submitted online in **www.mptenders.gov.in**
2. RFP Document may be purchased online from **15.06.2021 (17:30 hrs.) and last date for bid submission upto 05.07.2021 (17:00 hrs.)**
3. Other critical dates and details can be viewed in the detailed NIT & RFP document (June 2021) on the above mentioned e-procurement portal.

CHIEF GENERAL MANAGER

M.P. Madhyam/100976/45597/2021 **(T & e-G)**

भारत सरकार
परमाणु ऊर्जा विभाग
राजा रामन्ना प्रगत प्रौद्योगिकी केन्द्र

भर्ती प्रकोष्ठ

आरआरकेट ट्रेड अपरेंटिसशिप योजना (तसर)
विज्ञापन संख्याः आरआरसीएटी – 1 / 2021 – दिनांकः 08-06-2021

राजा रामन्ना प्रगत प्रौद्योगिकी केंद्र (आरआरकेट), इन्दौर, मध्य प्रदेश में अपरेंटिस अधिनियम, 1961 और अपरेंटिसशिप नियम, 1992 के वर्तमान प्रावधानों के तहत आशुलिपि तथा सचिवालयीन सहायता (English) विषय के **20** ट्रेड शिक्षुओं (अप्रेन्टिस) के प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। अभ्यर्थी, वर्ष 2018 मे या उसके बाद आईटीआई उत्तीर्ण होने चाहिए। बैच के शुरू होने की तिथि **01.09.21** है। शिक्षुता की अवधि 1 वर्ष है। वृत्तिका 7750/-रूपए प्रति माह है।

इसके लिए केवल ऑनलाइन आवेदन ही स्वीकार किए जाएंगे जो आरआरकेट अपरेंटिसशिप पोर्टल के माध्यम से भरे जा सकेंगे। आरआरकेट अपरेंटिसशिप पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन जमा करने की सुविधा 15/06/2021 के 10:00 बजे से **12.07.2021** के 15:00 बजे तक उपलब्ध होगी। अनुसूचित जाति (SC), अनुसूचित जनजाति (ST) और अन्य पिछड़े वर्गों के नॉन क्रीमी लेयर (ओबीसी–एनसीएल) के लिए आरक्षण अपरेंटिसशिप नियम 1992 के मौजूदा प्रावधानों के अनुसार होगी। आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों की जन्म तिथि का 01/09/1999 और 31/08/2003 के बीच होना अनिवार्य है।

विस्तृत विज्ञापन **www.rrcat.gov.in** पद पर देखा जा सकता है और वहाँ से डाउनलोड भी किया जा सकता है।

R-45595/2021

भीड़–भाड़ से बचें
आदत में बदलाव से ही कोरोना से बचाव

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग, संभाग क्र. 1, ग्वालियर
निविदा विज्ञप्ति सूचना

निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 08 **दिनांक : 07.06.2021**

म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उचित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से म.प्र. की ओर से निम्नांकित कार्यों हेतु सड़क/भवन दिनांक 29.08.2017/01.08.2014 तथा निविदा सूचना जारी होने तक उसमें किये गये संशोधन सहित मोहरबंद निविदायें नवीन निविदा फार्म 2.10 में आमंत्रित की जाती हैं, प्रपत्र में दर्शाये गये कार्यालय में निविदायें डाक अथवा स्पीड पोस्ट के माध्यम से ही प्राप्त की जावेगी। पोस्टल विलंब के लिये विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।

क्र.	कार्य का नाम	निविदा प्रपत्र की राशि एवं फार्म	1. ठेके की अनु. लागत (लाख में) 2. अमानत राशि	कोरे निविदा प्रपत्र विक्रय का समय एवं दिनांक	1. निविदा प्राप्ति का दिनांक 2. कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोनिवि स.क्र. 1	1. निविदा खोलने का दिनांक 2. कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोनिवि स.क्र. 1	1. कार्य पूर्ण करने की अवधि 2. ठेकेदार की श्रेणी 3. आमंत्रण क्र.
1.	रिपेयर एंड मेंटीनेंस वर्क एंड प्लास्टर, रूफ ट्रीटमेंट एंड अदर मिसलेनियस वर्क ऑफ हॉनेवल हाईकोर्ट जज बंगला नंबर 7 एंड अदर व्ही.आई.पी. बंगले गांधी रोड अंडर हैड क्वाटर-1	2000/- "अ"	9.95/- 20000/-	24.06.2021	26.06.2021	26.06.2021	एक माह केंद्रीयकृत प्रथम आमंत्रण
2.	मेंटीनेंस वर्क ऑफ सर्किट हाउस नंबर 6 गांधी रोड, ग्वालियर गांधी रोड अंडर हैड क्वाटर-1	2000/- "अ"	9.99/- 20000/-	24.06.2021	26.06.2021	26.06.2021	एक माह केंद्रीयकृत प्रथम आमंत्रण
3.	पोट हॉल्स, पैच रिपेयर वर्क ऑन एक्साइटिंग एप्रोच रोड ऑफ हॉनेवल मिनिस्टर बंगलों आर.सी. रोड ग्वालियर	2000/- "अ"	9.99/- 20000/-	24.06.2021	26.06.2021	26.06.2021	एक माह केंद्रीयकृत प्रथम आमंत्रण
4.	रिपेयर एंड मेंटीनेंस वर्क एंड बाउंड्री-वॉल रिपेयर फ्लोरिंग वर्क एट हॉनेवल हाईकोर्ट जज बंगला नंबर 5 एंड अदर व्ही.आई.पी. बंगले गांधी रोड अंडर हैड क्वाटर-1	2000/- "अ"	9.96/- 20000/-	24.06.2021	26.06.2021	26.06.2021	एक माह केंद्रीयकृत प्रथम आमंत्रण
5.	कंस्ट्रक्शन ऑफ सी.सी. रोड पमोद हाउस टू प्रकाश हाउस एट विलेज फुले का पुरा डिस्ट्रिक्ट ग्वालियर (मान. श्री भारत सिंह कुशवाह जी)	2000/- "अ"	4.87/- 10000/-	24.06.2021	26.06.2021	26.06.2021	एक माह केंद्रीयकृत प्रथम आमंत्रण
6.	कंस्ट्रक्शन ऑफ सी.सी. रोड इन शंकर कॉलोनी वार्ड नंबर 65 ग्वालियर (मान. श्री भारत सिंह कुशवाह जी)	2000/- "अ"	4.94/- 10000/-	24.06.2021	26.06.2021	26.06.2021	एक माह केंद्रीयकृत प्रथम आमंत्रण
7.	कंस्ट्रक्शन ऑफ सामुदायिक भवन एट किरार मोहल्ला तरेटी वड़ागांव मुरार ग्वालियर (मान. श्री भारत सिंह कुशवाह जी)	2000/- "अ"	7.99/- 16000/-	24.06.2021	26.06.2021	26.06.2021	एक माह केंद्रीयकृत प्रथम आमंत्रण

कुल कार्य - 07 कुल अनुमानित लागत राशि रुपये 9.99 लाख
टीप- शेष शर्तें कार्यालयीन समय पर कार्यालय में देखी जा सकती हैं।

कार्यपालन यंत्री
जी-13533/45606/2021 **लोक निर्माण विभाग संभाग क्र.-1, ग्वालियर**

मध्यप्रदेश शासन, लोक निर्माण विभाग, संभाग आगर मालवा
संक्षेप निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक 04/2021-22 नि. लिपिक **दिनांक 16.06.2021**

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण **वेबसाइट https://mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती हैं।

क्र.	ऑनलाइन टेंडर क्रमांक	कार्य का नाम	ठेके की अनुमानित राशि (लाख में)	अमानत राशि (रुपये में)	कार्य की निर्धारित अवधि
1.	2021_PWDRB_147131_1	लोक निर्माण संभाग आगर मालवा के अंतर्गत डग वड़ौद से पिपलिया नानकार मार्ग लं. 3.34 कि.मी., सोयतकला से सोयतखुर्द मार्ग लं. 8.00 कि.मी., बंजारा डेरा से गुर्जर खेड़ी मार्ग लं. 7.507 कि.मी., गुर्जर खेड़ी से लटुरी मार्ग लं. 3.235 कि.मी., सिरपोई से अन्तरालिया मार्ग लं. 0.998 एवं मोडी से सिरपोई मार्ग लं. 5.681 कुल लंबाई 28.76 कि.मी. (प्रथम आमंत्रण)	233.10	233100/-	06 माह वर्षाऋतु सहित
		योग	**233.10 लाख**		

उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (टेंडर डॉक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से **दिनांक 01.07.2021 समय 17.30 तक** क्रय किया जायेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है। यदि निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन किया जाता है तो वह प्रकाशित नहीं किया जावेगा। संशोधन वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

कार्यपालन यंत्री
जी-13549/आर-45605/2021 **लो.नि.वि. संभाग, आगर मालवा**

DEVI AHILYA VISHWAVIDYALAYA, INDORE
(A State Govt. University of M.P., Established in 1964)
NAAC ACCREDITED 'A+' GRADE

ADMISSION NOTICE-2021

M.E./M.Tech./M.Pharm. (Full-Time)/M.E. (Part-Time)/M.Tech. (Executive) Programmes

Online applications are invited from GATE/GPAT/Non-GATE/Non-GPAT candidates/Sponsored working candidates for admission in M.E./M.Tech./ M.Pharm. (Full-Time) programmes and from working executives for admission in M.E. (Part-Time)/M.Tech. (Executive) Programmes as detailed below :

Group A : M.E. (Full-Time)/Group B: M.E. (Part-Time) Programmes
Institute of Engineering & Technology: 1. Computer Engineering with spl. in Software Engg. 2. Electronics with spl. in Digital Instrumentation 3. Electronics with spl. in Digital Communication 4. Industrial Engg. & Management 5. Mechanical Engg. with spl. in Design & Thermal Engg. 6. Information Technology with spl. in Information Security.

Group C : M.Tech. (Full-Time) Programmes
School of Computer Science & IT : 1. Computer Science 2. Network Management & Information Security 3. Information Architecture & Software Engineering. **School of Data Science & Forecasting :** 1. Data Science 2. Big Data Analytics. **School of Electronics :** 1. Embedded Systems 2. Geo-informatics 3. Mobile Computing Technology. **School of Energy and Environmental Studies :** 1. Energy Management 2. Energy and Environment. **School of Instrumentation :** 1. Instrumentation 2. Internet of Things (IoT). **School of Physics :** Laser Science & Applications.

Group D : M.Tech. (Executive) Programmes
School of Computer Science & IT: Computer Science. **School of Data Science & Forecasting :** Data Science. **School of Electronics :** Embedded Systems. **School of Energy and Environmental Studies :** Energy Management. **School of Instrumentation:** Instrumentation.

Group E : M.Pharm. (Full-Time) Programme
School of Pharmacy : Pharmaceutical Chemistry.

The details of admission procedure, seats, eligibility, fee, etc. are available on **http://www.dauniv.ac.in/memtechmpharm**.The application should be submitted through **https://davv.mponline.gov.in**. The last date for submission of the application form is **20th July, 2021**. Non-refundable application fee for each group of programmes is Rs. 1000/- (Rs. 600/- for SC/ST of M.P. domicile) only.

M.P. Madhyam/101036/45603/2021 **REGISTRAR**

कार्यालय मुख्य अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
जबलपुर परिक्षेत्र, जबलपुर

ई-मेल : sepheprocjbp@mp.gov.in, दूरभाष क्रमांक : 0761-2347195, 2344457

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 03/नि.प्र./मु.अ./लोस्वायांवि/2021-22 **जबलपुर, दिनांक : 14.06.2021**

निम्न कार्यों हेतु निविदा का ऑनलाइन वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। ऑनलाइन निविदा विक्रय करने की **अंतिम तिथि 30.06.2021 सायं 5.30 बजे** तथा निविदा खुलने की तिथि 02.07.2021 11.00 बजे है। निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

A. Name of Work - Appointment of Third Party Inspection Agencies (TPIAs) for inspection of works to be implemented under Jal Jeevan Mission (JJM) in District/Division Katni, Narsinghpur, Dindori, Shahdol, Anuppur, Umariya of Jabalpur Zone (6th Call)

S.No.	E-tender No.	Name of Division	PAC in Rs. Cr.	e-EMD in Lakhs	Cost of Tender in Rs.
1.	2021_PHED_146654_1	Narsinghpur, Dindori	3.78	3.78	15000/-
2.	2021_PHED_146649_1	Katni	2.67	2.67	15000/-
3.	2021_PHED_146655_1	Shahdol/Anuppur/ Umariya	4.30	4.30	15000/-

जी-13555/45607/2021 **कार्यपालन यंत्री (प्रोक्योरमेंट)**

कार्यालय संभागीय परियोजना यंत्री, लोक निर्माण विभाग, परियोजना क्रियान्वयन इकाई, कला मंदिर रोड, स्वागत भवन, रीवा (म.प्र.)
निविदा विज्ञप्ति

एनआईटी नं.-19/2021/केन्दीयकृत निविदा आमंत्रण/एपीडी/पी.आई.यू./1014 **रीवा, दिनांक 16.06.2021**

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से लोक निर्माण विभाग पी.आई.यू. रीवा द्वारा ई-टेंडरिंग के माध्यम से प्रतिष्ठित कंसलटेंटों से मध्यप्रदेश शासन द्वारा जारी पुनर्घनत्वीकरण योजना के अंतर्गत निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। कंसलटेंट सलेक्शन की प्रक्रिया आर.एफ.पी. डाक्यूमेंट की शर्तों के अनुसार की जावेगी।

ई-टेंडर सिस्टम नं.	कार्य का नाम	अनुमानित परियोजना लागत	अनुमानित कंसलटेंसी फीस (पी.ए.सी.)	निविदा प्रपत्र की कीमत	धरोहर राशि (ईएमडी)
2021_PWPIU_147265_1 (द्वितीय आमंत्रण)	पुनर्घनत्वीकरण योजना के अंतर्गत रीवा में व्यवहार्यता प्रतिवेदन प्राक्कलन तैयार करना, आर्किटेक्चरल सेवायें, टेंडर डाक्यूमेंट तैयार करना एवं अन्य विविध कार्य।	रुपये 6638.99 लाख	रुपये 199.17 लाख	रुपये 12500/- (बारह हजार पांच सौ मात्र)	रुपये 199170/- (रुपये एक लाख निन्यान्वे हजार एक सौ सत्तर मात्र)

1. निविदा से संबंधित विड डॉक्यूमेंट वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाइन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन **दिनांक 16.06.2021 समय 9.00 AM से दिनांक 30.06.2021 समय 6.00 PM तक** खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है।
4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

संभागीय परियोजना यंत्री
जी-13558/आर-45604/2021 **लो.नि.वि., पी.आई.यू., रीवा (म.प्र.)**

सशक्त अधोसंरचना से आत्म-निर्भरता के लक्ष्य की पूर्ति होगी

भोपाल, आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश अंतर्गत गठित अधोसंरचना मंत्रिपरिषद समूह की बैठक लोक निर्माण मंत्री श्री गोपाल भार्गव की अध्यक्षता में वर्चुअली सम्पन्न हुई। श्री भार्गव ने कहा कि प्रदेश में सशक्त अधोसंरचना के माध्यम से आत्मनिर्भरता के लक्ष्य की पूर्ति होगी। उन्होंने कहा कि समूह द्वारा लक्ष्यों का निर्धारण कर मिशन मोड में कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इसके बेहतर परिणाम भी शीघ्र प्राप्त होंगे।

श्री भार्गव ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के उद्देश्य की पूर्ति के लिये, मध्यप्रदेश पहला राज्य है। इसके द्वारा आत्मनिर्भर प्रदेश का लक्ष्य निर्धारित कर कार्य प्रारंभ किया गया है, जिसके अंतर्गत सड़क, पानी, बिजली और सिंचाई की योजनाओं को स्व-वित्त पोषित बनाया जायेगा। इसके लिये उपयुक्त सुझाव समूह द्वारा राज्य शासन को दिये जा रहे हैं।

प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग श्री नीरज मण्डलोई ने बताया कि आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के निर्माण के लक्ष्य के तहत निम्न कार्य प्राथमिकता के साथ प्रारंभ किये जा रहे हैं। मिशन निर्माण के तहत भौतिक अधोसंरचनाओं का जाल बिछाना, मिशन बोधि के तहत नई शिक्षा नीति-2020 के अनुपालन में सबके लिये गुणवत्तायुक्त शिक्षा, मिशन निरामय के तहत सबके लिये स्वास्थ्य, मिशन अर्थ के तहत प्रदेश के सरल घरेलू उत्पाद में वृद्धि, मिशन दक्ष के तहत हर नागरिक को कौशल विकास एवं रोज़गार के अवसर प्रदान करना, मिशन जन-गण के तहत लोक सेवाओं के प्रदाय तथा जन-समस्याओं और शिकायतों के प्रभावी निराकरण का तंत्र विकसित करना, मिशन ग्रामोदय के तहत प्रदेश के ग्रामों का चहुंमुखी विकास तथा मिशन नगरोदय के तहत प्रदेश के शहरों के चहुंमुखी विकास का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसका रोडमैप तैयार कर कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

वर्ल्ड विंड डे - 15 जून

क्लीन और रीन्यूएबल एनर्जी के उत्पादन में अहम भूमिका निभाती है पवन ऊर्जा

विश्व में लगातार बढ़ रही जनसंख्या और ईंधन के निरंतर इस्तेमाल से परम्परागत ईंधन भण्डारों में भी लगातार कमी होती जा रही है। ऐसे में कोयला, तेल और प्राकृतिक गैस जैसे पारम्पारिक ऊर्जा स्रोत पर निर्भरता कम करने में नवकरणीय ऊर्जा सक्षम है। नवकरणीय ऊर्जा में सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और हाइड्रो पावर जैसे कई घटक शामिल हैं। दुनियाभर में पवन ऊर्जा का उपयोग और उसकी शक्ति के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए हर साल 15 जून को वर्ल्ड विंड डे या विश्व पवन दिवस मनाया जाता है। इस दिवस को ग्लोवल विंड डे के रूप में भी जाना जाता है। इस दिन देश-दुनिया में उन सभी तरीकों पर प्रकाश डाला जाता है जो पवन ऊर्जा प्रणालियों को आकार देने में मदद करते हैं। इसके साथ ही समाज में आर्थिक और अन्य विकास को प्रोत्साहित करते हैं। इस दिन पवन ऊर्जा और इसके महत्व के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए संगोष्ठी, वेबिनार, विभिन्न तरह की प्रतियोगिताएं, औद्योगिक भ्रमण, सभाएं और अन्य जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

यूरोपीय विंड एनर्जी एसोसिएशन का है अहम योगदान

वर्ष 2007 में वर्ल्ड विंड डे या ग्लोवल विंड डे की शुरुआत यूरोप से हुई थी, वहीं 2009 से यह दिवस वैश्विक तौर पर मनाया जा रहा है। यूरोपियन विंड एनर्जी एसोसिएशन यानी EWEA ने वर्ष 2007 इस दिन की शुरुआत विंड डे के तौर पर की थी, आगे चलकर वर्ष 2009 में ईडब्ल्यूईए (EWEA) और ग्लोवल विंड एनर्जी काउंसिल (GWEC) ने मिलकर वैश्विक स्तर पर इस दिवस को मनाए जाने की घोषणा थी। वैश्विक स्तर पर इस दिवस का आयोजन 80 से अधिक देशों में किया जाता है। इस दिवस के पीछे मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय पवन ऊर्जा संघों और पवन ऊर्जा के क्षेत्र में सक्रिय कंपनियों द्वारा आयोजित कार्यक्रमों का समन्वय करना था। 15 जून 2007 को जब यह दिवस यूरोपियन विंड एनर्जी एसोसिएशन द्वारा पहली बार मनाया गया था तब यूरोप में 18 देश और लगभग 35 हजार लोग इस कार्यक्रम में शामिल हुए थे।

इस साल वर्ल्ड विंड एनर्जी कॉन्फ्रेंस और एग्जिबिशन की मेजबानी करेगा भारत

19वीं वर्ल्ड विंड एनर्जी कॉन्फ्रेंस और एग्जिबिशन का आयोजन इस साल वर्ल्ड विंड एनर्जी एसोसिएशन (WWEA) और टेरी (TERI) संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। 24-26 नवंबर 2021 के लिए प्रस्तावित इस कॉन्फ्रेंस का आयोजन भारत की राजधानी नई दिल्ली में किया जाना है। इस साल के आयोजन की मुख्य थीम Powering the World with Wind and Sun यानी दुनिया को सौर और पवन ऊर्जा से पावर प्रदान करना है। वर्ल्ड विंड एनर्जी एसोसिएशन में 100 से अधिक देशों के 600 से ज्यादा सदस्य हैं। इनका लक्ष्य 100 फीसदी नवकरणीय ऊर्जा की सप्लाई का है।

कोविड-19 महामारी की चुनौतियों के बावजूद भारत ने की अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में बढ़ोत्तरी

भारत सरकार द्वारा अक्षय ऊर्जा कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य ऊर्जा सुरक्षा, ऊर्जा की उपलब्धता और राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में कार्बन फुटप्रिंट्स को कम करना है। भारत ने विश्व में सबसे बड़ा नवकरणीय क्षमता विस्तार कार्यक्रम आरंभ किया है। सरकार का लक्ष्य नवकरणीय ऊर्जा पर भरपूर जोर देने के जरिए स्वच्छ ऊर्जा के हिस्से में बढ़ोतरी करना है। भारत में नवीन तथा नवीकरणीय ऊर्जा के विकास तथा उपयोग के मुख्य वाहक ऊर्जा सुरक्षा, बिजली की कमी, ऊर्जा पहुंच, जलवायु परिवर्तन आदि रहे हैं। यह भारत के 2015 के पेरिस समझौते के तहत ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन की तीव्रता को 2005 के स्तर से 33 से 35 प्रतिशत नीचे करने और 2030 तक गैर-जीवाश्म स्रोतों से 40 प्रतिशत विद्युत ऊर्जा क्षमता हासिल करने के मकसद से किया गया है। भारत की पवन ऊर्जा क्षमता 695 गीगावॉट है, जिसकी ऊंचाई 120 मीटर है।

पिछले लगभग साढ़े सात वर्षों के दौरान पवन ऊर्जा स्थापित क्षमता 1.8 गुना से बढ़कर 31 अक्टूबर 2020 तक 38.26 गीगावॉट हो गई है और भारत में अब दुनिया की चौथी सबसे बड़ी पवन ऊर्जा क्षमता है। भारत में समुद्र तट के साथ अपतटीय पवन ऊर्जा की क्षमता का इस्तेमाल करने के लिए रणनीति और रोडमैप विकसित किया जा रहा है। देश में पिछले कुछ वर्षों में सौर और पवन ऊर्जा की कीमतों में भारी गिरावट आई है। पवन ऊर्जा क्षेत्र में देश वास्तव में आत्मनिर्भर बन रहा है। पवन ऊर्जा क्षेत्र में मजबूत घरेलू विनिर्माण के साथ लगभग 70-80 फीसदी स्वदेशी तौर पर काम किया जा रहा है। इस क्षेत्र के सभी प्रमुख वैश्विक दिग्गजों ने 17 विभिन्न कंपनियों द्वारा पवन टर्बाइनों के 40 से अधिक विभिन्न मॉडलों का निर्माण, विदेशी कंपनियों की अनुषंगी उत्पादन, सहायक कंपनियों के तहत संयुक्त उपक्रमों और भारतीय कंपनियों द्वारा अपनी तकनीक के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज की है। विश्व के पवन ऊर्जा विशेषज्ञों ने 2030 तक भारत के 30 जीडब्ल्यू तट से दूर पवन ऊर्जा उद्योग के लक्ष्य की सराहना की है।

मध्यप्रदेश में 9 वर्षों में 10 गुना बढ़ा नवकरणीय ऊर्जा का उत्पादन, जल्द ही पवन ऊर्जा संयंत्र स्थलों पर लगेंगे सोलर पैनल्स

इसी वर्ष फरवरी में मध्यप्रदेश के नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री हरदीप सिंह डंग ने बताया था कि प्रदेश में पिछले 9 वर्षों में नवकरणीय ऊर्जा उत्पादन में दस गुना वृद्धि हुई है। वर्ष 2012 में प्रदेश में नवकरणीय ऊर्जा की क्षमता 491 मेगावॉट थी, जो पिछले साल यानी 2020 में बढ़कर 5042 मेगावॉट हो गई है। इसमें पवन ऊर्जा की 2444 मेगावॉट, सौर ऊर्जा की 2380, बायोमास की 119 और लघु जल विद्युत परियोजना से 99 मेगावॉट बिजली शामिल है।

प्रदेश के नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा के अनुसार मध्यप्रदेश में जल्द ही पवन ऊर्जा संयंत्र स्थलों पर सोलर ऊर्जा पैनल्स भी लगाए जायेंगे। इससे दिन में सौर ऊर्जा और रात में पवन ऊर्जा मिलेगी, जो मध्यप्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। वहीं देश में इस साल सबसे अधिक सोलर पार्क मध्यप्रदेश के लिये स्वीकृत हुए हैं। इस साल देश में स्वीकृत 18 हजार मेगावॉट के सोलर पार्कों में से 5 हजार मेगावॉट के सोलर पार्क अकेले मध्यप्रदेश के लिये स्वीकृत हुए हैं। इनमें 1500 मेगावॉट का आगर-शाजापुर-नीमच सोलर पार्क, 600 मेगावॉट का ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सोलर पार्क, 950 मेगावॉट का छतरपुर सोलर पार्क और 1400 मेगावॉट का मुरैना सोलर पार्क शामिल है। यह सभी पार्क 2022-23 में पूर्ण हो जायेंगे।

अन्य महत्वपूर्ण जानकारी

- ग्लोबल विंड एनर्जी काउंसिल का मुख्यालय ब्रुसेल्स, बेल्जियम में स्थित है।
- भारत सरकार ने 2022 के आखिर तक 175 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा संस्थापित क्षमता का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसमें से 60 गीगावॉट पवन ऊर्जा से, 100 गीगावॉट सौर ऊर्जा से, 10 गीगावॉट बायोमास ऊर्जा से तथा पांच गीगावॉट लघु पनबिजली से शामिल है।
- पवन ऊर्जा क्षमता की स्थापना में भारत विश्व में चीन, अमेरिका और जर्मनी के बाद चौथे स्थान पर है।
- भारत में बनाई जाने वाली पवन टर्बाइन विश्व गुणवत्ता मानकों के अनुरूप हैं और यूरोप, अमेरिका तथा अन्य देशों से आयातित टर्बाइनों में सबसे कम लागत की हैं।
- भारत में लम्बी तटीय रेखा है, जहां तटीय पवन ऊर्जा परियोजनाएं बनाने की अच्छी संभावना है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय तटीय पवन ऊर्जा नीति को स्वीकृति प्रदान की है, जिसे 6 अक्टूबर 2015 को अधिसूचित किया गया है। गुजरात और तमिलनाडु के तटीय क्षेत्रों में कुछ खंडों की पहचान की गई है। पवन संसाधन आंकड़े एकत्रित करने के लिए गुजरात तट पर पहला एलआईडीएआर स्थापित और चालू किया गया।
- भारतीय रेलवे ने कहा है कि रेलवे के बिजली ग्रिडों को बिजली की आपूर्ति सौर और पवन ऊर्जा के जरिए होगी।
- रेल मंत्रालय के अनुसार पवन ऊर्जा क्षेत्र में 103 मेगावॉट पवन आधारित बिजली संयंत्रों को पहले ही चालू कर दिया गया है। इनमें 26 मेगावॉट क्षमता वाली परियोजना राजस्थान के जैसलमेर में, 21 मेगावॉट क्षमता वाली परियोजना तमिलनाडु में और 56.4 मेगावॉट क्षमता वाली परियोजना महाराष्ट्र के सांगली में है। भारतीय रेलवे ने तमिलनाडु, गुजरात, राजस्थान और कर्नाटक में अगले 2 वर्षों में 200 मेगावॉट क्षमता वाले पवन ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने की भी योजना बनाई है।

- रश्मि रंजन

(लेखिका, समसामयिक मुद्दों पर लेखन करती हैं।)

कोरोना की संभावित तीसरी लहर के लिए नहीं छोड़ेंगे कोई कसर

सागर, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान और केन्द्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस तथा इस्पात मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान ने सागर के बीना में भारत ओमान रिफाइनरी के पास 200 बिस्तरों का ऑक्सीजन युक्त अस्थाई कोविड अस्पताल का लोकर्पण एवं ऑक्सीजन बॉटलिंग एवं रीफिलिंग प्लांट का शिलान्यास किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना की संभावित तीसरी लहर के लिये हम कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। इसके लिये अग्रिम रूप से सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। इसी क्रम में बीना में अस्पताल का लोकार्पण किया गया है।

श्री चौहान ने कहा कि यहां अल्प समय में बनाये गये ऑक्सीजन युक्त 200 बिस्तरों के अस्थाई कोविड अस्पताल के निर्माण में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और भारत सरकार के पेट्रोलियम मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान का भरपूर सहयोग रहा है। यह अस्थाई अस्पताल अत्यंत कम समय में विकसित कर सर्व सुविधायुक्त मेडिकल फेसिलिटी का बेहतरीन उदाहरण है। पूर्व में भी श्री प्रधान इस अस्पताल का निरीक्षण करने आये थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना वायरस वेरिएंट बदलता रहता है। दूसरी लहर के वक्त हम सभी ने खतरनाक संक्रमण का सामना किया। भविष्य की किसी भी संभावना को नजरअंदाज न करते हुए हमें हर परिस्थिति के लिए तैयार रहना है। इसके चलते सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि ईश्वर से प्रार्थना है कि इस अस्पताल की आवश्यकता कभी न पड़े, परंतु इस अस्पताल का निर्माण सावधानी के तौर पर किया गया है।

मध्यप्रदेश ऑक्सीजन के मामले में होगा आत्मनिर्भर

मुख्यमंत्री ने कहा कि इसी क्रम में बीना रिफाइनरी के सहयोग से बॉटलिंग एवं रीफ़िलिंग प्लांट का निर्माण किया जा रहा है, जिससे कोरोना संक्रमण के इलाज के लिए आवश्यक ऑक्सीजन उपलब्ध हो सकेगी। साथ ही यहां रीफिलिंग के माध्यम से अन्य जगहों में भी ऑक्सीजन सिलेंडर भेजे जा सकेंगे और मध्यप्रदेश ऑक्सीजन के मामले में होगा आत्मनिर्भर।

श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश में करोना संक्रमण अब नियंत्रण में है। हमें न ही निश्चिंत होना है और न ही सावधानियां छोड़नी हैं। बल्कि लगातार कोविड एप्रोप्रियेट विहेवियर अर्थात कोविड संक्रमण रोकने जैसा व्यवहार अपनाना है, जिसमें मास्क लगाना, सेनेटाइजर अथवा साबुन का इस्तेमाल करना, भीड़ एकत्रित न करना तथा अत्यावश्यक रूप से वैक्सीनेशन कराना शामिल है।

मुख्यमंत्री ने बताए संक्रमण को रोकने के तीन उपाय

श्री चौहान ने कोरोना संक्रमण को रोकने के तीन उपाय बताए। इसमें सरकार, जनता एवं क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी का सक्रिय सहयोग शामिल है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी के सक्रिय सहयोग की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा प्रतिदिन 80 हजार टेस्ट कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कोरोना टेस्ट के बाद पॉजिटिव और संदिग्ध व्यक्तियों को तत्काल कोविड केयर सेंटर में आइसोलेट किया जा रहा है। इसी प्रकार किल कोरोना अभियान में डोर-टू-डोर सर्वे एवं फीवर क्लीनिक के माध्यम से भी संक्रमण पर नियंत्रण बना हुआ है।

प्रदेश का कोविड नियंत्रण मॉडल सम्पूर्ण देश में अनुकरणीय

केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान ने मध्यप्रदेश की पूरी टीम को बधाई देते हुए बताया कि प्रदेश का कोविड नियंत्रण मॉडल सम्पूर्ण देश में अनुकरणीय योग्य है। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में कोरोना संक्रमण तेज़ी से घटना शुरू हुआ और यहां संक्रमण की दर कम होकर 0.46 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि यहां सभी ने मिलकर करोना जैसी विषम परिस्थिति को संभाला और मध्यप्रदेश में जिस सक्रियता से स्थिति संभाली गई वह एक कुशल नेतृत्व एवं संवेदनशीलता को दर्शाती है। यहां शासन ने पूरी ज़िम्मेदारी से कार्य किया। इसके साथ ही क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी की सक्रियता से गाँव, तहसील, विकासखंड और ज़िले स्तर पर जनता को जागरूक कर उनका भी सक्रिय सहयोग सुनिश्चित किया गया।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश ने देश को एक नया मॉडल दिया है, जिसे सम्पूर्ण देश में अपनाया जा सकता है। यहां घर-घर पहुंचकर सर्वे कार्य किया गया और संक्रमण पर काबू पाया गया। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण रोकने के लिए कोरोना वैक्सीनेशन एक कारगर उपाय है। सभी व्यक्तियों को वैक्सीनेशन अवश्य कराना चाहिए। उन्होंने जानकारी दी कि भारत में करीब 100 करोड़ व्यक्तियों को कोरोना का टीका लगना है। इस प्रकार हमें 200 करोड़ डोज़ की आवश्यकता होगी। इसके लिए भारत सरकार, वैज्ञानिकों एवं फार्मा कंपनियों द्वारा लगातार कार्य किया जा रहा है। जून से जुलाई के मध्य तक रोजाना एक करोड़ व्यक्तियों को टीका लगाया जाएगा।

श्री प्रधान ने मुख्यमंत्री श्री चौहान को बधाई देते हुए कहा कि मध्यप्रदेश में क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी ने जिस प्रकार मोर्चा संभाला वह अनुकरणीय है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री का लक्ष्य मार्च 2022 तक मध्यप्रदेश की सम्पूर्ण जनता को टीकाकृत करने का है। केंद्रीय मंत्री श्री प्रधान ने बीना रिफाइनरी के अधिकारियों को भी बधाई दी और बताया कि सागर में ऑक्सीजन सप्लाई एवं रीफिलिंग की कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं थी। बीना रिफाइनरी के सहयोग से यहां ऑक्सीजन बॉटलिंग एवं रिफिलिंग स्टेशन का निर्माण प्रारंभ किया गया है। इससे यहाँ प्रतिदिन 25 टन ऑक्सीजन की क्षमता विकसित की गई है। यहां 64 फिलिंग पॉइंट्स भी बनाए गए हैं, जिनके माध्यम से करीब 2500 से 3 हजार बड़े ऑक्सीजन सिलेंडर भरे जा सकेंगे।

सांसद श्री राज बहादुर सिंह ठाकुर ने कहा कि इस कोविड अस्पताल से सागर के साथ रायसेन, अशोकनगर, विदिशा, कुरवाई के नागरिकों को भी लाभ होगा और इस अस्पताल में वैक्सीनेशन भी आसानी से कराया जा सकेगा।

खेल चर्चा

नीरज चौपड़ा ने लिस्बन में जीता स्वर्ण पदक

लिस्बन, भारत के भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चौपड़ा ने अपने अंतर्राष्ट्रीय सत्र की

शुरुआत लिस्बन में जीत के साथ की है। नीरज ने मीटिंग डी लिस्बोआ टूर्नामेंट में पुरुष भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता है। नीरज ने इस स्पर्धा में 83.18 मीटर दूर भाला फेंका। नीरज ने छठे और अंतिम प्रयास में यह दूरी हासिल की। इस टूर्नामेंट में पुर्तगाल का कोई भी खिलाड़ी 80 मीटर की दूरी तय नहीं कर सका।

टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे स्मिथ

दुबई, ऑस्ट्रेलिया के दिगग्ज बल्लेबाज स्टीव स्मिथ आईसीसी द्वारा जारी टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में पहले स्थान पर पहुंच गये हैं। स्मिथ ने न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियम्सन को पीछे छोड़ कर यह उपलब्धि हासिल की है। टेस्ट रैंकिंग में स्मिथ 891 रेटिंग अंकों के साथ पहले पायदान पर हैं, जबकि विलियम्सन 886 रेटिंग अंकों के साथ दूसरे स्थान पर आ गये हैं। टेस्ट रैंकिंग में विराट कोहली भी आगे बढ़े हैं। रैंकिंग में विराट 814 रेटिंग अंकों के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गये हैं। टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस पहले तथा भारत के रविचंद्रन अश्विन दूसरे स्थान पर काबिज हैं।

दक्षिण अफ्रीका ने पहले टेस्ट मैच में वेस्टइंडीज को हराया

ग्रॉस आईलेट, वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेली जा रही दो मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मैच दक्षिण अफ्रीका ने अपने नाम किया है। दक्षिण अफ्रीका ने यह मैच पारी और 63 रन से जीता। मैच में वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुये पहली पारी में महज 97 रन बनाये। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका ने क्विंटन डिकॉक (141) की शानदार शतकीय पारी और एडेन मार्क्रम (60) की अर्धशतकीय पारी के बदौलत पहली पारी में 322 रन बनाये। वेस्टइंडीज की टीम दूसरी पारी में भी अपना प्रदर्शन सुधार नहीं पाई। वेस्टइंडीज की दूसरी पारी 162 रनों पर सिमट गई। ये वर्ष 2017 के बाद दक्षिण अफ्रीका की विदेशी जमीन पर पहली टेस्ट जीत है। वहीं ये टेस्ट क्रिकेट में वेस्टइंडीज की 200वीं हार है।

प्रीमियर लीग का अगला सत्र 14 अगस्त से होगा शुरू

लंदन, विश्व फुटबॉल की प्रतिष्ठित प्रतियोगिता इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) के वर्ष 2021-22 सत्र की शुरुआत 14 अगस्त से होगी। सत्र का पहला मुकाबला गत विजेता मैनचेस्टर सिटी और टॉटेनहम हॉटस्पुर के बीच खेला जायेगा। इस सत्र में कुल 20 टीमें हिस्सा ले रही हैं, जो आपस में कुल 380 मैच खेलेंगी। इस सत्र का समापन 22 मई 2022 को होगा। मैनचेस्टर यूनाइटेड ने सर्वाधिक 20 बार ईपीएल का खिताब जीता है, जबकि लिवरपूल 19 बार ईपीएल चैंपियन बना है। वहीं पिछले सत्र का खिताब मैनचेस्टर सिटी ने जीता है।

फ्रेंच ओपन

जोकोविच ने दूसरी बार जीता खिताब

पेरिस, सर्बिया के विश्व नंबर वन खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने लाल बजरी पर राफेल नडाल की बादशाहत को खत्म करते हुये फ्रेंच ओपन का खिताब अपने नाम किया है। जोकोविच ने टूर्नामेंट में पुरुष एकल वर्ग के फाइनल में ग्रीस के युवा खिलाड़ी स्टेफानोस सितसिपास को रोमांचक मुकाबले में 6-7, 2-6, 6-3, 6-2, 6-4 से हराया। ये जोकोविच के टेनिस कॅरियर का 19वां ग्रैंड स्लैम एकल खिताब है।

- **जोकोविच ने दूसरी बार जीता है फ्रेंच ओपन, इससे पहले जोकोविच वर्ष 2016 में भी बने थे चैंपियन।**
- **जोकोविच अब रोजर फेडरर और राफेल नडाल के 20-20 ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीतने के रिकॉर्ड से महज एक कदम दूर हैं।**
- **जोकोविच ने इस जीत के साथ दूसरी बार कॅरियर स्लैम पूरा किया है। यह उपलब्धि हासिल करने वाले तीसरे पुरुष खिलाड़ी बने। इससे पहले रॉड लेवर और रॉय इमरसन भी दो बार कॅरियर स्लैम पूरा कर चुके हैं।**
- **क्रेजिकोवा वर्ष 2000 के बाद फ्रेंच ओपन में दोहरे खिताब जीतने वाली पहली महिला खिलाड़ी बन गई हैं।**
- **मेरी पियर्स ने वर्ष 2000 में फ्रेंच ओपन में जीते थे दोहरे खिताब।**

सितसिपास से मिली कड़ी टक्कर

जोकोविच ने सेमीफाइनल में क्ले कोर्ट के बादशाह राफेल नडाल को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। फाइनल में जोकोविच की आसान जीत की उम्मीद की जा रही थी, लेकिन सितसिपास ने अपने प्रदर्शन से सभी को हैरत में डाल दिया। मैच के पहले सेट में दोनों खिलाड़ियों ने बढ़िया प्रदर्शन किया। पहला सेट बराबर रहने के बाद सेट का फैसला टाईब्रेकर में हुआ। सितसिपास ने टाईब्रेकर में सेट अपने नाम किया। दूसरे सेट में सितसिपास ने जोकोविच को वापसी का कोई मौका नहीं दिया और आसानी से 6-2 से जीत कर मैच अपनी बढ़त मजबूत कर ली। मैच के तीसरे सेट में जोकोविच ने अपने चिरपरिचित अंदाज में पलटवार किया और सेट 6-3 से अपने नाम किया। चौथे सेट में भी जोकोविच ने सितसिपास की कड़ी चुनौती के बावजूद जीत दर्ज कर मैच को निर्णायक सेट में पहुंचा दिया। पांचवें सेट में सितसिपास अंत तक टिक नहीं पाये। जोकोविच ने यह सेट 6-4 से अपने नाम कर खिताब पर कब्जा जमाया।

क्रेजिकोवा ने जीते दोहरे खिताब

फ्रेंच ओपन में चेक गणराज्य की महिला टेनिस खिलाड़ी बारबोरा क्रेजिकोवा ने दोहरे खिताब जीते हैं। क्रेजिकोवा महिला एकल और महिला युगल वर्ग में चैंपियन बनी हैं। क्रेजिकोवा ने महिला एकल वर्ग के फाइनल में रूस की अनास्तासिया पाव्लूचेंकोवा को 6-1, 2-6, 6-4 से हराया। इसके अलावा महिला युगल वर्ग फाइनल में बारबोरा क्रेजिकोवा ने अपनी हमवतन जोड़ीदार कैटरीना सिनियाकोवा के साथ मिलकर अमेरिका की वैथेनी माटेक और पोलैंड की ईगा स्वितेक की जोड़ी को 6-4, 6-2 से हराया। टूर्नामेंट में पुरुष युगल वर्ग का खिताब पियरे ह्यूज हर्बर्ट और निकोलस माहुत की जोड़ी ने जीता, वहीं मिश्रित युगल वर्ग का खिताब डेसिरे क्रॉजिक और जोए सेलिसबरी की जोड़ी ने जीता।

श्रीलंका दौरे पर भारतीय टीम के प्रबंधक होंगे असनानी

मुंबई, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने पूर्व अंतर्राष्ट्रीय अंपायर सुधीर असनानी को आगामी श्रीलंका दौरे के लिये भारतीय क्रिकेट टीम का प्रबंधक नियुक्त किया गया है। भारतीय टीम के श्रीलंका दौरे की शुरुआत 13 जुलाई से होगी। सुधीर आईसीसी के पैनल अंपायर रह चुके हैं। उन्होंने 10 अंतर्राष्ट्रीय वन-डे मैचों में बतौर फील्ड अंपायर और 13 वन-डे मैचों में टी.वी. अंपायर की भूमिका निभाई है। इसके अलावा सुधीर 66 आईपीएल मैचों और 108 प्रथम श्रेणी मैचों में अंपायर रह चुके हैं।

आईसीसी टेस्ट चैंपियनशिप की इनामी राशि घोषित

दुबई, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबले से पहले इसकी इनामी राशि की घोषणा की है। आईसीसी के अनुसार विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब जीतने वाली टीम को 16 लाख डॉलर (लगभग 12 करोड़ रुपये) तथा चैंपियनशिप की उपविजेता को 8 लाख डॉलर (लगभग 6 करोड़ रुपये) पुरस्कार स्वरूप दिये जायेंगे। अगर फाइनल मुकाबला ड्रॉ या टाई रहता है, तो इनामी राशि दोनों टीमों में बराबर बांटी जायेगी। आईसीसी ने कहा कि टेस्ट चैंपियनशिप में हिस्सा लेने वाली सभी नौ टीमों को पुरस्कार राशि दी जायेगी। चैंपियनशिप में तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम को 4.5 लाख डॉलर, चौथे स्थान पर रहने वाली टीम को 3.5 लाख डॉलर तथा पांचवें स्थान पर रहने वाली टीम को दो लाख डॉलर बतौर इनाम मिलेंगे, वहीं अंतिम चार टीमों को एक-एक लाख डॉलर का पुरस्कार दिया जायेगा।

मुशफिकुर और कैथरीन बनीं आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ

दुबई, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मई 2021 के लिये आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड घोषित कर दिये हैं। बांग्लादेश के अनुभवी बल्लेबाज मुशफिकुर रहीम को पुरुष वर्ग में प्लेयर ऑफ द मंथ चुना गया है, जबकि स्कॉटलैंड की ऑलराउंडर कैथरीन ब्राइस को महिला वर्ग में प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार मिला है।

श्रीलंका के खिलाफ मुशफिकुर का शानदार प्रदर्शन

मुशफिकुर रहीम ने प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड की दौड़ में पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हसन अली और श्रीलंका के युवा गेंदबाज प्रवीण जयविक्रमा को पीछे छोड़ा। मई माह में हसन अली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तथा जयविक्रमा ने बांग्लादेश के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया था। लेकिन मुशफिकुर का प्रदर्शन इन दोनों खिलाड़ियों से काफी बेहतर रहा। मुशफिकुर के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर बांग्लादेश ने श्रीलंका के खिलाफ पहली बार वन-डे सीरीज जीतने का कारनामा किया। मुशफिकुर ने तीन मैचों की वन-डे सीरीज में एक शतक और एक अर्धशतक सहित कुल 237 रन बनाये थे।

अवॉर्ड जीतने वाली पहली एसोसिएट खिलाड़ी हैं ब्राइस

स्कॉटलैंड की ऑलराउंडर कैथरीन ब्राइस आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ का अवॉर्ड जीतने वाली एसोसिएट देशों की पहली खिलाड़ी हैं। ब्राइस ने हाल ही में आयरलैंड के खिलाफ ट्वेंटी-20 सीरीज में शानदार प्रदर्शन करते हुये 4 मैचों में 96 रन बनाये और 5 विकेट लिये थे। मई महीने में आईसीसी बूमेन प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड के लिये कैथरीन ब्राइस के अलावा आयरलैंड की गैबी लुईस और लीह पॉल को भी नामांकित किया गया था।

आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल हुए वीनू मांकड़

दुबई, भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व ऑलराउंडर वीनू मांकड़ को आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया है। आईसीसी द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार मांकड़ सहित 10 लोगों को हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया है। आईसीसी के अनुसार इस हॉल ऑफ फेम में क्रिकेट के शुरुआती समय से पांच युगों के दो-दो खिलाड़ियों को जगह दी गई है।

आईसीसी ने कहा कि हॉल ऑफ फेम में शामिल किये जाने वाले खेल के 10 दिग्गजों ने टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल खिलाड़ियों की कुल संख्या 103 हो गई है। आईसीसी ने कहा कि प्रारंभिक दौर (वर्ष 1918 से पूर्व) के लिये ऑब्रे फॉल्कनर और मॉर्टी नोबेल, वर्ष 1918 से 1945 के दौर के लिये लीरी कॉन्सटेंटाइन और स्टेन मैक्केवे, वर्ष 1946 से 1970 दौरे के लिये वीनू मांकड़ और टेड डेक्सटर, वर्ष 1971 से 1995 दौर के लिये डेसमंड हेन्स और वॉव विलिस तथा वर्ष 1996 से 2016 दौरे के लिये कुमार संगाकारा और एंडी फ्लॉवर को हॉल ऑफ फेम में जगह दी गई है।

हॉल ऑफ फेम में जगह बनाने वाले सातवें भारतीय

वीनू मांकड़ आईसीसी हॉल ऑफ फेम में जगह बनाने वाले सातवें भारतीय खिलाड़ी हैं। मांकड़ से पहले सुनील गावस्कर, बिशन सिंह बेदी, कपिल देव, अनिल कुंबले, राहुल द्रविड़ और सचिन तेंदुलकर भी इस प्रतिष्ठित सूची में जगह बना चुके हैं। वीनू मांकड़ की गिनती भारतीय क्रिकेट के महानतम ऑलराउंडरों में होती है। मांकड़ ने भारत के लिये 44 टेस्ट मैच खेले हैं। इन मैचों में उन्होंने 31.47 की औसत से 2109 रन बनाये और 162 विकेट लिये हैं।

इंग्लैंड में

न्यूजीलैंड ने 22 साल बाद जीती टेस्ट सीरीज

बर्मिंघम, न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के बीच बर्मिंघम में खेले गये टेस्ट सीरीज के दूसरे टेस्ट मैच में न्यूजीलैंड ने मेजबान टीम को 8 विकेट से शिकस्त दी। इस जीत के साथ न्यूजीलैंड ने दो मैचों की टेस्ट सीरीज को 1-0 से अपने नाम किया। इंग्लैंड की धरती पर न्यूजीलैंड ने 22 साल बाद टेस्ट सीरीज जीती है। इस सीरीज का पहला टेस्ट ड्रॉ रहा था।

दूसरे टेस्ट मैच में इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुये पहली पारी में 303 रन बनाये। इंग्लैंड के लिये रोरी बर्न्स और डेन लॉरेंस ने 81-81 रनों की पारी खेली। इसके जवाब में न्यूजीलैंड की टीम ने पहली पारी में 388 रन बनाये और 85 रनों की बढ़त हासिल की। न्यूजीलैंड के लिये विल यंग ने 82 रन तथा डेवोन कोन्वेय और रॉस टेलर ने 80-80 रनों की पारी खेली। इंग्लैंड की टीम ने दूसरी पारी में बेहद

निराशाजनक प्रदर्शन किया। इंग्लिश टीम दूसरी पारी में महज 122 रन ही बना सकी। न्यूजीलैंड को जीत के लिये 38 रनों का लक्ष्य मिला जिसे टीम ने 2 विकेट खोकर हासिल कर लिया।

टेस्ट रैंकिंग में नंबर वन टीम बनी न्यूजीलैंड

इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में मिली जीत का फायदा न्यूजीलैंड को आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में भी मिला। न्यूजीलैंड की टीम अब आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में पहले पायदान पर आ गई है। सीरीज जीतने से न्यूजीलैंड के अब 123 रेटिंग अंक हो गये हैं, जबकि रैंकिंग में पहले स्थान पर काबिज भारतीय टीम 121 रेटिंग अंक के साथ दूसरे स्थान पर आ गई है।

एंडरसन ने हासिल किया नया मुकाम

इंग्लैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने टेस्ट क्रिकेट में नया मुकाम हासिल किया है। एंडरसन इंग्लैंड के लिये सबसे ज्यादा टेस्ट मैच खेलने वाले खिलाड़ी बन गये हैं। इस मामले में एंडरसन ने पूर्व कप्तान एलिस्टर कुक का रिकॉर्ड तोड़ा है। कुक ने 161 टेस्ट मैच खेले हैं, जबकि एंडरसन ने 162 टेस्ट मैच खेले हैं।

- **न्यूजीलैंड ने इससे पहले वर्ष 1986 और 1999 में इंग्लैंड को उसी के घर में हराया था।**
- **इंग्लैंड की टीम वर्ष 2014 के बाद पहली बार अपने घर में टेस्ट सीरीज हारी है।**

टोक्यो ओलिंपिक

कोरोना संक्रमित होने पर भी अयोग्य नहीं होंगे एथलीट

टोक्यो, अंतर्राष्ट्रीय ओलिंपिक समिति (आईओसी) के खेल निदेशक किट मैक्कोनेल ने ओलिंपिक खेलों की नियम पुस्तिका 'प्लेबुक' का तीसरा और अंतिम संस्करण जारी किया है। इस अवसर पर मैक्कोलेन ने कहा कि ओलिंपिक खेलों के दौरान यदि कोई खिलाड़ी कोरोना संक्रमित पाया जाता है, तो उसे स्पर्धा से बाहर नहीं किया जायेगा, वह अपनी जगह का हकदार होगा। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमित होने पर संक्रमित खिलाड़ी को रिप्लेस किया जायेगा। अगर वह खिलाड़ी पदक की दौड़ में है, तो उसे पदक भी दिया जायेगा। कोई खिलाड़ी यदि कोरोना के चलते स्पर्धा में भाग नहीं ले सकता है, तो उसके नाम के सामने अयोग्य की जगह डिड नॉट स्टार्ट लिखा जायेगा।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गुगल से साभार)

सामयिकी

रूस अक्टूबर में 36 वनवेब उपग्रहों का प्रक्षेपण करेगा

रूस के प्रस्तावित चंद्र मिशन 'लूना-25' के प्रक्षेपण में अगर देरी हुई तो वह इस वर्ष अक्टूबर में वोस्तोचनी स्पेसपोर्ट से 36 वनवेब उपग्रहों का प्रक्षेपण करेगा। अगर 'लूना-25' का प्रक्षेपण अक्टूबर 2021 की जगह मई 2022 में किया जाता है, तो सात अक्टूबर को वोस्तोचन स्पेस स्टेशन से सोयुज-2.1 बी रॉकेट के जरिए 36 वनवेब उपग्रहों को प्रक्षेपित किया जाएगा। इससे पहले अंतरिक्ष उद्योग सूत्र ने बताया था कि इस वर्ष एक जुलाई को रूसी सोयुज-2.1 बी रॉकेट के जरिये ब्रिटिश वनवेब संचार उपग्रहों के प्रक्षेपण की योजना बनाई गई है।

जी-7 शिखर सम्मेलन

प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिग के जरिये दिया 'वन अर्थ-वन हेल्थ' का मंत्र

कोरोना काल के दौरान शुरू हुई जी-7 की बैठक को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 12 जून को संबोधित किया। ब्रिटेन में चल रही बैठक को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संबोधित करते हुए श्री मोदी ने 'वन अर्थ, वन हेल्थ' का मंत्र दिया। इस दौरान जर्मनी की चांसलर एंजेला मर्केल ने श्री मोदी की बातों का समर्थन किया।

इससे पहले जी-7 देशों के नेताओं ने गरीब देशों में इंफ्रास्ट्रक्चर सुधारने के लिए एक योजना सामने रखी। ये योजना चीन के 'वन बेल्ट वन रोड' प्रोजेक्ट के खिलाफ लायी गयी है। यह योजना अमेरिका के नेतृत्व में चलेगी। प्रस्ताव को बिल्ड बैक बेटर वर्ल्ड बी-3 डब्ल्यू नाम दिया गया है।

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने 2013 में 'वन बेल्ट वन रोड' प्रोजेक्ट की

शुरुआत की थी। इस प्रोजेक्ट के जरिए चीन अपनी कनेक्टिविटी सीधे यूरोप तक बनाना चाहता है।

कई देशों को लोन देकर चीन ने उन्हें अपने प्रोजेक्ट में शामिल कर लिया है। जी-7 देशों के नेताओं ने आने वाली महामारी से 100 दिनों के अंदर निपटने की योजना बनाई है। इस प्रस्ताव पर जल्द मंजूरी मिल सकती है। इसे कार्विस बे डिक्लेरेशन नाम दिया गया है। ब्रिटेन ने बयान जारी कर कहा कि जी-7 देशों के नेताओं ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने श्री नरेन्द्र मोदी को भी इसमें शामिल होने का न्योता दिया था, लेकिन देश में बढ़ते कोरोना केस के बाद उन्होंने ब्रिटेन न जाने का फैसला लिया था। दो साल में यह पहला मौका है, जब दुनिया की सात बड़ी आर्थिक शक्तियों के नेता एक साथ एक मंच पर नजर आए। चीन और रूस अलग-अलग वजहों से जी-7 का हिस्सा नहीं हैं। जी-7 में शामिल देशों के मंत्री और अफसर पूरे साल बैठक करते रहते हैं। इस बार भारत के अलावा रिपब्लिक ऑफ कोरिया और दक्षिण अफ्रीका को भी बतौर मेहमान देश के तौर पर आमंत्रित किया गया था।

भारत के साथ रणनीतिक रिश्ता बनाएगा इजरायल

इजरायल के नए प्रधानमंत्री नफ्ताली बेनेट ने भारत के साथ गर्मजोशी भरा रिश्ता

बरकरार रखने की इच्छा जताई है। उन्होंने कहा है कि उनकी सरकार भारत के साथ उन्नत रणनीतिक संबंध स्थापित करने के लिए कार्य करेगी। सरकार में बेनेट के नजदीकी सहयोगी और विदेश मंत्री येर लैपिड ने भी भारत के साथ बेहतर संबंधों पर जोर दिया है। इस बीच प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने बेनेट को प्रधानमंत्री बनने के लिए बधाई दी है और उम्मीद जताई है कि दोनों देशों के संबंध सहयोग की नई ऊंचाइयों को छुएंगे। इससे पहले विदेश मंत्री श्री एस. जयशंकर के बधाई संदेश के जवाब में उनके इजरायली समकक्ष लैपिड ने नए रणनीतिक संबंधों की बात कही और श्री जयशंकर को निकट भविष्य में इजरायल की यात्रा का न्यौता दिया। उल्लेखनीय है कि लैपिड येर आतिद पार्टी के प्रमुख हैं।

बारह साल बाद नेतन्याहू की विदाई, बेनेट बने पीएम

इजरायल में 12 साल बाद बेंजामिन नेतन्याहू की विदाई हो गई। नफ्ताली बेनेट (49) नए प्रधानमंत्री बन गए। इजरायल की संसद ने बेनेट के नेतृत्व में 8 दलों की नई गठबंधन सरकार पर मुहर लगा दी। संसद के हंगामेदार सत्र में नई सरकार ने 60-59 बहुमत से विश्वास मत हासिल किया। पूर्व रक्षा मंत्री और टेक उद्यमी बेनेट दो साल तक पीएम रहेंगे। इसके बाद गठबंधन के साथी येर लैपिड पीएम बनेंगे।

वियतनाम में फाइजर की कोविड वैक्सीन के आपात इस्तेमाल की मंजूरी

वियतनाम के स्वास्थ्य मंत्रालय ने फाइजर/बायोएनटेक की कोरोना वायरस वैक्सीन के आपात इस्तेमाल की मंजूरी दे दी है। सरकार के ऑनलाइन समाचार पोर्टल ने यह रिपोर्ट दी।

सरकार द्वारा अनुमोदित कोरोना वैक्सीन की यह चौथी दवा है। अधिकारियों ने इससे पहले रूस की स्पुतनिक-वी, ब्रिटेन की एस्ट्राजेनेका तथा चीन के सिनोफार्म कोविड-19 टीकों के इस्तेमाल को मंजूरी दी थी। न्यूज पोर्टल के अनुसार देश में दवा की एक्सक्लूसिव डिस्ट्रीब्यूटर फाइजर वियतनाम कंपनी की सिफारिश पर दवा की मंजूरी दी गई है। वैक्सीन की खुराक बेल्जियम स्थित फाइजर के संयंत्र और जर्मनी में बायोएनटेक के कारखाने के जरिये आयात की जाएगी। सरकार ने इस वर्ष आखिर तक देश की 70 प्रतिशत आबादी को कोरोना का टीका लगाने की योजना बनाई है। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए कम से कम 15 करोड़ खुराक की आवश्यकता है।

उत्तर कोरिया

किम जोंग ने किया सेना की युद्धक क्षमता बढ़ाने का ऐलान

उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन ने अपने देश की सेना की युद्धक क्षमता को बढ़ाने का ऐलान किया है। वर्कर्स पार्टी ऑफ कोरिया (डब्ल्यूपीके) के अंतर्गत काम करने वाली सेंट्रल मिलिट्री कमीशन की दूसरी बैठक में शामिल हुए किम जोंग उन ने कोरियाई प्रायद्वीप के रणनीतिक हालात की जानकारी ली। सेंट्रल मिलिट्री कमीशन उत्तर कोरिया के सबसे शक्तिशाली निकायों में से एक है। उत्तर कोरिया की सुरक्षा व सेना के तीनों अंगों के संचालन की जिम्मेदारी इसी के पास है। बैठक के बाद कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने बताया कि, किम जोंग उन ने सेना की युद्ध क्षमता को बढ़ाने के स्पष्ट निर्देश दिए हैं।

इस बैठक में वर्कर्स पार्टी ऑफ कोरिया के केंद्रीय सैन्य आयोग के सदस्यों के अलावा नॉर्थ कोरियन पीपुल्स आर्मी के एक्जिक्यूटिव मेंबर्स भी शामिल हुए। इस बैठक में देश और दुनियाभर की रणनीतिक स्थिति से जुड़ी हालिया घटनाओं की चर्चा की गई। एजेंसी ने बताया, किम जोंग उन ने रणनीतिक उद्देश्यों को निर्धारित करने और उन्हें मजबूत करने के तरीकों पर फैसला करने से पहले उत्तर कोरियाई सेना की स्थिति और प्रभावशीलता के बारे में जानकारी ली। किम जोंग ने कहा, पीपुल्स आर्मी को देश की संप्रभुता और सुरक्षा के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। इतना ही नहीं, सेना को पार्टी, क्रांतिकारी कार्य, राज्य और लोगों के हितों और समाजवादी निर्माण की रक्षा भी करनी चाहिए।

किम ने कुछ माह पहले ही अपनी सेना को किसी भी समय परमाणु मिसाइलों को लॉन्च करने के लिए तैयार रहने का आदेश दिया था। दक्षिण कोरिया के एनके न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, यह आदेश उत्तर कोरिया के संस्थापक किम इल-सुंग के जन्मदिन के मौके पर जारी किया गया था। इस दिन उत्तर कोरिया में सार्वजनिक अवकाश रहता है और लोग सन फेस्टिवल मनाते हैं।

कुवैत में भारतीय घरेलू कामगारों को मिलेगा कानून का संरक्षण

भारत और कुवैत ने एक सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके तहत भारतीय घरेलू कामगारों को एक कानूनी ढांचे के दायरे में लाकर उनकी भर्ती को सुव्यवस्थित करते हुए कानून का संरक्षण प्रदान किया जाएगा।

विदेश मंत्री श्री एस. जयशंकर और कुवैत के उनके समकक्ष शेख अहमद नसर अल-मोहम्मद अल-सबा की मौजूदगी में भारतीय राजदूत सिबी जॉर्ज और कुवैत के उप विदेश मंत्री ने इस सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए।

श्री एस. जयशंकर तेल समृद्ध खाड़ी देश कुवैत की पहली द्विपक्षीय यात्रा पर गए थे। भारतीय दूतावास द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई है। सहमति पत्र में कहा गया है कि भारतीय घरेलू कामगारों को एक कानूनी ढांचे के दायरे में लाकर उनकी भर्ती को सुव्यवस्थित करते हुए कानून का संरक्षण प्रदान किया जाएगा।

दोनों मंत्रियों ने सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किये जाने का स्वागत किया, जिसके तहत नियोक्ता और घरेलू कामगारों दोनों के अधिकारों और दायित्वों को सुनिश्चित करते हुए रोज़गार अनुबंध पेश किया जाएगा।

सहमति पत्र के अनुसार घरेलू कामगारों की 24 घंटे सहायता के लिए एक तंत्र स्थापित करने का प्रयास किया जाएगा।

- **भारत कुवैत के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों में से एक है और कुवैत भारत के लिए तेल का एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता है।**
- **कुवैत में 10 लाख से ज्यादा भारतीय रहते हैं।**
- **श्री जयशंकर ने कुवैत के प्रधानमंत्री शेख सबा खालिद अल-हमाद उल-सबा से मुलाकात की, इस दौरान उन्होंने उन्हें कुवैत के अमीर शेख नवाफ अल-अहमद अल-जाबिर अल-सबा के लिए श्री प्रधानमंत्री मोदी द्वारा भेजा गया निजी पत्र सौंपा।**

इसमें आवधिक समीक्षा और मूल्यांकन के लिए एक संयुक्त समिति के गठन की बात कही गई है, जो सहमति पत्र के कार्यान्वयन को लेकर वार्षिक बैठकें आयोजित करेगी।

ब्रिटेन 2022 के आखिर तक वैक्सीन की एक अरब डोज मुहैया कराएगा : जॉनसन

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने कॉर्नवाल में जी-7 शिखर सम्मेलन के समापन पर कहा कि दुनिया के नेताओं ने अगले साल के अंत तक गरीब देशों को कोविड-19 रोधी टीकों की एक अरब खुराकें मुहैया कराने का संकल्प जताया है। जी-7 के सम्मेलन में ब्रिटेन, अमेरिका, कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान के अलावा मेहमान देश के तौर पर दक्षिण कोरिया, दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और भारत ने डिजिटल माध्यम से शिरकत की।

टीकों के मामलों में बौद्धिक संपदा के नियमों में छूट मिले

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों ने टीकों और इसके कंपोनेंट के निर्यात पर प्रतिबंध की ओर ध्यान दिलाया। उन्होंने कहा, 'इन पाबंदियों का भारत जैसे देशों में कोरोना टीकों के उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। इन पर ढील देने की जरूरत है।

सम्मेलन पर छाए ब्रिटेन और ईयू के बीच विवाद के बादल

ब्रेग्जिट के बाद ब्रिटेन और यूरोपीय संघ (ईयू) की बीच तनाव बढ़ने के साथ ही ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने जी-7 सम्मेलन से इतर जर्मन चांसलर एंजेला मर्केल और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों के साथ बैठकें कीं।

जनता ने कहा, जलवायु कोष में मदद करें जी-7 देश

जी-7 देशों की जनता चाहती है कि ये देश गरीब और विकासशील देशों की

जीवाश्म ईंधन से निर्भरता कम करने के लिए वैश्विक जलवायु कोष में 100 अरब डालर की राशि उपलब्ध कराएं। एक थिंक टैंक ई3जी और यू गव के सर्वेक्षण में यह बात सामने आई है। जी-7 देशों में अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रांस, इटली, जापान और कनाडा शामिल हैं।

करीब 50 फीसदी लोग चाहते हैं कि उनकी सरकार अपनी प्रतिज्ञा पर कायम रहे, जबकि केवल 29 फीसदी को लगता है कि परिस्थितियां पर्याप्त रूप से बदल गई हैं और उनकी सरकार को अपनी प्रतिज्ञा को तोड़ देना चाहिए। यह सर्वेक्षण 11-13 जून के मध्य जी-7 देशों की बैठक के मद्देनजर किया गया था। जी-7 देशों में 51 फीसदी लोग कहते हैं कि जलवायु परिवर्तन हम सभी को प्रभावित करता है, यह मेरे देश के हित में है कि गरीब देशों को स्वच्छ ऊर्जा में परिवर्तन करने में मदद करें, 34 फीसदी का कहना है कि उनकी सरकार को केवल अपने लोगों और देश पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। रिपोर्ट के अनुसार 43 फीसदी लोग सोचते हैं कि अगर इनकी बजाय रूस या चीन ने कदम बढ़ाए और इन गरीब देशों की मदद की तो इससे उनके देश की शक्ति और विदेशों में प्रभाव को नुकसान होगा।

अमेरिका का 50 करोड़ डोज दान करना नाकाफी

भारतीय मूल के अमेरिकी सांसद राजा कृष्णामूर्ति ने कहा है कि दुनिया को कोरोनारोधी टीके की 50 करोड़ खुराक देना काफी नहीं है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन को कोरोना के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में और अधिक टीके दान करने पर विचार करना चहिए।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

अहंकार सफलता और संतुष्टि दोनों का दुश्मन है, इस पर कड़ी नजर बनाये रखना जरूरी है – रेयॉन हॉलीडे

श्री नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

मध्यप्रदेश शासन

श्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री

'एमपी अनमोल' एप द्वारा

अब उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की ट्रेकिंग संभव

प्रसव पूर्व जांच में गुणवत्ता की नई पहल

भारत सरकार द्वारा निर्मित "अनमोल एप" में आवश्यक संशोधन कर विभाग द्वारा नवीन एप "एमपीअनमोल" बनाया गया है जिसकी सहायता से उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की ट्रेकिंग संभव हो रही है।

आत्मनिर्भर भारत अंतर्गत शत प्रतिशत संपूर्ण एएनसी जांच को सम्मिलित किया गया है।

M.P. Madhyam/101038/R-45602/2021

NATIONAL HEALTH MISSION

लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, विभाग मध्यप्रदेश

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक डॉ. सुदाम खाड़े, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं डी.बी. कार्प द्वारा दैनिक भास्कर, प्लाट नंबर-10, सेक्टर-बी, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।